धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

17.10.2023

नगर संस्करण । पेज : 12

आश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 97 | khabarmantra.net

### चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढा
चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं
चंद्रघण्टेति विश्रुता।।

मां दुर्गा की नव शक्तियों का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा है। चंद्रः घण्टायी यस्याः सा- आह्लादकारी चंद्रमा जिनकी घंटा में स्थित हो, उन देवी का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि-उपासना में तीसरे दिन इनके विग्रह की पूजा होती है। इनका स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है और इनके दस हाथ हैं। मां के दसों हाथों में खडग, शस्त्र और बाणी आदि अस्त्र विभूषित हैं। इन्हें खीर अर्पण करसभी पीड़ाओं को दूर किया जा सकता है।

## 827 शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र, जे गुरुजी एप किया लांच, कहा

# हर हाल में बनायेंगे विकसित झारखंड

### और क्या बोले सीएम

- सरकारी स्कूलों के बच्चे भी एप से करेंगे पढ़ाई
- विकास को नया आयाम देने का हो रहा प्रयास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन कहना है कि विकसित झारखंड बनाने के सपना हर हाल में पूरा करेंगे। इसके लिए आप शिक्षकों समेत सभी लोगों की मदद भी सरकार को चाहिए। बच्चों का भविष्य संवारने में शिक्षकों की अहम भूमिका है। शिक्षकों की लगातार बहाली से स्कूलों की दश भी सुधर रही है। आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है, ऐसे में सरकारी विद्यालयों के बच्चे पीछे नहीं रह जायें। इसी को ध्यान में रखकर सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर अपग्रेड किया जा रहा है। राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है, जो चलती रहेगी। श्री सोरेन सोमवार को डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित स्नातक प्रशिक्षित 827 शिक्षकों में से 24 शिक्षकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही उम्मीद है कि एक शिक्षक के रूप में आप बच्चों का भविष्य संवारने के साथ राज्य के विकास में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। इस मौके पर सीएम ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार जे गुरुजी एप्प भी लांच किया। इसके माध्यम से बच्चे अपने घर में भी पढ़ाई कर सकेंगे।

**हमने नियुक्ति नियमावली भी बनायी**

सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इतने समय तक झारखंड के लोगों को सिर्फ ठगा। झारखंड बने दो दशक से ज्यादा समय बीत गये, पर नियुक्ति नियमावली नहीं बन सकी थी। पहले जो भी नियुक्तियां हुई, वह विवादों के घेरे में आती रही। नियुक्तियों में तो विलंब हुआ ही। साथ ही, भ्रष्टाचार की बातें लगातार सामने आयी। हमारी सरकार ने पहली बार नियुक्ति नियमावली बनाकर विभिन्न विभागों में खाली पदों पर नियुक्तियां कर रही है। जेपीएससी का रिजल्ट रिकॉर्ड समय में जारी हुआ और इसमें 32 ऐसे अधिकारी बने, जो बीपीएल श्रेणी से आते हैं। जेपीएससी की परीक्षा में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरती गई और कहीं कोई विवाद पैदा नहीं हुआ।

**नियुक्ति प्रक्रिया जारी रहेगी**

सीएम ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। आगे भी चलती रहेगी। इसी कड़ी में आपके बीच नियुक्ति पत्र बंट रहा है। डॉक्टर, इंजीनियर, पशु चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, पंचायत सचिव, नर्स और लिपिक के पदों पर नियुक्ति हो चुकी है। वहीं, रोजगार मेला लगाकर निजी संस्थानों और कंपनियों में भी लगभग 34 हजार नौजवानों को ऑफर लेटर मिल चुका है। सरकार का प्रयास है कि यहां के नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा कर सकें।

### जन भावनाओं के अनुरूप काम कर रही सरकार

सीएम ने कहा कि उनकी सरकार जन भावनाओं के अनुरूप पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। राज्य की जनता को विकास की कड़ियों से जोड़ा जा रहा है। गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा, किसान, मजदूर समेत हर वर्ग और तबके के लोगों के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है उसे पर पूरा भी करती है। मैं यह तो दावा नहीं करता कि राज्य की सारी समस्याओं का समाधान हो गया है, लेकिन, इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। जनता की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता के तौर पर दूर किया जा रहा है।

- जनता को विकास की कड़ियों से जोड़ रही महागठबंधन सरकार
- निजी क्षेत्र में भी युवाओं को रोजगार दे रही है झारखंड सरकार



### जे गुरुजी एप

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार जी गुरुजी एप्प को लांच किया। इस एप के जरिये राज्य के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी डिजिटल कंटेंट के साथ ऑडियो वीडियो माध्यम से विद्यालय के अलावा अपने घर में भी पढ़ाई कर सकते हैं। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव के रवि कुमार, प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा, एसपीडी निदेशक किरण पासी और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

### न्यूज डायरी

**कल होगी झारखंड कैबिनेट की बैठक**

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 18 अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में जनहित के कई निर्णय लिये जायेंगे। राज्य कर्मियों को दुर्गा पूजा गिफ्ट के रूप देने के लिए कुछ घोषणाएं की जा सकती है। बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी।

**पलामू में टीएसपीसी का टॉप कमांडर गिरफ्तार**

**पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमेटी के टॉप कमांडर महेश्वर राम को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वो पलामू के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भंवरदह का रहने वाला है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने टीएसपीसी के कमांडर महेश्वर राम की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

**लालू परिवार को कोर्ट से मिली बड़ी राहत**

**नयी दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला केस में राजद अध्यक्ष व पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राज्यसभा सांसद मीसा भारती (लालू परिवार) समेत अन्य आरोपितों को सोमवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में हुई सुनवाई में एक और राहत मिली है। लालू परिवार को अब सुनवाई के लिए कोर्ट नहीं आना होगा। मामले की अगली सुनवाई दो को होगी।

**चतरा : मिक्सर मशीन में लगायी आग**

**चतरा।** वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर-जोरी मुख्य पथ स्थित टंकु होसिल में रंगदारी नहीं मिलने से नाराज असामाजिक तत्वों ने मिक्सर मशीन में आग लगा दी। मशीन को आंशिक क्षति पहुंची है। कंपनी के प्लांट पर कार्यरत मजदूरों को कमरे में बंद कर दो बदमाशों ने गाड़ी में आग लगा दी।

**दो वाहनों में टक्कर, एक महिला की मौत, चालक जख्मी**

**हजारीबाग।** चरही रेलवे ओवरब्रिज के समीप सोमवार दोपहर को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। दो ऑटो चालक भी गंभीर रूप से घायल हैं।

## निरसा में चाल धंसने से दो की मौत

### अवैध खनन के दौरान हादसा, कई मजदूर दबे

- इसीएल मुगमा क्षेत्र के कापासारा आउटसोर्सिंग की बंद खदान में हुआ है हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद में एक बार फिर अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से दो लोगों की मौत हो गयी। हादसा इसीएल मुगमा क्षेत्र के कापासारा आउटसोर्सिंग की एक बंद खदान में हुआ। अवैध कोयला काटने के दौरान चाल धंस जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। दस से बारह लोगों के अब भी उसमें दबे होने की आशंका है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मृतकों की पहचान यमुना राजवंशी (37) और तापस दास (20) के रूप में हुई है। हालांकि अधिकारी इस घटना की पुष्टि करने से मुकर रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा निरसा के इसीएल मुगमा क्षेत्र के कापासारा आउटसोर्सिंग की बंद खदान में हुआ है। सोमवार अहले सुबह कुछ मजदूर अवैध खनन कर रहे थे। इसी दौरान खदान के पास स्थित गर्म खाद नाम के तालाब का सारा पानी आउटसोर्सिंग में समा गया। इधर, इस घटना की जानकारी के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हैं। मौके पर भाजपा नेता प्रदीप बाउरी, समाजसेवी दारा बाउरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि आए दिन यहां पर इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं, जिसमें अबतक कई लोगों की मौत हो चुकी है।

## छवि रंजन ने इडी कोर्ट में दाखिल की जमानत अर्जी

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सोमवार को ईडी कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इससे पहले उन्होंने जमीन घोटाले से जुड़े दूसरे केस में जमानत अर्जी दाखिल की थी। इसे खारिज करते हुये अदालत ने उन्हें बेल देने से इंकार कर दिया था।



दरअसल, ईडी लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रहा है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है। फिलहाल जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है। वह चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है। छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है।

### चांद-सूरज के बाद अंतरिक्ष में एक बार फिर इतिहास रचने की तैयारी

## 21 को लांच होगी गगनयान की पहली उड़ान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 21 अक्टूबर को सुबह सात से नौ बजे के बीच पहला गगन मिशन लांच करेगा। यह मुख्य मिशन से पहले प्रायोगिक मिशन होगा। इसे आंध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया जायेगा। टीवी-डी-1 में क्रू मॉडयूल को अंतरिक्ष में भेजा और वापस लाया जायेगा। इस प्रायोगिक मिशन में गगनयान के अंदर का वातावरण उस तरह नहीं है जिस तरह मानवयुक्त गगनयान का होगा। इसरो की ओर से एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी गयी। इसरो अध्यक्ष ने आगामी अभियानों के बारे में कहा हमारे पास अन्वेषण अभियान हैं। हमारी मंगल, शुक्र के साथ ही चंद्रमा पर फिर जाने की योजना है। हमारे पास पृथ्वी की जलवायु और मौसम के आकलन के लिए भी कार्यक्रम हैं। (शेष पेज 11 पर)

**मानव मिशन की भी है योजना**



इसरो ने 2024 में मानव मिशन गगनयान की योजना तैयार की है। यह भारत का पहला मिशन होगा। तीन दिन के मिशन में 3 सदस्यों के दल को 400 किलोमीटर दूर पृथ्वी की कक्षा में भेजा जायेगा। गगन की लैंडिंग समुद्र में होगी। भारत को भी यह कामयाबी मिलती है तो मानव मिशन को अंजाम देने वाला चौथा देश हो जायेगा। अमरीका, चीन और रूस पहले कर चुके हैं।

## वन भूमि खरीद बिक्री मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव कि जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज, मिनिस्ट्री ऑफ कोल और राज्य सरकार का जवाब कोर्ट में दाखिल नहीं हो सका। कोर्ट ने जवाब दाखिल नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए प्रतिवादियों को जवाब दायर करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने में की सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज और नेशनल मिनिरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को मामले में प्रतिवादी बनाया था। प्रार्थी की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की। (शेष पेज 11 पर)

**कई कंपनियों पर खरीद बिक्री का आरोप**

कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियों और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि को खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है, जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। जिसके बाद कोर्ट ने उक्त प्राइवेट कंपनियो को नोटिस जारी किया था। प्रार्थी की ओर से कोर्ट के समक्ष राज्य के फॉरेस्ट का ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी थी।

## अजन्मे शिशु को मारने की अनुमति नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 26 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की याचिका की खारिज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय की गर्भावस्था समाप्त करने की उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल पूर्ण न्याय के लिए किया जा सकता है, लेकिन इसका इस्तेमाल हर मामले में नहीं किया जाना चाहिए।

पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नयी दिल्ली से कहा कि वह महिला को गर्भावस्था पूरी होने तक जारी रखने के लिए सभी चिकित्सा सहायता और सहायता प्रदान करे। (शेष पेज 11 पर)

**समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम फैसला आज**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने की मांग करने वाली कई याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुनायेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, एस रवींद्र भट, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 11 मई, 2023 को मामले में पक्षों को 10 दिनों तक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## श्यामली के विवान शौर्या को स्टार आर्टिस्ट अवार्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर श्यामली की दूसरी कक्षा के प्रतिभावान छात्र विवान शौर्या (7) ने अंतरास्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उम्र में विश्व की प्रतिष्ठित चित्रकला प्रतियोगिता पिकासो आर्ट कांटेस्ट के क्रिएटिव ब्रिलियंस 2023 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्टार आर्टिस्ट अवार्ड प्राप्त किया है।

इस प्रतियोगिता में 36 देशों से 1200 से अधिक प्रतिभागीओं ने भाग लिया था जिसमे अमेरिका, मलेशिया, कोरिया, इटली, हांगकांग, कनाडा, तुर्की, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, रोमानिया, बुल्गारिया, सायप्रस, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, श्रीलंका, बांग्लादेश एवं अन्य देश शामिल है। जिसमें 6 से 10 वर्ष वाले ग्रुप में 7 वर्षीय विवान ने इस प्रतियोगिता में अपने देश और राज्य का गौरव बढ़ाते हुए ये पुरस्कार प्राप्त किया है। विवान को 100 में से 92 अंक प्राप्त हुए हैं जिसके लिए इन्हें स्टार आर्टिस्ट सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट प्रदान किया गया। (शेष पेज 11 पर)

- क्रिएटिव ब्रिलियंस : 34 देशों के 1200 प्रतिभागी थे शामिल



### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## न राम न रावण फिर भी विश्व प्रसिद्ध है मैसूर का दशहरा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मैसूर का दशहरा ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां पर मेले के दौरान संस्कृति का आनंद का अद्भुत संयोग देखने को मिलता रहा है। इस मेले को देखने के लिए देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लाखों लोग आते हैं। यहां मैसूर मेला राम या रावण को लेकर नहीं बल्कि चामुंडेश्वरी देवी को लेकर मनाया जाता है।

मैसूर का दशहरा पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। दशहरा या विजयादशमी का पर्व पर मैसूर का राज दरबार आम लोगों के लिए खोल दिया जाता है और फिर भव्य जुलूस निकलता है। मैसूर के दशहरे में न तो राम होते हैं और न ही रावण का पुतला जलाया जाता है। यहां यह पर्व मां भगवती के राक्षस महिषासुर का वध करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यहां दशहरा का आयोजन नवरात्रि के पहले दिन से ही शुरू हो जाता है। (शेष पेज 11 पर)

### चामुंडेश्वरी देवी की पूजा से होती है शुरुआत

कर्नाटक के शहर मैसूर में दशहरे का आयोजन दस दिन तक होता है और इस त्योहार में लाखों की तादात में पर्यटक शामिल होते हैं। इस दशहरा को स्थानीय भाषा में दसरा या नबाबबा कहते हैं। इस उत्सव की शुरुआत देवी चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ शुरू होती है। चामुंडेश्वरी देवी की पहली पूजा शाही परिवार करता है। इस पर्व में मैसूर का शाही वोडेयार परिवार समेत पूरा मैसूर शहर शामिल होता है।



**750 किलो के स्वर्ण सिंहासन से नगर भ्रमण पर निकलती हैं माता**

दसवें दिन मनाये जाने वाले उत्सव को जंबू सवारी के नाम से जाना जाता है और इसमें बच्चे बड़े सभी लोग शामिल होते हैं। साथ ही सोने चांदी से सजे हाथियों का काफिला निकलता है और 21 तोपों की सलामी के बाद मैसूर राजमहल से निकलता है। इस दिन सभी की निगाहें गजराज के सुनहरे हौदे पर टिकी होती हैं। इसी हौदे पर चामुंडेश्वरी देवी मैसूर नगर भ्रमण के लिए निकलती हैं और उनके साथ अन्य गजराज भी साथ निकलते हैं। साल भर में यही एक मौका होता है, जब देवी मां 750 किलो के सोने के सिंहासन पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलती हैं।

## यूपी का असर : बिहार पुलिस ने दो अपराधियों को मार गिराया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सिपाही हत्याकांड**

**पटना।** बिहार के वैशाली में एक कॉन्स्टेबल की गोली मार कर हत्या करने वाले दोनों बदमाशों को पुलिस ने वारदात के तीन घंटे के अंदर मार गिराया। सदर एसडीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि दोनों अपराधी पुलिस की हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे थे, जिस वजह से उन पर गोली चलानी पड़ी। एसडीपीओ के अनुसार पुलिस की गोली लगने से घायल दोनों अपराधियों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वैशाली में सिपाही की हत्या कर भाग रहे अपराधियों को पुलिस ने लोगों की मदद से पकड़ा था। दोनों अपराधियों को पकड़कर पुलिस नगर थाना ला रही थी। सराय थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अपराधियों ने पुलिस वाहन से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पकड़ने की काफी कोशिश की लेकिन जब बहुत ज्यादा दूरी हो गयी, तो मजबूरन पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। मृत अपराधी के नाम सत्यप्रकाश और बिट्टू हैं। वे गया जिले के रहने वाले बताये जाते हैं। हालांकि इनमें एक का आधार कार्ड रांची का है। वैशाली एसपी रवि रंजन ने भी मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि की है। (शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले विकास आयुक्त



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को रांची की मेजबानी में आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के 5 नवंबर को होने वाले फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### विहिप ने राज्यपाल से झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने की मांग की



रांची। विहिप का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण से मिलकर झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने और हिंदू मंदिर पर राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 1947 में स्वतंत्रता के बाद हिंदू धर्म को छोड़कर अन्य सभी धार्मिक संस्थायें बिना सरकार के हस्ताक्षर के अपनी संस्था को स्थापित करने और चलने के लिए पूर्णत: स्वतंत्र हैं। राज्यपाल से आग्रह किया कि इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए कार्यकारी तंत्र को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में चंद्रकांत राय, सुनील गुप्ता,डॉ वीरेंद्र साहू, कैलाश केसरी, मितेश्वर मिश्र शामिल थे।

### भ्रष्टाचार में फंसे तत्कालीन डीटीओ को राहत

रांची। राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी और तत्कालीन जिला परिवहन पदाधिकारी उमाशंकर प्रसाद को सरकार ने थोड़ी राहत दी है। उनके खिलाफ लगे आरोपों पर की गयी निगरानी जांच में उन्हें दोष मुक्त पाया गया है। इस आलोक में अब रिटायर अधिकारी की निलंबन अवधि 21 मार्च 2015 से 28 मार्च 2016 को विनियमित किया गया है। हालांकि इस अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ नहीं दिया जायेगा परंतु पेंशन प्रयोजन में इस अवधि की गणना होगी। बता दें कि उमाशंकर प्रसाद द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर ड्राइविंग लाइसेंस, स्मार्ट कार्ड, वाहन निबंधन एवं वाहन टैक्स में सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों का सहयोग करने का आरोप है।

### गबन के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

रांची। जमशेदपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की बिष्टुपुर शाखा से मार्च 2011 में ही व्यापार बढ़ाने के नाम पर 10 करोड़ रुपये का चूना लगाने वाले आरोपी साहिद खान की जमानत अर्जी को सीबीआई की विशेष अदालत ने सोमवार को खारिज कर दी। अदालत में 14 अक्टूबर को अलग-अलग तीन जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। बैंक लोन फर्जीवाड़ा को लेकर सीबीआई ने पंजाब नेशनल बैंक रांची के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक विमल कुमार शर्मा की शिकायत पर साल 2015 में प्राथमिकी दर्ज की थी।

### बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंचीं अमीषा पटेल



**आरोपी अभिनेत्री ने सीआरपीसी की धारा 311 के तहत पिटीशन दाखिल की**

रांची। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस केस में सिविल कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ला की कोर्ट में अमीषा पटेल की ओर से सीआरपीसी की धारा-311 के तहत पिटीशन दाखिल की गयी। अमीषा पटेल की ओर से पहले गवाह अजय सिंह उर्फ तिंकु सिंह को दोबारा बुलाने का आग्रह किया गया था। उम्मीद जतायी जा रही थी कि सोमवार की सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करवायेंगी लेकिन, वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुई।

### 12 दिसंबर तक सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार



रांची। ग्यारह अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर प्रार्थी की ओर से प्रतिउत्तर देने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 12 दिसंबर निर्धारित की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 12 दिसंबर तक जारी रखी है।

### झारखंड में चिकनगुनिया के 10 मरीज मिले 14 मरीजों में डेंगू की पुष्टि



रांची। झारखंड में डेंगू का डंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को राज्य भर में डेंगू के 305 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद 14 में डेंगू की पुष्टि हुई है। इनमें पूर्वी सिंहभूम में 4, चतरा में 2 और रांची में 8 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं चिकनगुनिया के भी 108 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 64 संदिग्ध राजधानी रांची में मिले हैं। जांच के बाद 10 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। बताते चलें कि जनवरी से लेकर 16 अक्टूबर तक राज्य भर में डेंगू के 2030 मरीज मिले हैं। वहीं चिकनगुनिया के 285 मरीज मिले हैं।

**पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय के साथ वसुधैव कुटुंबकम हो रहा साकार**

# इंडी गठबंधन के लोग पीएम मोदी को सत्ता से हटाने के लिए हो रहे एकजुट : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें कोल्हान प्रमंडल के पूर्व आयुक्त सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री मरांडी ने सभी को पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। जबकि, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराई। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू और धन्यवाद ज्ञापन शिवपूजन पाठक ने किया।

इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा से जनता का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। जनता सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करने लगी है। इसलिये देश को मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ता देखने के लिए आम जनता ने अपनी ताकत झोंक दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी का बिना भेदभाव के विकास हो रहा है। गांव, गरीब, विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। डिजिटल क्रांति से देश में व्यापक परिवर्तन हुये हैं। साढ़े नौ वर्षों में भारत के तिरंगे की ताकत बढ़ी है। भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था ने दुनिया को अचंभित किया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे में विपक्षी एकता के नाम पर परिवार और पैसे की राजनीति करने वाले, भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे दल और नेता मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। राष्ट्र विरोधी शक्तियां उनके आदर्श बन रहीं है। उन्होंने कहा कि परिवार, भ्रष्टाचार, अत्याचार में शामिल हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि 2024 में तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री एवम झारखंड में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मौके पर सांसद आदित्य साहू एवं बालमुकुंद सहाय ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्द्धन किया। विजय कुमार सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता लेने वालों में सेवानिवृत्त राज्य अग्निशमन अधिकारी सुधीर कुमार वर्मा, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक ललन ठाकुर, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश जीके दुबे, संजय अग्रवाल, रिंकू गड़िया, प्रभाष कुमार झा, प्रभाकरकांत आशीष साहू, श्रीप्रकाश, सागर साहू, सुमित रंजन, अभिनंदन शर्मा, अभिप्रय वर्मा, निरंजन पांडेय, प्रदीप चौबे, फलजीत महतो, अजय ठाकुर, मोहम्मद सलीम अंसारी, गणेश आगीवाल आदि शामिल हैं।

### दल बदलुओं के सहारे चुनावी नैया पार करना चाहती है भाजपा : राजद

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने भाजपा विधायक दल के नेता और सचेतक बनाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कहा कि भाजपा दल बदलुओं और दूसरे दल से आए नेताओं के भरोसे चुनावी नैया पार करना चाहती है, यह नामुमकिन है। भाजपा को अपने पुराने नेताओं पर भरोसा और विश्वास नहीं है। भाजपा को अपने पुराने विधायकों पर से भरोसा उठ चुका है। भाजपा का यही चाल, चरित्र और नीति है, जिसे झारखंड की जनता समझ चुकी है। गाली देने वाले ही आज भाजपा के पसंदीदा नेता बन चुके हैं। भाजपा के पास नेताओं कि कमी है इसलिए जेवीएम से भाजपा में शामिल हुए नेता बाबूलाल को प्रदेश अध्यक्ष, अमर कुमार बाउरी को विधायक दल के नेता और जेएमएम से आए नेता जयप्रकाश पटेल को सचेतक बनाने का काम किया है।

### राजीव अरुण एक्का को सीएस रैंक में प्रोन्नति देने की तैयारी

रांची। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजीव अरूण एक्का मुख्य सचिव रैंक में प्रोन्नत होंगे। उन्हें प्रमोशन देने की तैयारी शुरू कर दी है। मालूम हो कि राजीव अरुण एक्का फिलहाल प्रधान सचिव के पद पर पंचायती राज विभाग में कार्यरत हैं। उन्हें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक ओर पिछड़ा वर्ग कलयाण विभाग का भी प्रभार दिया गया है। इन्हें प्रोन्नति देने के लिए केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय से सीएस रैंक में एक रिक्ति मांगी जा रही है। केंद्र से रिक्ति मिलते ही राजीव अरूण एक्का को प्रमोशन देने के लिए राज्य सरकार आगे की कार्रवाई करेंगे। सारी प्रक्रिया पूरी करके उन्हें सीएस रैंक में प्रमोशन दिया जायेगा। प्रमोशन 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होगा। हालांकि वे 31 मार्च 2024 को रिटायर भी होने वाले हैं, ऐसे में महज तीन माह ही वे मुख्य सचिव के रैंक पर रह पायेंगे।

### हरमू मैदान में 28 को होगा संकल्प यात्रा का भव्य समापन : प्रदीप वर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा है कि बाबूलाल मरांडी की राज्य व्यापी संकल्प यात्रा का समापन कार्यक्रम 28 अक्टूबर को हरमू मैदान में 11 बजे पूर्वाह्न आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की नाकामियों, विफलताओं, राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, खनिजों की लूट, तुष्टिकरण के खिलाफ 17 अगस्त से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल के नेतृत्व में संकल्प यात्रा प्रारंभ हुई थी। उन्होंने बताया कि श्री मरांडी ने राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित कर राज्य की स्थिति को बताने का संकल्प लिया था लेकिन, बाबूलाल की यह संकल्प यात्रा जनता के अपार समर्थन से जन संकल्प यात्रा में बदल गई। उन्होंने बताया कि अबतक 71 विधानसभा क्षेत्र में यह यात्रा आठ चरणों में संपन्न हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को रांची के हरमू मैदान में यात्रा का समापन कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि समापन कार्यक्रम में 6 विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, मांडर, खिजरी और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त सभा होगी। उन्होंने बताया कि संकल्प यात्रा के साथ ही पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम भी चलाया जा रहा था, जिसमें अमृत वाटिका के निर्माण के लिए गांव गांव से मिट्टी कलश में भरकर संग्रह की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी 263 प्रखंड एवं 49 नगर निकाय क्षेत्र को मिलाकर 312 कलश 28 अक्टूबर को सम्मान पूर्वक हरमू मैदान पहुंचेंगे। जिन्हें नई दिल्ली के लिए रवाना किया जायेगा।

### सीआइडी की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक आज से

रांची। सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता आज से 19 अक्टूबर तक समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान दुमका, हजारीबाग, रांची, पलामू, कोल्हान और कोयला क्षेत्र रेंज में पदस्थापित सीआइडी के डीएसपी और जिलों में प्रतिनियुक्त सीआइडी टीम के प्रभारियों के साथ बैठक कर जेल कर्मी और पुलिसकर्मी द्वारा जेल में बंद अपराधियों की सहायता करने समेत अन्य मामलों पर चर्चा करेंगे। वहीं सभी जिलों में हत्या, डकैती, लूट और फिरौती के लिए अपहरण, पोक्सो कांड, मानव तस्करी और बलात्कार से संबंधित कांड की समीक्षा की जायेगी। संगठित अपराधियों को चिन्हित करना, अप्रैल से सितंबर माह तक सक्रिय आपराधकर्मियों की सूची (जो जेल से जमानत पर मुक्त हुए हैं), अप्रैल से सितंबर तक जेल में बंद अपराधियों द्वारा किसी मोबाइल फोन का उपयोग कर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की घटना की समीक्षा की जायेगी।

**बाबूलाल मरांडी ने मार्केटिंग बोर्ड के एमडी को पत्र लिखा**

### धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी पर लगे आरोपों की जल्द जांच कर कार्रवाई करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मार्केटिंग बोर्ड के एचडी को पत्र लिखकर धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने को कहा है। एमडी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि धनबाद दौरे के दौरान व्यापारियों ने धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए हैं। इसलिए उनकी शिकायत की जांच हो और जांच के दौरान शिकायत सही पाये जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाये। मरांडी ने एमडी को लिखे पत्र में व्यापारियों की ओर से लगाये आरोपों के कई साक्ष्य भी दिये हैं।

**बाजार समिति भंग होने के बाद भी कैसे आवंटित किये गये दुकान-गोदाम** : श्री मरांडी ने एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह को लिखा है कि राज्य में मार्केटिंग बोर्ड और राज्य में कार्यरत बाजार समितियां भंग हैं बावजूद अवैध तरीके से दुकान-गोदाम आवंटित किए गए हैं। बाजार समिति में आज भी ट्रैकों से अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही हैं। पत्र में श्री मरांडी ने यह भी कहा कि धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी राकेश कुमार सिंह गढ़वा में प्रतिस्थापन के दौरान सब्जी विक्रेता से एक लाख रुपए घूस लेते पकड़े गए थे। इस मामले में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। इसके बावजूद इस तरह के अधिकारी का स्थानांतरण धनबाद जैसी बड़ी बाजार समिति में किसके इशारे पर किया गया? यह भी जांच का विषय है। प्रबंध निदेशक को मरांडी ने लिखा है कि धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ धनबाद के व्यापारियों ने पूर्व में भी कई पत्र उन्हें भेजे हैं।

### कृषि मंत्री ने की जनसुनवाई



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जन-सुनवाई कार्यक्रम के तहत कांग्रेस भवन, रांची में सोमवार को राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने विभिन्न जिलों से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण के लिए अधीनस्थ पदाधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही फरियादियों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ त्वरित लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, गुमला, गिरिडीह बोकारो, लातेहार, रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्या में डीलर लाइसेंस, मेडिकल भुगतान, पशु शेड, तालाब निर्माण, पशु टीकाकरण, मत्स्य विभाग, स्ट्रीट लाइट, एटीक एग्रो क्लीनिक सेंटर सहित अन्य समास्याओं के निष्पादन के लिए फरियादियों ने मंत्री को आवेदन सौंपा गया। जन-सुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, नेली नाथन, जगदीश साहु, नरेंद्र लाल गोपी, गुलजार अहमद, अजय सिंह, राजीव प्रकाश चौधरी थे।

**एरिया अफसर की जांच में हेडमास्टर पायी गयीं दोषी, होगी कड़ी कार्रवाई**

# 14 साल पहले निजी जमीन पर बनाया था स्कूल, अब जाकर रूका मानदेय

**मामला उत्कमित प्राथमिक विद्यालय भंडार टोला दारुडीह पलामू का**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भंडार टोला दारुडीह पलामू का निर्माण एक निजी जमीन पर आज से 14 साल पहले कर दिया गया था। इन 14 सालों के दौरान न तो जमीन को राज्यपाल के नाम स्थानांतरित किया गया और न ही स्कूल में आने जाने के लिए रोड का समाधान किया गया। इस आरोप में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम पांडेय का राज्य सरकार ने मानदेय रोक दिया है।

**क्या है पूरा मामला**

पलामू जिले के नीलांबर पीतांबर प्रखंड स्थित भंडार टोला दारूडीह में एक निजी जमीन पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का भवन बना दिया गया था। 2009-10 में यह विद्यालय भवन बनकर तैयार हुआ, जहां आज भी बच्चे पढ़ाई करते हैं। इस स्कूल में एक ही परिवार से तीन शिक्षक हैं। सभी पारा शिक्षक हैं। बहू इस स्कूल की हेड मास्टर है और भतीजा स्कूल का संचालन करता है। वहीं, चाचा एक शिक्षक के रूप में बच्चों के बीच ज्ञान बांटते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्कूल का निर्माण निजी पर जमीन पर दखल करने की नीयत से बनाया गया था। गांव वालों का कहना है कि नीलम पांडे के पति आशुतोष पांडे ने इस स्कूल का निर्माण निजी जमीन पर इसीलिए कराया था कि रिटायरमेंट के बाद इस स्कूल को अपने कब्जे में लेकर आगे स्कूल का संचालन किया जा सके। इसकी शिकायत स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ डीसी और विभागीय सचिव तक की गई थी। इसके बाद जांच शुरू हुई और जांच के बाद स्कूल की प्रधानाध्यापिका का मानदेय रोका गया

बताते चलें कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर पांकी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि बीते 14 साल के भीतर न तो जमीन को राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री करायी गयी और न ही रास्ता का समाधान निकाला गया। यह शिक्षक के स्तर पर बरती गई घोर लापरवाही को दर्शाता है। इसी के आलोक में उन्होंने स्कूल की प्रधानाध्यापिका नीलम पांडे के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की थी। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के रिपोर्ट के आधार पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नीलांबर पीतांबर ने संबंधित स्कूल की पारा शिक्षिका सह प्रधानाध्यापिका नीलम पांडे का मानदेय अगले आदेश से तक तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। साथ ही विभाग को उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए लिखा है।

**2024 की जीत को लेकर भाजपा ने जातीय संतुलन साधने की कवायद तेज की**

# भाजपा : अमर बाउरी के रूप में तरकश से निकला दलित तीर

**महत्वपूर्ण पदों पर आबादी के हिसाब से दी जा रही जवाबदेही**

उदय चौहान







रांची। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपने तरकश के तीरों को चमकाना शुरू कर दिया है। इसी के तहत दलित वोटरों को रिझाने के लिए अमर बाउरी के रूप में एससी तीर छोड़ा है। श्री बाउरी के विधायक दल के चुने जाने से विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है। करीब चार साल बाद झारखंड विधानसभा को नेता प्रतिपक्ष मिल सकेगा। भाजपा अब जातीय समीकरण को साधने में जुटी है। इसके तहत आबादी के हिसाब से पार्टी में नेताओं को हिस्सेदारी दी जा रही है। इस बार चुनावी प्रबंधन के तहत पार्टी की प्रदेश इकाई फूंक-फूंक के कदम रख रही है। श्री बाउरी के मनोनयन के साथ ही ओबीसी वर्ग के विधायक जेपी पटेल को भी सचेतक की भूमिका निभाने का मौका दिया गया है। इसके पहले ट्राइबल वोट साधने के लिए बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार जातीय समीकरण को देखते हुये भाजपा ने दलित विधायक अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता चुना है। वहीं, आबादी के हिसाब से पार्टी और सरकार में नेताओं को जगह दी जा रही है। जिस तरह से पिछड़ों की आबादी है। उसी हिसाब से तीन बड़े नेताओं रघुवर दास, अन्नपूर्णा देवी और जयप्रकाश भाई पटेल को संगठन और सरकार में जिम्मेवारी दी गई है। वहीं दो बड़े आदिवासी चेहरे बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा को प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री की जिम्मेवारी दी गई है। इसके अलावा आशा लकड़ा को राष्ट्रीय मंत्री तथा समीर उरांव को एसटी मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।

### विधायक अमर कुमार बाउरी पर भाजपा ने खेला बड़ा दांव

भाजपा ने विधायक अमर बाउरी को नेता बना कर बड़ा दांव खेला है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी पहले से ही सवर्ण का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। श्री बाउरी वर्तमान में झारखंड के चंदनकियारी से विधायक और भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वह एक युवा और ऊजार्वान नेता हैं। पिछली रघुवर दास सरकार में वे खेल एवं युवा मामलों के मंत्री थे। अमर बाउरी 2014 में जेवीएम के टिकट पर चुनाव जीतकर झारखंड विधानसभा पहुंचे थे। लेकिन कुछ ही दिन बाद वह भाजपा में शामिल हो गये थे। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आगामी चुनाव को देखते हुये संकल्प यात्रा पर निकले हैं। वह कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिये मांजने में जुटे हैं। इसके पहले भाजपा विधायक दल के नये नेता के लिये केंद्रीय पर्यवेक्षक अश्विनी चौबे ने सुनवाई की थी। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने तीन माह पहले पर्यवेक्षकों की एक टीम भेजकर पार्टी विधायकों के बीच गुप्त रूप से रायशुमारी कराई थी। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व ने बाउरी के नाम पर मुहर लगाई है। साथ ही, जयप्रकाश भाई पटेल को सचेतक नियुक्त किया है।

### विधानसभा को चार साल बाद मिलेगा नेता प्रतिपक्ष

स्पीकर कोर्ट में बाबूलाल मरांडी के दल-बदल मामले की सुनवाई होने के कारण नेता प्रतिपक्ष का मामला पिछले साढ़े तीन साल से अधिक समय से लटका था। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने भी भाजपा से किसी अन्य को नेता विधायक दल बनाने की सलाह दी थी। करीब साढ़े तीन साल तक भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दिलाने के लिख खूब बवाल किया। आखिरकार करीब साढ़े तीन साल बाद विधानसभा को नेता प्रतिपक्ष मिलने की राह साफ हो गई है। जल्द ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी औपचारिक रूप से स्पीकर को इसकी सूचना देंगे। इसके बाद उन्हें नेता प्रतिपक्ष घोषित किया जायेगा। इसके पहले 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को पार्टी विधायक दल का नेता चुना था। लेकिन स्पीकर ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता नहीं दी थी।

**विधायक दल का नेता मामले में झामुमो-कांग्रेस की प्रतिक्रिया**

### उधार के सिंदूर से सुहागन बनने की कोशिश कर रही है भाजपा : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भारतीय जनता पार्टी की ओर से अमर बाउरी को विधायक दल का नेता और जेपी भाई पटेल को पार्टी का सचेतक बनाए जाने पर झामुमो और कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा है कि ये नेता उधार के सिंदूर हैं, जिनकी दुल्हन बीजेपी बनना चाहती है। उन्हें यह भी सोचना चाहिए कि वे कब तक बीजेपी के साथ रहेंगे जो विधायक हमारा नहीं हुआ, तो बीजेपी का क्या होगा। उन्होंने कहा कि उनकी चिंता नीलकंठ सिंह मुंडा जैसे समर्पित भाजपा नेताओं को लेकर नहीं है। मनोज पांडे ने कहा कि जो लोग पांच साल तक दूसरे दलों के नेता के रूप में काम कर रहे थे, मोदी जी की आलोचना करते थे, उन्हें आज महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल गई हैं। जबकि नीलकंठ सिंह मुंडा और अनंत ओझा जैसे समर्पित विधायक हाशिये पर हैं।

**भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपने लोगों पर भरोसा नहीं : कांग्रेस**

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने भाजपा विधायक दल के नए नेता अमर बाउरी और सचेतक जेपी भाई पटेल को बधाई देते हुए कहा है कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपने लोगों पर भरोसा नहीं है। जिस तरह से बीजेपी में उधार पर लाने वालों को तरजीह दी जा रही है, वास्तव में यह पार्टी विद डिफरेंस ही ऐसा कर सकती है।

# आदि महोत्सव 20 तक जारी रहेगा, ट्राइफेड ने आयोजन चार दिन बढ़ाया

- आदिवासी हैंडीक्राफ्ट और ट्राइबल फूड कोर्ट को मिल रहा रिस्पांस
- चार-पांच दिन बारिश के बावजूद मेले में 33 लाख का हुआ कारोबार

**सत्येन्द्र कुमार**


आदिवासी उद्यमियों को मार्केटिंग के गुर सिखाता विशेषज्ञ।


ट्राइफेड के शैलेंद्र सिंह राजू।

**जमशेदपुर।** गोपाल मैदान में चल रहे आदि महोत्सव का समापन अब 20 अक्टूबर को होगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत महोत्सव का समापन 16 अक्टूबर का होना था किंतु शहर वासियों की डिमांड पर आदिवासी हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा उत्पादों के अलावा आदिवासी पारंपरिक व्यंजनों एवं कला संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए आयोजित महोत्सव को जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला है। ट्राइफेड के टाइफाइड ओरिजिनल मैनेजर शैलेंद्र कुमार राजू ने खबर मन्त्र को बताया, आदि महोत्सव का समापन 20 अक्टूबर को होगा। जमशेदपुर वासी और चार दिनों तक इस मेले में आकर खरीददारी कर सकते हैं, आदिवासी व्यंजनों का स्वाद ले सकते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दे मेले का उद्घाटन का 7 अक्टूबर को भारत सरकार के जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया था। जनजातीय मंत्रालय,भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जनजातीय खान-पान एवं आदिवासी उत्पादों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ट्राइफेड के माध्यम से देशभर में आदि महोत्सव का आयोजन कर रहा है ताकि आदिवासी उद्यमियों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके। ट्राइफेड, झारखंड व बिहार के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेंद्र कुमार राजू ने बताया कि जमशेदपुर में पहली बार आयोजित आदि महोत्सव को काफी अच्छा रिस्पांस मिला है। नौ दिनों के दौरान यहां लगाए गए स्टॉल से 35 लाख रुपये से अधिक की बिक्री हुई है जबकि चार दिनों तक बारिश से मेले पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। ऐसे में मेले की अवधि विस्तार किये जाने से अगले 4 दिनों में मेले में लगे स्टाल पर बिक्री और गति पहुंच पकड़ने की उम्मीद है। मेले में मध्य प्रदेश के महेश्वरी साड़ी 3000 से 4000 रुपये की रेंज में उपलब्ध है और झारखंड का ट्रेडिशनल परिधान भी बहुत अच्छा बिक रहा है। बिहार नेपाल की तराई से थारू ट्राईबल्स अपने स्टॉल पर ऊनी और सूती के कपड़ों के उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। यहां से शॉल, गमछा और बेडशीट आदि की खरीदारी की जा सकती है। मेले में हर शाम जनजातीय लोक नृत्य का प्रदर्शन किया जा रहा है। मेले में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क है।

## अजम इम्बा के स्टॉल पर लीजिए उरांव, मुंडा व संथाल देशी व्यंजनों का स्वाद



जमशेदपुर। आदि महोत्सव में जनजातीय समाज के युवा उद्यमी पारंपरिक आदिवासी व्यंजनों को लोकप्रिय बनाने के लिए उद्यमिता के क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आदि महोत्सव में ट्राइबल फूड कोर्ट में लगाया गया स्टॉल पर बेहद सामान्य दर पर यहां आदिवासी खानपान और नाश्ते का स्वाद लिया जा सकता है। कांके रोड, रांची की अरुणा तिर्की उरांव समाज से आती हैं। जेबियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) एमबीए कर चुकी अरुण तिर्की यूएनडीपी में अफसर रह चुकी है किंतु 2017 से वे जनजातीय व्यंजनों को लोकप्रिय बनाने के लिए रांची में अजम इम्बा (कुड़ख भाषा में इसका मतलब अति स्वादिष्ट) नामक रेस्टोरेंट चला रही हैंद्व। इस रेस्टोरेंट में मुंडा समाज, हो समाज, खड़िया समाज और संथाल समाज के पारंपरिक व्यंजनों को देशी स्वाद के साथ परोसा जाता है।

## मडुवा के केक, कुकीज और पिज्जा बना कर ग्राहकों का दिल जीत रहे गॉडविन लकड़ा



जमशेदपुर। आदि महोत्सव के ट्राइबल फूड कोर्ट में रांची से आए गॉडविन लकड़ा का स्टॉल फूडी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गॉडविन होटल मैनेजमेंट करने के बाद बरसों तक दुबई में 5 सितारा होटल रमाडा और मैरियेंट में काम कर चुके हैं। कोविड के लॉक डाउन में वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े। उनके जीवन में बहुत बड़ा बदलाव ट्राइफेड के रांची अशोक नगर स्थित कार्यालय में जाने के पश्चात हुआ जहां उनकी भेंट शैलेंद्र कुमार राजू से हुई। राजू ने गॉडविन को मडुवा, बाजरा एवं अन्य मिलेट व वन उत्पाद पर आधारित केक, कुकीज और पिज्जा आदि बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे मोटे अनाज की पौष्टिकता के जरिए आप ग्राहकों को और उनके दिल में विशेष स्थान बना सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### बोड़ाम में विधायक कालिंदी ने कई कार्यों का किया शिलान्यास



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को बोड़ाम प्रखंड लायलाम पंचायत अंतर्गत रापचा गांव में विधायक निधि से प्यारा सिंह के घर से हारा माझी के घर तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास, पटमदा प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनांतर्गत लछिपुर पंचायत के नहचीबेड़ा से लछिपुर जानेवाले जर्जर पुलिया पर पुल निर्माण कार्य का और पटमदा प्रखंड कुमहिर मोहुलतोल से दांदुडीह बंगाल बॉर्डर भाया खेजूडिह इंदाटांर मोड़ गेरूआला मोड़ कांकु के कुमहिर नाला पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार में क्षेत्र के हर हिस्से में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। मौके पर ग्राम प्रधान हरी सिंह, देवेन सिंह, कृष्णा तंतुबाई, गुहिराम सिंह, प्यारा सिंह, रंजीत सोरेन, रविंद्र सिंह,प्रतिनिधि चंद्रशेखर टूडु, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, ईशान गोप, साधु भूमिज, काजल सिंह, बिनय मंडल, मानिक महतो,दिलीप सोरेन, स्वपन महतो, विष्णु गोराई, संजय सिंह, मिलन दास आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला में चार नये लोग पाये गये डेंगू पॉजिटिव

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में 16 अक्टूबर के सैम्पल जांच में 4 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए । डेंगू पॉजिटिव लोगों में बागबेड़ा 1, परसुडीह 1, कदमा 1 और मुसाबनी के 1 डेंगू पॉजिटिव शामिल हैं। अबतक कुल 10686 सैम्पल की जांच में 1305 लोग (कोल्हान प्रमंडल) डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। वर्तमान में 151 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 10 आईसीयू में, 141 नॉर्मल वार्ड में भर्ती हैं। आज 25 लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया।

### यूसील शंकरदा और तालसा में 18 व 26 को लगायेगा नेत्र जांच शिविर

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा इस माह दो ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन यूसील क्षेत्र में किया जायेगा, जिस कड़ी में 18 अक्टूबर को शंकरदा पंचायत भवन में तथा 26 अक्टूबर को तालसा कम्युनिटी क्लब में स्वास्थ्य शिविर सह नेत्र जांच शिविर का आयोजन होगा, जहां आसपास के ग्रामीण स्वास्थ्य जांच व नेत्र जांच करवा सकेंगे, जरूरत के अनुसार ग्रामीणों को निशुल्क दवा भी प्रदान की जायेगी एवं आंखों से सम्बन्धित रोगियों में मोतियाबिन्द पाये जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए रेड क्रॉस के नेत्र शिविर के लिए चयनित किया जायेगा ताकि ऐसे मरीजों के आंखों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण हो सके। शिविर में स्थानीय ग्रामीण व यूसील के पदाधिकारी रेड क्रॉस की टीम के साथ सहयोग करेंगे।

### मुखिया मनोहर ने कराया चांडिल बाजार की नाली सफाई



**चांडिल।** चांडिल बाजार के सड़कों पर बह रही नाली की गंदी बदबुदार पानी से दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानीओं का सामना करना ना पड़े इसी को लेकर चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह सरदार ने चांडिल बाजार एवं चांडिल डैम रोड में जगह-जगह बंद नाली की सफाई कार्य कराया जा रहा है। मुखिया मनोहर सिंह ने कहा कि नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को गंदी नाली की पानी से होकर ना जाना पड़े इसी को ध्यान में रखते हुए यह नाली सफाई करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा इससे पहले चांडिल के बनियान पाड़ा में नाली सफाई करवाया गया है।

# छह माह बाद जेल से छूटे भाजपा नेता अभय सिंह, समर्थकों ने किया स्वागत

## दोगुनी ताकत से संगठन के कार्यों में जुटेंगे अभय सिंह : जिला अध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


जेल से रिहा होने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह को फूल मालाओं से लादते समर्थकगण।

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जमशेदपुर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद सोमवार शाम घाघीडीह जेल से रिहा हुए। वे पिछले छह महीने से जेल में बंद थे। अभय सिंह अपने राजनैतिक कैरियर में पहला मौका है जब इतने माह तक जेल में बंद थे।

अभय सिंह कुछ दिन अपने परिवार के साथ आराम करेंगे, और नये सिरे से भाजपा के संगठन को मजबूत करने में जुटेंगे। जमशेदपुर पुलिस ने पहले अभय सिंह को शास्त्रीनगर उपद्रव कांड में नामजद कर गिरफ्तार किया। वहां हाईकोर्ट से राहत मिली तो एक पुराने रंगदारी के मामले की फाइल को खोल दिया गया। मानगो के एक बिल्डर में काशीडीह में अपने प्रोजेक्ट के लिए सिंह बंधुओं द्वारा रंग करने और रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया गया था। इन दोनों मामलों में जमानत मिलने के बाद अभय सिंह को घाघीडीह केंद्रीय जेल से रिहा किया गया। उनके रिहाई के मौके पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत सैकड़ों कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने केंद्रीय कारा घाघीडीह के समक्ष अभय सिंह से मिलकर उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर गुंजन यादव ने कहा कि रिहा होने पर अभय सिंह का हार्दिक स्वागत है। कदमा उपद्रव मामले को लेकर राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन ने जिस प्रकार से अभय सिंह को आनन-फानन में जेल भेजकर महीनों प्रताड़ित करने की साजिश की उसका जवाब माननीय उच्च न्यायालय ने दिया है। यह समय उनके परिवार और भाजपा परिवार के लिए कठिन था, अब जेल से रिहा होने पर सभी कार्यकर्ता खुश हैं। उन्होंने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि अभय सिंह के जेल से बाहर आने के बाद वे संगठन, सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा के कार्यों में दोगुनी ऊर्जा के साथ सक्रिय होकर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## रेडक्रॉस के शिविर में ऑपरेशन के बाद रोगियों को किया गया विदा



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के संयोजन में आयोजित 696वें नेत्र शिविर का समापन नेत्र रोगियों के विदाई के साथ हुआ। इससे पूर्व जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की, जिसके पश्चात नेत्र रोगियों को चश्मा व दवा रेड क्रॉस कार्यकर्ताओं ने प्रदान किया तथा नेत्र रोगियों को आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी रेड क्रॉस कार्यकर्ता श्याम कुमार ने प्रदान किया। शिविर के संचालन कर रहे रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने नेत्र रोगियों को अपनी शुभकामना प्रदान की। शिविर में आज कार्यकर्ता आशीष सिंह, अशोक घोषाल, अशोक सिंह, राधेश्याम, हीरालाल उपस्थित थें।

## खबर एक नजर में

### फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना के इंडिया प्रेसिडेंट बने अंशु सरकार



**जमशेदपुर।** नगर के योग प्रशिक्षक अंशु सरकार को "वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगसना स्पोर्ट्स इंडिया भारत" के प्रेसिडेंट के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन गतदिनों उत्तराखंड में हुई बोर्ड की बैठक में हुआ। इस अवसर पर संगठन के अन्य कई पदाधिकारियों का भी मनोनयन हुआ। ज्ञात हो कि वर्ष 1968 में स्थापित इस संगठन का मुख्यालय ऑस्ट्रेलिया के मेलबॉर्न में है। वर्तमान में इसकी शाखाएं पूरे विश्व के 139 देशों में है। उक्त बैठक में अन्य पदाधिकारियों में जनरल सेक्रेटरी-ऋतु रावत (उत्तराखंड), टेक्निकल डायरेक्टर-एम राजेश अचारी ( कर्नाटक), वाईस प्रेसिडेंट-अंकित चपराना (उत्तराखंड) व सचिन कुमार खरी (उत्तर प्रदेश) तथा ऑर्गेनाइसिंग सेक्रेटरी- डॉ लोकनाथ नाथ (पश्चिम बंगाल) आदि का भी मनोनयन हुआ। मनोनयन के बाद शहर लौटे अंशु सरकार ने बताया कि अब उनपर और अधिक जिम्मेवारी आ गयी है, जिसपर न सिर्फ भारत, बल्कि दुनिया के अन्य देशों की भी नजर है। उनकी प्राथमिकता योगा को स्पोर्ट्स के रूप में और अधिक प्रचार प्रसार करते हुए जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों जोड़ते हुए आगे बढ़ाना होगा।

### शीला कर्मकार ने छह जरुरतमंदों का रेडक्रॉस के शिविर में कराया ऑपरेशन



जमशेदपुर। कोई एक व्यक्ति भी अगर आपके आप पास जागरुक है तो अनेकों लोगों का वह भला कर सकता है, बीते तीन दिनों में नेत्र शिविर में अपने आस पास के छह लोगों को लाकर उनकी जांच, ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण तथा रौशनी के साथ उन्हें वापस ले जाने वाली शीला कर्मकार ने यही साबित किया। वस्त्रों एवं बातचीत से ग्रामीण लगने वाली शीला कर्मकार छह लोगों को लेकर नेत्र शिविर में आयी थी, मनी समद, कुजुरी समद, चम्पा, मिनि कुंकल, लखि मुनि कर्मकार इन पांच महिलाओं का ऑपरेशन शीला की जागरुकता के कारण हुआ।

### सिंहभूम चैम्बर के नये पदाधिकारियों के सत्र का आगाज



स्मारिका का विमोचन करते चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व टीम के साथ पूर्व अध्यक्ष गण।

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र 2023-25 के लिये नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों का मिलन समारोह चुनाव उपरांत संपन्न हुआ। मिलन समारोह में सत्र 2023-25 के लिये निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों ने पूर्व अध्यक्षों मुरलीधर केडिया, ए.के. श्रीवास्तव, निर्मल काबरा, उमेश कांवटिया, अशोक भालोटिया के समक्ष अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिये एक नये लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा के साथ नये सत्र का आगाज किया। तत्पश्चात सत्र 2021-23 के लिये तैयार चैम्बर स्मारिका का विमोचन भी किया गया। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष एवं महासचिव ने बताया कि 72वीं आमसभा और सितंबर महीने में आयोजित सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों को पुराने पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों के द्वारा कार्यभार सौंपने की परंपरा रही है। जिसके तहत मिलन समारोह का आयोजन कर इस स्वस्थ परंपरा को जारी रखते हुये चैम्बर में मिलन समारोह का आयोजन किया। तत्श्चात चैम्बर स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस दौरान अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं पूर्व अध्यक्षों मुरलीधर केडिया, ए.के. श्रीवास्तव, निर्मल काबरा, उमेश कांवटिया, अशोक भालोटिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरू की। इस दौरान अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि सदस्यों ने जिस उद्देश्य से सदस्यों ने भारी समर्थन के साथ हमें कार्यभार सौंपा है उसमें हम सबों को खरा उतरना है और नई उर्जा के साथ व्यापारी एवं उद्यमियों के हित में काम करते हुये चैम्बर को नई उंचाईयों पर ले जाना है। इस दौरान हमारा एक ही लक्ष्य होना चाहिए चैम्बर की गरिमा को बनाये रखना और व्यापारी उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण हेतु एकजुटता के साथ खड़े रहना। कार्यक्रम में चैम्बर की नई स्मारिका का विमोचन भी उपस्थित पूर्व अध्यक्षों के हाथों किया गया। जिसके संपादक सीए सुगम सरायवाला एवं संपादकीय टीम दीपक अग्रवाल (रामुका), बजरंग अग्रवाल, भरत मकानी, सुधीर सिंह, अंशुल रिंगसिया ने स्मारिका में कार्यसमिति द्वारा सत्र 2021-23 के किये गये उपलब्धि भरे कार्यक्रमों का पूरा विवरण दिया है तथा साथ ही जमशेदपुर शहर की खासियतों का भी जिक्र इसमें किया गया है। चैम्बर स्मारिका के सफलता पूर्वक तैयार करने के लिये इन्हें बैच पहनाकर सम्मानित भी किया गया। मानद महासचिव मानव केडिया ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल रिंगसिया ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष वित्त एवं कराधान राजीव अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष जनसंपर्क एवं कल्याण अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने भी उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया।

# टाटा के योजना क्षेत्र में 15 वें वित्त आयोग का फंड खर्च न करें प्रशासन

## सांसद विद्युतवरण महतो ने डीसी को पत्र लिख कर जतायी आपत्ति

मानगो, बिरसानगर, इस्टप्लांट बस्ती, प्रेमनगर जैसे बस्ती क्षेत्रों में खर्च हो राशि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युत वरण महतो ने 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत शहर के लीज एरिया में राशि के उपयोग को लेकर अपनी आपत्ति जताई है।

इस विषय में सांसद श्री महतो ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला योजना चयन समिति को एक पत्र लिखकर अवगत कराया है एवं कहा है कि जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत एनआइटी नंबर-जेएनएसी/ईपीआरओ-23/2023-24 के माध्यम से अनेक योजनाओं के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इनमें से मुख्य रूप से पेबर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य एवं शौचालय निर्माण का कार्य शामिल है। सांसद महतो ने कहा कि ये सारे कार्य टाटा स्टील के लीज एरिया के अन्तर्गत आता है। इन क्षेत्रों का विकास एवं रख-रखाव स्वाभाविक रूप से टाटा स्टील के द्वारा किया जाता है। इन क्षेत्रों में उन योजनाओं की उपयोगिता नगण्य है।

शौचालय निर्माण के लिए जिन योजनाओं को लिया गया है वहां पर बगैर समुचित पानी एवं जलनिकास की व्यवस्था नहीं होने से एवं साथ ही साथ इसके समुचित रख-रखाव की व्यवस्था नहीं होने पर कुछ ही दिनों में सारे शौचालय अनुपयोगी हो जाते हैं। पूर्व में भी इस प्रकार के योजनाओं का यही हश्र हुआ है।

सांसद ने कहा कि उपरोक्त योजनाओं का क्रियान्वयन से केन्द्र द्वारा सम्प्रेषित राशि का दुरूपयोग होगा। इसके बजाय लीज एरिया के बाहर बस्ती क्षेत्रों में केन्द्र द्वारा प्रदत्त धनराशि का उपयोग करना उचित होगा। अतः जनहित में एवं सरकारी धनराशि का समुचित उपयोग करने की दृष्टि से उपरोक्त निविदा को अविलंब रद्द किया जाए।

### इन योजनाओं पर सांसद का गर्म हुआ पारा

इसके अतिरिक्त सांसद महतो ने अमृत योजना के तहत सोनारी के कैलाश सरोवर तालाब के जीर्णोद्धार संबंधी कार्य को लेकर जारी किए गए निविदा पर भी आपत्ति जताई है। महतो ने कहा है कि कुछ वर्ष पूर्व ही इस तालाब पर लगभग 50 लाख रुपए की लागत से कार्य किया गया था और अब पुनः लगभग 68 लाख रुपए के लिए इसी तालाब हेतु निविदा जारी की गई है। पूर्व की योजना की समीक्षा होनी चाहिए और इस राशि का उपयोग शहर के निकाय क्षेत्र के अन्य हिस्सों अथवा तालाब में किया जाना चाहिए।

# न्युवोको का न्युवो मेसन कौशल विकास कार्यक्रम लॉन्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने छोटा गोविंदपुर में असंगठित राजमिस्त्रियों को लाभ पहुंचाने के लिए न्युवो मेसन-एक मेसनरी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरूआत की है। न्युवोको ने ये कार्यक्रम अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के हिस्से के रूप में शुरू किया है। न्युवो मेसन एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो श्रमिकों के चिनाई कौशल में सुधार करने, उन्हें सशक्त बनाने और उनके लिए कमाई के नए अवसर खोलने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कार्यक्रम में टाइल चिनाई पर लगभग चार सौ घंटे का प्रशिक्षण शामिल है। इस प्रोग्राम के लिए न्युवोको के जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट के आसपास के गांवों से 25 प्रतिभागियों के बैच का चयन किया गया है और उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन उमा सूर्यम बोला, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, मैन्युफैक्चरिंग, न्युवोको ने जसमिका बास्की, जिला विकास प्रबंधक, पूर्वी सिंहभूम, नाबार्ड के साथ किया। मौके पर उमा सूर्यम कहा कि इस कार्यक्रम के साथ, न्युवोको का इरादा युवाओं और असंगठित निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के अनुरूप अल्पकालिक कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है।

# सूर्य मंदिर परिसर का चिल्ड्रन पार्क रख रखाव के आभाव में झाड़ियों में हुआ तब्दील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर के पीछे स्थित चिल्ड्रन पार्क इन दिनों शासन व्यवस्था की घोर उपेक्षा का शिकार हो गयी है। चिल्ड्रन पार्क के अंदर लंबे समय से साफ-सफाई का कार्य नहीं होने से पार्क में लंबी-लंबी झाड़ियां एवं लंबे घास उग आए हैं।

जिससे झाड़ियों से जहरीले सांप, बिच्छु एवं विषैले कीड़े-मौकोड़े आये दिन निकलते रहते हैं, जिस कारण बच्चों का पार्क में जाना मुश्किल हो रहा है। बुजुर्गों के टहलने और बच्चों के खेलने के लिए लाखों रुपये की लागत से बनाया गया यह पार्क रखरखाव नही होने के कारण अब झाड़ियों में तब्दील हो चुके हैं। पार्क में झूलों से ऊंची हो चुकी झाड़ियां स्थानीय विधायक एवं जमशेदपुर अक्षेस के विकास एवं रखरखाव के दावों की हवा निकालते हुए लोगों को मुंह चिढ़ाने लगे हैं। चिल्ड्रन पार्क पर जमशेदपुर अक्षेस एवं स्थानीय विधायक सरयू राय की उदासीनता और लगातर हो रही उपेक्षा से सूर्य मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पार्क के सम्पूर्ण साफ-सफाई का बीड़ा उठाया है। सोमवार को सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पार्क के अंदर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ किया। इस दौरान मजदूरों द्वारा मशीन से लंबी घास की कटाई की गई एवं झाड़ियों को हटाया गया। इस दौरान पार्क में कई जहरीले जीव-जंतुओं को भी विचरण करते देखा गया। ज्ञात हो कि चिल्ड्रन पार्क की साफ-सफाई का जिम्मा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के जिम्मे है।

# कोल्हान प्रमंडल के पूर्व कमिश्नर विजय कुमार सिंह समर्थकों के संग भाजपा में हुए शामिल

प्रदेश कार्यालय में अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी टीम विजय सिंह का किया स्वागत

परिवार और पैसे की राजनीति करने वाले मोदी को हटाने के लिए हो रहे एकजुट : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बाबूलाल मरांडी अपने कार्यालय में विजय सिंह का स्वागत करते हुए।

**जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें कोल्हान प्रमंडल के पूर्व आयुक्त सेवा निवृत आइएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को पार्टी का पटका एवं माला पहनाकर स्वागत किया। जबकि प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराई। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। विजय कुमार सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सेवा निवृत राज्य अग्निशमन अधिकारी सुधीर कुमार वर्मा, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक ललन ठाकुर, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश जी के दुबे, संजय अग्रवाल, रिंकू गडिया, प्रभाष कुमार झा, प्रभाकर, एकांत, आशीष साहू, श्रीप्रकाश, सागर साहू, सुमित रंजन, अभिनंदन शर्मा, अभिप्रय वर्मा सहित झामुमो और आजसू के कार्यकर्ता निरंजन पांडेय, प्रदीप चौबे, फलजीत महतो, अजय ठाकुर, मोहम्मद सलीम अंसारी, गणेश आगीवाल व अन्य शामिल हैं। मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज भाजपा से जनता का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। जनता सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करने लगी है इसलिए देश को मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ता देखने केलिए आम जनता ने अपनी ताकत झोंक दी है। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे अनुभवी लोगों की योग्यता और कार्यक्षमता का पार्टी को लाभ मिलेगा। इनके सेवा के क्षेत्र बदले है लेकिन जिम्मेवारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था ने दुनियां को अचंभित किया है। यह बढ़ता भारत है, बदलता भारत है। उन्होंने कहा कि ऐसे में विपक्षी एकता के नाम पर परिवार और पैसे की राजनीति करने वाले, भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे दल और नेता मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे। राष्ट्र विरोधी शक्तियां उनके आदर्श बन रहीं। वे सनातन का विरोध, भारत का विरोध करना अपना धर्म समझ रहे। परिवार, भ्रष्टाचार, अत्याचार में शामिल हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में देश और प्रदेश को बचाने केलिए और अधिक मजबूत भाजपा की जरूरत है।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक ने अमर बाउरी को दी बधाई



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी, एवं जयप्रकाश भाई पटेल को सचेतक बनाए जाने पर पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने भाजपा के चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अमर बाउरी एक दलित परिवार से आते हैं। पार्टी ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष बना कर साबित कर दिया है कि भाजपा की एक जाति की पार्टी नहीं है। भाजपा में सभी जातियों के लोग हैं इसलिए आज यह पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि कोइरी कुर्मी समाज के लोग प्रधानमंत्री मोदी की कुशल नेतृत्व में विश्वास जताया है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में विजई होंगी और तिसरी बार फिर नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री होंगे। उन्होंने पांकी विधानसभा सभा क्षेत्र के सभी जनता की ओर से अमर बाउरी को बधाई दी है।

### कांग्रेस का हल्ला बोल कार्यक्रम स्थगित



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी एवं कोषाध्यक्ष अजय साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोल हल्ला बोल अभियान 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम को अब नवरात्र दुर्गा पूजा के बाद किया जाएगा।

### वृंदावन से आये कलाकारों ने किया रासलीला का मंचन





**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज शहर के आर सी लाल चौक के समीप रविवार की रात दशहरा के अवसर पर वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया। इससे पहले श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्यामसुंदर वैद्य, नवयुवक सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, अरुण स्वर्णकार, राजेन्द्र प्रसाद सहित समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर तथा दीप जलाकर मंच का उद्घाटन किया। बाद में कलाकारों ने मनमोहक रास व कृष्ण लीला का मंचन किया। इस अवसर पर राबर्ट गुप्ता, रामाशंकर जायसवाल, रिंकू शौंडिक, बीनू जायसवाल, रामजी सिंह, बब्लू कुमार, विश्वदीप, पुरुषोत्तम जायसवाल, करण राजवीर, भुनेश्वर गुप्ता, अवध गुप्ता, संतोष प्रजापति, दिनेश स्वर्णकार सहित नवयुवक सांस्कृतिक समिति के कई सदस्य व दर्शक उपस्थित थे।

### सरकार की योजनाएं धरातल पर उतारी जायेगी : प्रखंड प्रमुख



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बुढीबीर पंचायत के चोटहांसा और बुढीबीर में पंसस मद से बने दो पीसीसी सड़क का उदघाटन सोमवार को प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी एवं मुखिया अरविंद तिवारी नें संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर लोगों संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारकर पंचायत में विकास किया जाएगा। सरकारी कार्य को पूरा करने में सहायता करें, ताकि पंचायत की तस्वीर बदल सके। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण सरकार की योजनाओं की जानकारी रखें और लाभ उठाएं। मुखिया अरविंद तिवारी ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पंचायत के सुयोग्य लाभुक को अवश्य दिया जाएगा। मौके पर नारद यादव, अजय बैठा, प्रयाग चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, हृदया भुईयां, अजित तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सतबरवा : सीएसपी केंद्र खुलने से लोगों को मिलेगी सुविधा



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के पोंची गांव में एनएच 75 के किनारे सोमवार को महेंद्र मेहता के आवास में भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया। जिसका उदघाटन सतबरवा एसबीआई कृषि विकास शाखा के उप प्रबंधक विकास कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। मौके पर सिस्टम लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक अहमद हुसैन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, मेदिनीनगर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा सीएसपी केंद्र संचालक विकेश कुमार उपस्थित थे। विकास गुप्ता ने कहा कि गांव में सीएसपी केंद्र खुलने से लोगों को सुविधा मिलेगी। इस ग्राहक सेवा केंद्र में पीएम सुरक्षा बीमा के अलावे सामाजिक सुरक्षा के तहत अटल पेंशन योजना, पीएमजेवाई, पीएमएसबीवाई तथा एपीवाई का बीमाधारकों के लिए सुविधा दी जाएगी। राजेश कुमार ने बताया कि जनधन का खाता खोला जाएगा, पैसा निकासी और जमा की जाएगी। इस मौके पर दीपक कुमार, संदीप कुमार, सिकंदर भुईया, मंटू विश्वकर्मा, संजय पासी समेत कई लोग मौजूद थे।

### भगवान का कथा श्रवण से जीवन मंगलमय होता है : केशव प्रिया



**सतबरवा पलामू।** भगवान का कथा श्रवण करने से व्यक्ति का जीवन मंगल हो जाता है। उक्त बातें वृंदावन से पधारे कथा वाचिका केशव प्रिया ने पोलपोल में कही। वे रविवार रात्रि में पोलपोल के शिवबेल घोरही में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के पहले दिन कथा में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा श्रवण से व्यक्तियों का अमंगल का नाश हो जाता है और मंगल ही मंगल होता है। उन्होंने कहा कि पूरी इच्छा के साथ भगवान की कथा श्रवण करनी चाहिए और कथा को जीवन मे उतारना चाहिए। कलयुग में खासकर भागवत की चर्चा ही जीवन को सार्थक करने का एकमात्र आधार है। उन्होंने प्रभु श्री राम के गुणों की व्याख्या करते हुए कहा कि रामचरित्र मानस में आदर्श की व्याख्या की गई है। भगवान श्री राम का अवतार मनुष्य के रूप में पृथ्वी पर कल्याण करने के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि जहां प्रभु की कथा होती है वहां का बातावरण शुद्ध हो जाता है। और कथा श्रवण से मानव की ब्यथा दूर हो जाती है।

### नवरात्र में कन्याओं को भोजन कराने से सुख शांति व समृद्धि की होती है प्राप्ति : कौशल



**पाटन/छतरपुर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर प्रखंड के सहरसवा में कलश स्थापना और नौ दिनी रामकथा प्रवचन का शुभारंभ और पाटन प्रखंड के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा व पानी उपलब्ध कराकर उनके पांव पूजन कर किया। कौशल ने कहा कि नवरात्र में कन्याओं का पूजन करने व पौधे को पानी देने से सुख, समृद्धि व शांति मिलती है। अयोध्या से प्रवचन करने आये पदमेश जी महराज और विद्यालय के वार्डन अर्चिता सिंह ने पर्यावरण के क्षेत्र में कौशल के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद, बसंत विश्वकर्मा, सरिता देवी, मुरली प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, पूरन यादव, उपेंद्र पासवान, कमलेश शर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, अनिल प्रसाद, नाथ जी यादव, राजेंद्र प्रसाद, रामजीवन प्रसाद, कमलेश प्रसाद, विवेक प्रसाद, आराधना सिंह, रीना कुमारी, प्रीति सिंह, रिचा आदि शामिल थे।

# उपायुक्त ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर की बैठक, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 30 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पलामू दौरे को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा साथ ही सभी के साथ व्यवस्था पर चर्चा की। नगर आयुक्त को स्थल का साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फूल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का पैरेंट विभाग श्रम विभाग है ऐसे में उन्होंने श्रम अधीक्षक को सभी कार्य ससमय करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभा स्थल पर जेएसएलपीएस की ओर से लोगों के लिए खाने का प्रबंध किया जायेगा। बता दें कि सीएम 30 को मेदिनीनगर में प्रमंडलीय रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत स्थानीय युवाओं के बीच ऑफर लेटर का वितरण करेंगे।



**जिले के एकेडमिक टॉपरों को भी लैपटॉप देने की योजना**

उपायुक्त रंजन ने कहा कि 30 अक्टूबर के दिन मंच से जिला स्कूल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय के 10वीं व 12 वीं के एकेडमिक टॉपरों सहित आईटीआई के किसी बेस्ट छात्र को जिला प्रशासन की ओर से लैपटॉप भी दिया जायेगा। मौके पर एसपी रीष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह तीनों एसडीओ समेत जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पांकी विस क्षेत्र में बह रही है भक्ति व विकास की गंगा : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में भक्ति की बयार बह रही है। समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया है। क्षेत्र के लोगों को मां दुर्गे की कृपा से शांति व सुकून की अनुभूति भी हो रही है। उक्त बातें पांकी विस क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बोल रहे थे। डॉ मेहता ने पांकी के ग्राम आसेहार में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रम का उदघाटन पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। उन्होंने वहां अधूरे पड़े मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार व पूजा कमिटी को 11 हजार रूपये का सहयोग प्रदान किया। विधायक ने पांकी के महुगाई ग्राम व कोनवाई बाजार प्रांगण में आयोजित रामकथा प्रवचन एवं तरहसी प्रखंड के परसावां में दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला यादव समेत कई पूजा समितियों के पदाधिकारी, स्वयंसेवक व श्रद्धालु उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने पूजा समिति के पदाधिकारियों से कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने का आह्वान करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र में किसी भी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में हमारी भागीदारी रहेगी। डा मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास व भक्ति दोनों की गंगा प्रवाहित हो रही है। पांकी प्रखंड के हुरलौंग पंचायत के महुगांई गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित रामकथा प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने सभी पूजा कमेटी के सदस्यों को सम्मानित किया। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष बिजली साव, सचिव अरविंद प्रजापति, कोषाध्यक्ष संजय राम, उपाध्यक्ष अनूप कुमार पांडेय, उप सचिव बाबूलाल शर्मा, उप कोषाध्यक्ष सतेंद्र राम, आमरिक भुइयां, सुनैन राम, विकास यादव, विजय साव, शिव उरांव, सुनील उरांव, जयपाल उरांव, विवेक उरांव, अनिल चौधरी, शिवनाथ ठाकुर, विजय ठाकुर, विश्वनाथ प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, राजेश प्रजापति, सुपेंद्र साव, मिंटू कुमार, जितेंद्र कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बाल विवाह रोकना हमारी जिम्मेवारी : डीसी

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

**कार्यशाला में पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का किया गया लोकार्पण**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। यह बच्चों के जीवन मे अंधकार लाता है और बचपन को नष्ट कर देता है। इंसानियत के नाते हम सभी का फर्ज है कि इन कुरीतियों के खिलाप खड़े होकर इस कुप्रथा को रोकना होगा। बाल विवाह रोकना हमसभी की नैतिक जिम्मेवारी है। ये बातें उपायुक्त शशि रंजन ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के बैनर तले अग्रगति इंडिया संस्था के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त ने प्रखर अधिवक्ता भुवन ऋभु की लिखी पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का लोकार्पण किया। साथ ही उपायुक्त रंजन ने कार्यशाला में मौजूद सभी पदाधिकारियों को बाल विवाह को रोकने की शपथ दिलाई। उपायुक्त रंजन ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में एक क्विक रेस्क्यू टीम बनाने का निर्देश दिया। यह टीम बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी और बाल यौन शोषण के खिलाप कार्य करेगी और अग्रेतर कार्रवाई हेतु सीडब्ल्यूसी को रिपोर्ट करेगी ताकि संबंधितों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। बाल विवाह के खिलाप खड़ी होने वाली जिले के तीन किशोरियों को उपायुक्त ने कार्यशाला में सम्मानित किया। जो भी लोग बाल विवाह कराते हैं इसकी जानकारी प्रशासन को दें कार्रवाई की जायेगी। कार्यशाला में एसपी रिष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद डीडीसी, अपर समाहर्ता, डीएसओ प्रीति किस्कु, आनंद डिप्टी डायरेक्टर आईपीआरडी, बिमलेश शुक्ला डीपीएम जेएसएलपीएस, सेवाराम साहू डीडब्ल्यूओ, किरण सरकार दत्ता स्टेट हेड अग्रगति संस्था, पीयूष कांति घोष प्रोग्राम मैनेजर, संजय कुमार जिला समन्वयक सहित कई पदाधिकारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

# टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार, हथियार बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी उर्फ कुंदन जी उर्फ शेखर जी को हरिहरगंज थाना के मंगरदाहा ढोढ़ा क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इसकी जानकारी छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने प्रेस वार्ता में दी है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से पुलिस ने एक देशी लोडेड कट्टा, .315 का जिंदा गोली, दो मोबाइल, डायरी तथा टीएसपीसी संगठन का पर्चा बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी मई जून में ही जेल से छूट कर आया था। पुनः वह लोगों को डरा धमकाकर लेवी वसूलने का कार्य कर रहा था। मंगरदाहा के आसपास उसके रहने की सूचना पर पुलिस ने छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास,पथरा ओपी प्रभारी नीतिश कुमार, एस आई निरंजन कुमार सिंह, अनुप कुमार सहित जेजे सैट के जवान शामिल थे। वहीं पुलिस ने गत 11 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के पिपरा घाघरा गांव में एक आठ वर्षीय बालक की कुंआ में धकेल कर हत्या करने के आरोपी संदीप कुमार भुइंया को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# उपायुक्त ने दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर की बैठक



**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने बैठक की। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी और जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने सभी पूजा पंडालो में सीसीटीवी कैमरा लगाने, संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर उन स्थानों में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर अथवा अफवाह फैला कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी व एसपी ने सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिया कि त्यौहार के दौरान विधि व्यवस्था को हर हाल में कायम करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपनी थाना क्षेत्रों में गश्ती तेज करना है तथा सभी पदाधिकारियों को अलर्ट रहना है। साथ ही त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने हो व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पंडालों एवं धार्मिक स्थलों की लगातार निगरानी करने और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए विधि-व्यवस्था को हर हाल में चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने पर जोर दिया।

# डीसी, एसपी ने पांकी मे किया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी (पलामू)।** पांकी प्रखंड मुख्यालय में उपायुक्त शशिरंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेसन, डीडीसी रवि आनंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीती किस्कु समेत जिले के अन्य अधिकारी ने दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार की दोपहर पांकी में फ्लैग मार्च निकाला और समाज में शांति बनाये रखने के लिए संदेश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने पांकी लोहरसी रोड में बराज मोड़ तक वाहनों से भ्रमण किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि समाज में आपसी सौहार्द बनाये रखना सिर्फ प्रशासन का ही काम नहीं है बल्कि समाज में सभी जाति, धर्म व संप्रदाय के लोगों को मिलकर किसी भी पर्व त्योहार को आपसी भाईचारे के अनुसार मनाना चाहिए। ताकि आनेवाले पीढ़ी देखकर प्रेरणा ले सके। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि पलामू जिला में सिर्फ पर्व एवं त्योहार ही नहीं बल्कि किसी भी प्रकार के सार्वजनिक आयोजनों को भी सरल व सुगम तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर रहती है। इसके बावजूद भी समाज में कुछ ऐसे विघटनकारी शक्ति या समाज में विद्वेष फैलाने वाले असमाजिक तत्व मौजूद हैं जो कभी भी कहीं न कहीं अशांति फैलाने का काम करते हैं जिस कारण समाज में एक भय का वातावरण कायम हो जाता है। उन्होंने कड़े शब्दों में अशांति फैलाने वाले या उपद्रव मचाने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### जो विषपान कर विश्व की रक्षा करे वह देव नहीं महादेव हैं : पंडित मधुसुदन



**पाटन/पंडवा।** 33 कोटी देवता देव हैं परंतु भगवान शंकर महादेव क्यों की व्याख्या करते हुए अयोध्या से पधारे मानस मर्मज्ञ पंडित मधुसुदन शास्त्री ने कहा कि जो स्वयं विषपान कर विश्व की रक्षा करे वह देव नहीं महादेव हैं। पंडित शास्त्री पंडवा प्रखंड के लोहड़ा व पाटन प्रखंड के सकलदीपा में नवरात्र के मौके पर आयोजित श्रीरामचरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ में प्रवचन कर रहे थे। पंडित शास्त्री ने कहा कि ब्रह्मा जी जन्मदाता हैं, भगवान विष्णु पालनहार हैं परंतु संघारकर्ता भगवान शंकर को इसलिए महादेव हुए क्योंकि उन्होंने सागर मंथन के दौरान उत्पन्न हलाहल विष को स्वयं विषपान किया। पंडित शास्त्री ने कहा कि विषपान के पूर्व मैया पार्वती ने भगवान भोले शंकर को बहुत समझाया कि आप विषपान नहीं करें लेकिन भगवान शंकर ने मां पार्वती को यह समझाया कि विश्व की सुरक्षा व समस्त प्राणियों के कल्याणार्थ विषपान अतिआवश्यक है। पंडित शास्त्री ने अपने प्रवचन में श्रीरामचरितमानस के कई प्रसंगों का संगीतमय प्रवचन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### किशुनपुर प्लस टू के छात्रों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**पाटन पलामू।** खेलो झारखंड जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किशनपुर+2 हाई स्कूल के छात्रों ने गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में परचम लहराने वाले छात्रों में से बालक वर्ग अंडर-14 में सुशील कुमार गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में 1500 मी दौड़ में पीयूष कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अंडर-17 में 800 मीटर और 1500 मी० दौड़ में नेहा कुमारी गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में अमृता कुमारी 800 मी और 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल तथा सिल्वर मेडल प्राप्त किया। साथ ही अंडर-19 बालिका वर्ग में प्रीति कुमारी 400 मी दौड़ में सिल्वर मेडल।1500 मीटर दौड़ में काजल कुमारी गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिता कुमारी ने सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई और सम्मानित कर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेलो झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 28 अक्टूबर को रांची में आयोजित है। सभी प्रतिभागी भाग लेंगे और विद्यालय व प्रखंड तथा जिला का नाम रौशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शीला मनोनीत टोपनो, चंद्रदीप राम, खेल शिक्षक विवेक शुक्ला,भीम राम, बबली कुमारी, सोमनाथ महतों, दीपक हजारी, शगुफ्ता यास्मीन, निर्पेंद्र सम्राट, आशुतोष, रिजवान, मुकेश सिंह, सब्बे आलम, मुकेश कुमार तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# डांडिया नाइट की तैयारी पूरी : पलामू चैंबर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा नवरात्र के शुभ अवसर पर आयोजित डांडिया नाइट की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि हम बहनों ने पहली बार इस कार्यक्रम को आयोजित किया है जिसमें मात्र 500 लोगों की व्यवस्था की गई है। हम सबों ने जहां मुंबई से आ रहे कलाकार शेफाली जरीवाला और मिस इंडिया रही सिमरन आहूजा को डांडिया हेतु आमंत्रित किया है। मौके पर अध्यक्ष शर्मिला ने बताया कि हमारे शहर की काफी महिला इस कार्यक्रम को लेकर उत्साही हैं। हम सबों ने बहनों के लिए विशेष डांडिया खेलने की व्यवस्था रखी है और आमंत्रित लोगों के लिए नवरात्र का भोजन बिना लहसुन प्याज का तैयारी कराई जा रही है ताकि नवरात्र की पवित्रता को बनाए रखी जाए। कार्यक्रम की व्यवस्था को देखरेख के लिए मंच हेतु महिला विंग की महामंत्री प्रियंका सिंघानियां, प्रेस रेनू शर्मा, कंचन गुप्ता, ग्रीन रूम हेतु फरहा नाज एवं राखी सोनी मुख्य अतिथियों की देखरेख के लिए प्रियंका साहू, ममता सिन्हा को जवाबदेही दी गई है। मौके पर शर्मिला वर्मा ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग के लिए पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, कृष्ण अग्रवाल अनवर भाई एवं सदस्यों को बधाई दी है। साथ ही कार्यक्रम के स्पॉन्सर रोटरी क्लब, लायंस क्लब, सोना महल, रेशम बाय संध्या, प्रेमसंस मोटर, हेरीटेज टोयोटा, जय मां शारदा मोटर, रतनलाल हीरो, आनंद ऑटो बाइक्स, पलामू ट्रैक्टर, आनंद मोटर्स, रिपब्लिक हुंडई, अर्जुन ऑटोमोबाइल, मां दुर्गा ऑटोमोबाइल, श्री दुर्गा ऑटोमोबाइल एवं ओसम डेयरी को भी धन्यवाद दिया है।

### छीपादोहर में 720 पेटी अवैध शराब लोड ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर/ विश्रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेसन के गुप्त सूचना के आधार पर विश्रामपुर थाना पुलिस ने छापेमारी कर अवैध 720 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वहीं ट्रक नंबर एचपी 12 सी 6236 को जब्त करते हुए चालक पाला सिंह पिता दलित सिंह जिला फिरोजपुर पंजाब को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी शशिरंजन ने बताया कि वरीय अधिकारी के निर्देश पर टीम गठित कर गश्ती बल के साथ थाना से प्रस्थान किया। जो बी मोड़ की ओर से इटको मोड़ की तरफ जा रही एक ट्रक को गेट के सामने रोकने का प्रयास किया जो भागने लगा। भागने के क्रम में विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी अंतर्गत ग्राम छीपादोहर में अवैध शराब लोड ट्रक जब्त किया। उसकी जब तलाशी ली गई को उसमें कपड़ा के टुकड़ा से भरा हुआ कार्टून जैसा पेटी बरामद हुआ। जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब पाया गया। थाना प्रभारी ने जब चालक से पूछताछ करते हुए कागजात का मांग किया तो चालक देने से असमर्थता जताया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी के साथ सअनि रंजीत कुमार दियाशी, हवलदार छत्रधारी मेहता, कमरूदीन बैठा समेत पुलिस बल शामिल थे।

### जल सहिया व मुखिया को मिला प्रशिक्षण



**नौडीहा बजार पलामू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में जल सहिया और मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कोर्डिनेटर शम्भू सिंह ने किया। मौके पर वास कोडीनटर जय प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण में बताया गया कि पंचायत स्तर पर कैसे सुखता और जल सृजित किया जाये और प्रत्येक पंचायत में फेज टू के तहत शौचालय निर्माण कार्य शुरू करने के लिए चयनित गांव में कैसे जल्द जल्द निर्माण कार्य किया जाये। इस मौके पर नावाटाड मुखिया निर्मला देवी, पातो देवी, विनोद सिंह, जितेंद्र पासवान, गौतम सिंह, ललीता देवी, सुनीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## शिवबेल घोरही में दुर्गा पूजा महोत्सव के 11 वे अधिवेशन का उदघाटन

# धर्म के मर्म को समझने की जरूरत : अर्जुन पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** धर्म और राजनीति दोनो दो बातें हैं। मेरे धार्मिक कार्य को राजनीति से जोड़कर नही देखना चाहिए। मैं राजनीति से कोसो दूर हूं। धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। धर्म हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जब जब पृथ्वी पर अधर्म बढा है भगवान को अवतार लेना पड़ा है। उक्त बातें धर्म निष्ट सनातनी धर्म रक्षक मुख्य सरंक्षक लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने कही। वे शिवबेल घोरही में दुर्गा पूजा महोत्सव के 11 वे अधिवेशन के अवसर पर नव युवक विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम के उदघाटन में बोल रहे थे। पांडेय ने कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पांडेय ने कहा कि सदसंगति से मानव जीवन मे बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि जीवन को कृतार्थ करने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि समाज में छुआ छुत, अंधविश्वास, अशिक्षा को मिटाकर ही हम धर्म की स्थापना कर सकते हैं। मौके पर शिक्षक सह समाजसेवी भरदुल सिंह, गुमला भरनो में पदस्थापित बीडीओ अरुण सिंह, अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, कृष्णकान्त चौबे, प्रवीण सिंह, शैलेश दुबे, शैलेश तिवारी, बबलू पांडेय, रवि शर्मा, राकेश पांडेय, सरजा के पूर्व मुखिया व बर्तमान मुखिया पति आनंद कुमार आदि लोगो ने भी बिचार ब्यक्त किये। मौके पर नव युवक विकास समिति के अध्यक्ष विजय शंकर यादव, सचिव सुभाष सिंह, उपाध्यक्ष ध्रुप पाल, कोषाध्यक्ष पिंटू सिंह, सोनू कुमार सिंह, राजनारायण प्रजापति, करण सिंह, जोगेंद्र सिंह, अजय यादव, सोनू प्रजापति, मोहन सिंह, उमेश सिंह, रविंदर सिंह, राजनाथ सिंह, मनोज चौधरी, चंदन चौधरी, शक्ति सिंह, पवन पाल, राकेश सिंह, आशीष रंजन सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। पाण्डेय रविवार को पोलपोल के सरजा में दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर नवयुवक विकास समिति के द्वारा आयोजित श्री राम कथा के उदघाटन समारोह में शामिल हुए। समारोह में शैलेश दूबे, शैलेश तिवारी, नवीन तिवारी, राकेश पाण्डेय, रवि शर्मा, आनंद प्रकाश दूबे, रजनीकांत तिवारी (चंदन), दिलीप तिवारी, बब्लू पाण्डेय, लल्लू पाण्डेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया कृष्ण लीला कार्यक्रम का उदघाटन

# भक्ति से मिलती है शक्ति : आलोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ पलामू।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रामगढ़ प्रखंड के ग्राम माधवखाड़ में वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा श्री कृष्ण लीला का आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया।

इस मौके पर पूजा कमेटी के सदस्यों ने विधायक को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि भक्ति से ही शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र पर मां भगवती की कृपा हमेशा बरसती रहे यही कामना करते हैं।

मौके रामगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू राम ने कहा कि इस तरह हमारे माधवखाड़ के नवयुवक संघ वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा धार्मिक कार्यक्रम जो होता है इससे समाज में एक जुटता व भाईचारा बढ़ता है। मौके पर माधवखाड़ के नवयुवक संघ के अध्यक्ष, दीपक यादव, कोषाध्यक्ष, विनोद यादव, उपाध्यक्ष, दीनानाथ यादव, नागेंद्र यादव, संचालक सुरेश यादव, संस्थापक ईदन यादव, लक्ष्मण यादव, रामजीवन यादव, ज्ञानगंज चौरसिया, अमलेश चौरसिया, दिनेश यादव, पंकज जयसवाल सहित सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## नैनो इंटरप्राइजेज के लिए 15 महिला उद्यमियों को दिया ऋण

**धनबाद।** नैनो इंटरप्राइजेज के लिए सोमवार को ग्रामीण उद्यमिता विकास केंद्र गोविंदपुर के माध्यम से 15 महिला उद्यमियों को नैनो इंटरप्राइजेज के लिए 15 लाख रुपए ऋण दिया गया। साथ ही सभी उद्यमियों का उद्यम रजिस्ट्रेशन कराया गया। ऋण की राशि कम ब्याज दर पर मिलने से सभी महिला उद्यमी उत्साहित दिखी। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के श्री नवीन कुमार ने बताया कि महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने हेतु जेएसएलपीएस लगातार प्रयासरत है। इन उद्यमियों के व्यापार का डे बुक, मासिक पुस्तिका आदि का भी संधारण कराया जाता है। श्री रमेश कुमार मंडल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए जेएसएलपीएस दीदियों को ऋण की व्यवस्था करके दे रही है। जिससे एक सशक्त महिला उद्यमी का समाज में निर्माण हो सके। मौके पर महिला उद्यमी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित हुए।

## टीबी मरीजों को केबी कॉलेज प्राचार्य ने दिये पोषाहार

**बेरमो।** नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा एवं कॉलेज परिवार के द्वारा टीबी रोगी को पोषाहार वितरण किया गया।ज्ञात हो कि छह महीने से लगातार पांच टीबी रोगियों को गोद लेकर केबी कॉलेज बेरमो पोषाहार वितरण का कार्य कर रही है । पौष्टिक आहार टीबी रोगियों को बीमारी से निजात दिलवाने में मदद करती है। इस पोषाहार किट मे प्रति रोगी तीन किलो दालए डेढ़ किलो चनाए एक किलो बादामए एक किलो गुड़ए एक किलो सरसों तेल शामिल है। कॉलेज परिवार के द्वारा विगत छह महीनों से गोद लेकर टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित किया जा रहा है साथ ही कॉलेज मे टीबी जागरुकता पर सेमिनार का आयोजन भी करवाया गया है। ताकि टीबी रोकथाम की दिशा में पहल किया जा सके । सोमवार के पोषाहार वितरण कार्यक्रम मे कॉलेज परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## नवरात्र शुरू होते ही कारोबार में आयी तेजी व्यापारियों में खुशी

**बेरमो।** शारदीय नवरात्र शुरू होते ही बाजार में फिर से रौनक लौटती नजर आई। ऑटोमोबाइलए सराफा बाजारए किरानाए फलए कपड़ा बाजार में चहल.पहल दिखी। व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं। कपड़ा और रेडीमेड व्यापारियो के लिए शारदीय नवरात्र का दूसरा दिन बेहतर रहा। फुसरो बाजारए करगली बाजार और जरीडीह बाजार सज गए हैं। कारोबारियों को आने वाले त्योहारी सीजन से बड़ी उम्मीद है। नवरात्र में मां दुर्गा के विशेष अनुष्ठान के लिए पूजा सामग्री खरीदने के लिए बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सोमवार को न्यू काश्मीर रेडीमेड के प्रोपराइटर समशेर आलम उर्फ विक्की ने बताया कि शारदीय नवरात्र शुरू होते ही रेडीमेड कपड़े की खरीदारी के लिए हमारे दूकान मे लोग पहुंच रहे है।

## गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी ने इंटक अध्यक्ष का किया स्वागत



बोकारो। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस चास में संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह ने धनबाद के पूर्व सांसद एवं इंटक अध्यक्ष चंद्रशेखर दूबे का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। उनके स्वागत में संस्थान के सचिव सुरेंद्र पाल सिंह गुरविंदर सिंह एवं कॉलेज के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार उपस्थित रहे। श्री ददई दूबे ने संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह के नेतृत्व में कॉलेज की सराहना की। सचिव श्री सिंह ने कॉलेज में चल रहे विभिन्न इंजीनियरिंग कोर्स एमबीए बीबीए बीसीए एवं फैशन टेक्नोलॉजी के कोर्सों से अवगत कराया।

# धनबाद उपायुक्त ने बाल विवाह के विरुद्ध आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिलाई शपथ

**●बाल विवाह के खिलाफ चला हस्ताक्षर अभियान**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सोमवार को समाहरणालय परिसर में राज्यव्यापी बाल विवाह से आजादी अभियान में जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को शपथ दिलाकर एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान समाहरणालय परिसर में मौजूद सभी पदाधिकारी, कर्मी एवं पत्रकारों ने भी शपथ ली और हस्ताक्षर अभियान में भी हिस्सा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि बाल विवाह एक अत्यंत ही गंभीर मुद्दा है जिस पर रोक लगाने हेतु जमीनी स्तर पर जनमानस को जागरुक करते हुए राज्य में बाल विवाह के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार करने की आवश्यकता है। इसी आलोक में आज धनबाद जिला में बाल विवाह के विरुद्ध एक राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान (बाल विवाह से आजादी) आयोजित किए गए। जिसमें जमीनी स्तर पर सभी संबंधित हितधारकों, जनसामान्य सहित की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। साथ ही पूरे जिले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप ने बताया कि आज जिले के लगभग 1700 स्कूलों में बाल विवाह के विरुद्ध शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही सभी आंगनबाड़ी सभी प्रखंड कार्यालय कस्तूरबा आदि में भी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावे कस्तूरबा गांधी विद्यालय में एवं है बाजारों में नुक्कड़ नाटक कर जागरूकता अभियान चलाया गया।

## स्कूली बच्चों ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**बेरमो/ललपनिया।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तहत सोमवार को जन सहयोग केन्द्र हजारीबाग के सचिव नरेन्द्र कुमार महतो उर्फ रंगीला एवं कोषाध्यक्ष रीता कुमारी की अगुवाई में गोमिया प्रखण्ड के करीखुर्द पंचायत के अंतर्गत हाई स्कूल कुर्कनालोए मासी मार्सल हाईस्कूल कजरकीलोए नवप्राथमिक विद्यालय दूधमोए मध्य विद्यालय करीखुर्द एवं नवप्राथमिक विद्यालय भेलवापानीए नवप्राथमिक विद्यालय बड़कीटंडए नव प्राथमिक विद्यालय बाराटांड़ए नव प्राथमिक विद्यालय बासौबारएपंचायत भवन करीखुर्द में स्कूली बच्चो के साथ जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इसमें स्कूली बच्चों के बीच बाल विवाह को लेकर कई जानकारी दी गई। यहां कार्यक्रम में सभी हीतधारको वार्ड सदस्यगणए आंगनवाड़ी केंद्र सेविका.सहायिकाए सहिया शामिल हुए। सभी लोगो ने स्कूली बच्चो एवं बच्चियों तथा आंगनवाड़ी के बच्चों साथ मिलकर अपने अपने गाँव मे प्रभात फेरी व शपथ समारोह मानव श्रृंखला बना कर पुरे गॉव को यह सन्देश दिए की ना खुद बाल विवाह करेंगे और ना ही किन्ही को बाल विवाह करने देंगे न कोई बालविवाह के आयोजन मे शामिल होंगे। केंद्र कोषाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि कम उम्र में मां बनने से लड़कियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि तथा विकास रूक जाता है। कम उम्र में शादी होने से लड़कियां कम उम्र में गर्भधारण भी करती हैं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के वजह से जान गंवाती हैए सही पोषण नहीं मिल पाता।

## गोविंदपुर प्रखंड परिवार ने किया नये बीडीओ जहीर आलम का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को प्रखंड परिवार ने नये बीडीओ जहीर आलम का स्वागत किया एवं निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार की विदाई दी। मुखिया संघ एवं प्रखंड कार्यालय परिवार द्वारा आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने की। नये बीडीओ मो जहीर आलम ने कहा कि मुखिया, पंचायत समिति सदस्यो एवं जनता का सहयोग लेकर वे प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे । यदि गांव के कोई गरीब प्रखंड मुख्यालय नहीं आ पाते हैं और जरूरतमंद है तो वह गांव जाकर उनकी मदद करेंगे । निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से ही उन्होंने 3 वर्षों तक गोविंदपुर प्रखंड की जनता का उन्हें अपार सहयोग मिला। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने संतोष कुमार को मिलनसार एवं कर्मठ अधिकारी बताया। कहा जहा भी विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई बीडीओ तुरंत पहुंच जाते थे। वक्ताओं ने संतोष कुमार के कार्यों की सराहना की। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने की। मौके पर पूर्व प्रमुख डीएन सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष गयासुद्दीन अंसारी, सचिव गोविंद साव, रामकिशुन विश्वकर्मा, वीरेंद्र रजक, मोकीम अंसारी, सुधीर महतो, सारथी मंडल, जिप सदस्य सोहराब अंसारी, एजाज अहमद मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा**
**Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **RDD/SD/SIM/04/2023-24** द्वारा प्राकाशित निविदा जिसका Pr. N0. 308754 Rural Development(23-24)_D है, के क्रमांक 4 जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit एवं Bank Certificate for Credit facility जमा करने की तिथि एवं समय :– 26.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा में दिनांक 26.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा

PR 309218 Simdega (23-24)_D


## अमर बाउरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर बांटी मिठाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के द्वारा चंदनकयारी के विधायक अमर कुमार बाउरी को झारखंड भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर आज रणधीर वर्मा चौक पर भाजपा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह एवं गोरचंद बाउरी के नेतृत्व में आतिशबाजी एवं मिठाई माटी गई इस मौके पर भाजपा और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर के सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे एवं एक दूसरे में मिठाई खाकर खुशी जाहिर की। मौके पर नितिन भट्ट , श्रवण राय ,मानस प्रसून, वीरेन्द्र हांसदा, डब्लू बाउरी, ध्रुव हरि, योगेन्द्र यादव,महेश पासवान, रंजीत भुईयां ,ललन पासवान, आशीष पासवान, मिल्टन पार्थ सारथी, चन्द्रशेखर मुन्ना,फूल जोशी,श्रीमंत बाउरी, बालेश्वर बाउरी, बप्पी बाउरी ,आनंद बाउरी, लाला बाउरी, गोपाल बाउरी ,बांटी बाउरी, राजा बाउरी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**●पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा, बिजली सीसीटीवी और फायर सिस्टम को लेकर दिए निर्देश**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन द्वारा जिला प्रशासन की टीम के साथ आज रात झरिया,सिंदरी,भूली,कतरास के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इस पर पूजा कमेटियों के साथ बातचीत कर उसे दूर करने पर चर्चा की। रविवार को उपायुक्त वरुण रंजन ने एडीएम लॉ एंड आर्डर, एसडीएम, डीएसपी यातायात, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल के पदाधिकारी, भवन प्रमंडल के अभियंता, सिविल सर्जन, कार्यपालक दंडाधिकारी के साथ शहर के कई पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और पूजा कमेटियों को जरूरी निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि दुर्गा पूजा में जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि पंडाल के उद्घाटन से लेकर विसर्जन तक जिला प्रशासन एवं पूजा कमेटियां आपस में सामंजस्य स्थापित कर दुर्गोत्सव संपन्न कराए इसको लेकर लगातार मोनिटरिंग की जा रही है। पंडालों में सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, बिजली, सीसीटीवी और फायर सिस्टम को लेकर निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि सुरक्षा के साथ ट्रैफिक और पार्किंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जरूरत के हिसाब से हर जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया जा रहा है।


**कार्यालय**
**अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी**
**जिला अंधापन नियंत्रण समिति, कोडरमा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

कोडरमा जिले में आँख से संबंधित बीमारियों के ईलाज हेतु अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी जिला अंधापन नियंत्रण समिति, कोडरमा में निजी संस्थान/गैर सरकारी संस्थान जिनके पास कुशल सर्जन एवं शल्य कक्ष की सुविधा उपलब्ध है वे निम्नांकित कागजातों के साथ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

1. Clinical Establishment Act. Registration
2. Doctor Consultation
3. Doctor Degree & HR Detail
4. Health Department esa 3 Years Experience Certificate
5. Ophthalmic Assistant paper
6. Niti Aayog NGO Darpan Unique ID
7. Fire Safety
8. Ambulance
9. Bio Waste
10. Account Number
11. Pan Number

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी जिला अंधापन नियंत्रण समिति, कोडरमा में MOU होने के उपरांत उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिए सरकारी नियमानुसार राशि देय होगा।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
जिला अंधापन नियंत्रण समिति, कोडरमा।

PR.NO.309230 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D


## पीडीएस डीलर्स संघ ने दी हड़ताल की धमकी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** मृत राशनकार्ड धारियों के हिस्से का अनाज डीलर नहीं खाते बल्कि संबंधित मृतक लाभुक के परिजन स्वयं उठाते हैं। उक्त बातें कसमार प्रखंड पीडीएस डीलर्स संघ ने कही। डीलर संघ की बैठक बगियारी स्थित मंगलचंडी मंदिर परिसर में संघ के अध्यक्ष श्यामल कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें एक दैनिक समाचार पत्र में छपी खबर पर एतराज जताया। कहा कि कुछ मृत हो चुके राशनकार्ड धारियों का नाम राशनकार्ड से हटा नहीं है जिससे अनाज लगातार आ रहा है जो संबंधित मृतक लाभुक के परिजन उठाते आ रहें हैं। अनाज नहीं देने पर लाभुक हंगामा खड़ा कर देते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में डीलर्स को प्रताड़ित किया जा रहा है और निलंबन करने की चेतावनी दी जा रही है। अगर अधिकारी परेशान करेंगे तो डीलर्स संघ नवंबर माह से अनाज उठाव नहीं कर हड़ताल करेंगे। बैठक में संघ के अध्यक्ष श्यामल कुमार झा उपाध्यक्ष वीणा देवी दीपक झा शंकर जायसवाल गंगाधर बैठा रामकिंकर झा इब्राहिम अंसारी मनोज सिंह फुलेश्वर महतो निर्मल गोस्वामी अखिल रजक सुरेंद्रनाथ मुंडा रावण मांझी हनीफ अंसारी जगदम रविदास शत्रुघ्न हेंब्रम संतोष प्रजापति राजकिशोर जायसवाल समेत महिला एसएचजी की सदस्य मौजूद थीं।

## बाघमारा पुलिस ने अवैध लोहा लदा पिकअप वैन को किया जब्त

**बाघमारा।** बाघमारा पुलिस ने रविवार दिनदहाड़े फिल्मी स्टाइल में अवैध लोहा लोड पिकअप वेन को पकड़ने का काम किया। इस दौरान थाना प्रभारी नीतीश अश्विनी द्वारा आत्मरक्षा के लिए पिस्टल निकालता देख वेन में सवार अपराधी वाहन छोड़ भाग निकले। हालांकि इस दौरान पुलिस ने अपराधियों को खदेड़ कर पकड़ने का प्रयास भी किया। मामले में एएसआई रणधीर कुमार सिंह के ब्यान पर वाहन संख्या जेएच 09 एएच 6434 के मालिक,चालक तथा 3-4 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। घटना को लेकर बताया जाता है कि रविवार दोपहर लगभग एक बजे पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग सिद्पोकी बस्ती के समीप बीसीसीएल का लोहा चोरी कर पिकअप वेन से चोरी कर रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी गस्ती दल के साथ सिद्पोकी बस्ती के समीप छापामारी करने जैसे पहुंचे उसी समय लोहा चोर वाहन के साथ गंतव्य की ओर निकल रहा था। इसे ओवरटेक कर रोका गया। जैसे ही पिकअप वैन रुका कि उसमें सवार लोग उतर कर भाग गये और पुलिस ने वैन को जब्त कर लिया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**

E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/858 Date :- 14/10/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of H.L. Bridge over Bartoli Nala in 15th KM of Karra More (Torpa) to Karra Road. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs 3,47,34,351.00 Rs. Three crore Forty Seven Lakh Thirty Four Lakh Three Hundred Fifty One only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 3,48,000.00 Rs. Three Lakh Forty Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 15 Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 21.11.2023 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 27.10.2023 at 10:30 A.M. |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
R.C.D., Road Division, Khunti

PR 309195 Road (23-24)_D


## दुर्गा पूजा पंडाल के पदाधिकारियों संग एसडीएम ने की बैठक

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत सभी दुर्गा पूजा अध्यक्ष एवं सचिव के साथ शांति व्यवस्था कायम रहे विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बी बीएन सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें सभी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को सरकार द्वारा दी गई दिशनिदेशों का श अक्षर पालन करने की निर्देश दिया गया।

## मिथिला परिषद के विद्यापति सम्मान समारोह का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद द्वारा नगर के सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित विद्यापति सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के एसपी प्रियदर्शी आलोक विशिष्ट अतिथि डालमिया सीमेंट के सीईओ प्रिय रंजन परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार महासचिव अविनाश कुमार झा मिथिला एकेडमी स्कूल के अध्यक्ष हरि मोहन झा सचिव पीके झा चंदन मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा ने कार्यक्रम का शुभारंभ महाकवि विद्यापति की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि व निक्की रंजन को पाग शॉल व मिथिला पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शामिल बोकारो के कलाकारों सहित परिषद के सक्रिय पदाधिकारियों व कार्यकताओं को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने सम्मानित किया। साथ ही मिथिला से आये शिक्षाविद अरुण कुमार झा मंजू झा व दिगंबर झा को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री आलोक सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिवेश में युवावर्ग को मिथिला की संस्कृति व संस्कार से जोड़े रखने में इस तरह के कार्यक्रमों की प्रशंसनीय भूमिका होती है। संचालन परिषद के शंभु झा व धन्यवाद ज्ञापन राजेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में परिषद के समरेन्द्र झा प्रदीप कुमार झा अविनाश झा अवि सुनील चौधरी मिहिर झा राजू अरुण पाठक दीपक झा स्कूल के जय प्रकाश चौधरी नीरज चौधरी सहित एके झा श्रीमोहन झा विजय कुमार झा सुनील मोहन ठाकुर गंगेश कुमार पाठक अमिता झा किरण मिश्रा उषा झा ममता झा बीनू चौधरी शिखा चौधरी आदि मौजूद थे।

# मातृभूमि का सम्मान करने वालों को देश करता है सम्मानित

**●ढोरी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक एम के अग्रवाल ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान कहा कि ये एक अभियान नहीं है बल्कि ये एक जन जागरण है। इसके साथ ही जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने एक चुटकी मिट्टी लेने के साथ ही धरती माता के लिए पांच तरह के संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के अमृतकाल में माटी का वंदन अभियान एक सार्थक और बेहद आवश्यक मुहिम है। उन्होंने कहा कि ये अभियान महज एक अभियान नहीं है। ये जन जागरण है। जीएम ने कहा कि भारत के इतिहास पर अगर नजर डालें तो इस धरती माता की रक्षा के लिए हर काल में लाखों.लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया है, तब जाकर भारत माता आज एक हजार साल की गुलामी के बाद भी अपनी भारतीय संस्कृति को समेटे हुए जीवित हैं। भारत वो देश है, जहां बलिदानियों की पूजा हुई है, जहां इस धरती माता के लिए मर मिटने वालों के सदा.सदा मेले लगते हैं और इस धरती का सम्मान न करने वालों को भारत का समाज कभी श्रद्धा की दृष्टि से नहीं देखता।

देश की वीर बलिदानियों से सीखें माटी की रक्षा करना। एसओपी प्रतुल कुमार ए पीओ रंजीत कुमार व शैलेश प्रसाद ने कहा कि महाराणा प्रताप आज इसलिए पूजनीय है क्योंकि उन्होनें गुलामी को स्वीकार नहीं किया और भारत माता की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर किया। गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज इसलिए पूजनीय हैं क्योकि उन्होनें धर्म की रक्षा के लिए विश्व का सबसे बड़ा बलिदान पिता का बलिदानए स्वयं का बलिदान चारों पुत्रों का बलिदान कर दिया। सरदार भगत सिंह राजगुरू चंद्रशेखर आजाद बटुकेश्वर दत्त अशफाक उल्ला खां स्वतंत्र वीर सावरकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस लाला लाजपत राय रानी लक्ष्मीबाई तांत्या टोपे कृष्णदेव राय ने माटी की सौगंध खाकर देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। आज उन्हीं की माटी को नमन किया जा रहा है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**

E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/859Date :- 14/10/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of H.L. Bridge Over Karma Nala in 14th KM of Karra More (Torpa) to Karra Road. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 4,21,44,674.00 Rs. Four Crore Twenty One Lakh Forty Four Thousand Six Hundred Seventy Four only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 4,22,000.00 Rs. Four Lakh Twenty Two Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 15 Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 21.11.2023 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 27.10.2023 at 10:30 A.M. |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
R.C.D., Road Division, Khunti

PR 309194 Road(23-24)#D

# महिलाओं की शक्ति

भारत सहित तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों- एशिया, अफ्रीका एवं लातिनी अमेरिका में गोल्डिन के निष्कर्ष बहुत मुखर और स्पष्ट होकर सामने आते हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की बेरोजगारी दर कहीं अधिक है। उन्हें पहले से ही अर्द्ध कुशल या अकुशल मानकर उन्हें समान काम के लिये भी कम वेतन दिया जाता है। भारत सहित जहां भी पितृसत्तात्मक व सामंती सामाजिक व्यवस्था है, वहां कामकाजी महिलाएं उपहास व आलोचना की पात्र बनकर रह जाती हैं। बड़ी संख्या में पढ़ी-लिखी महिलाओं का जीवन घरू काम करते हुए गुजर जाता है। पहले से ही माना जाता है कि उनके जीवन की सार्थकता ब्याह के बाद पति व ससुराल वालों की सेवा-टहल और बच्चों की परवरिश करने में हैं। यह किसी एक धर्म की बात नहीं है। अधिकतर सम्प्रदायों व समुदायों की महिलाओं के बाबत यही यथार्थ है। बड़ी संख्या में लोगों की यह भी मान्यता है कि महिलाएं मौज-मस्ती या अपने फैशन के खर्चे पूरे करने के लिये काम करने घरों से निकलती हैं।हाल ही में भारत के सन्दर्भ में ये आंकड़े सामने आये थे कि 2018-19 से 2022-23 के बीच जितने लोगों ने नियमित नौकरियां खोईं, उनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने पक्की नौकरियां खोई हैं। इनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। इनमें 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। कामकाजी महिलाओं का औसत बेहद चिंतनीय है और उनके सशक्तिकरण के ठोस उपाय करने में ज्यादातर अविकसित व विकासशील देशों की कोई भी अर्थप्रणाली नाकाम साबित हुई है। महिलाओं को शक्ति मानना और होना के बीच अंतर समाप्त होना चाहिए।

# प्रदूषण की परवाह

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने अपने पहले दौर के निरीक्षण और जुमार्ने के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 344 उद्योगों को बंद करने के आदेश दिए हैं। ये उद्योग दिसंबर 2022से वायु प्रदूषण मानदंडों का उल्लंघन कर रहे थे। आयोग के उड़ाका दस्ते ने 484 इकाइयों या प्रतिष्ठानों को बंदी का नोटिस जारी किया है। उद्योगों के अलावा 99 निर्माण व ध्वस्तीकरण (सीऐंडडी) साइटों, 41 डीजल जेनरेटरों को भी प्रवर्तन कार्यबल (ईटीएफ) ने बंदी का नोटिस दिया है।

सीएक्यूएम के आंकड़ों के मुताबिक 30 सितंबर तक कुल 8,270 स्थलों का निरीक्षण दिसंबर 2021 से किया गया, जिससे कि आयोग द्वारा जारी वैधानिक दिशानिर्देशों का अनुपालन हो सके। सीएक्यूएम के मुताबिक बिल्कुल अनुपालन न करने वाली इकाइयों को तत्काल बंद किया गया है। मामूली उल्लंघन करने वालों के मामले को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के पास समुचित कार्रवाई के लिए भेजा गया है। प्रदूषण मानकों का पालन न करने वाली इकाइयों को बंदी का नोटिस जारी किया गया है। जरूरी मानकों को पूरा करने के बाद उन्हें कामकाज शुरू करने की अनुमति होगी। उत्तर प्रदेश की इकाइयों को सबसे ज्यादा 208 जांच और बंदी का नोटिस जारी किया गया है। दिल्ली में 109, हरियाणा के एनसीआर क्षेत्र में 116, राजस्थान के एनसीआर में 51 स्थलों को बंदी का नोटिस मिला है। कुल 484 साइट में से 364 इकाइयों या प्रतिष्ठानों, जिनमें 271 उद्योग, 57 सीऐंडडी, 36 डीजी सेट्स हैं, को पर्यावरण मुआवजा शुल्क देने के बाद कामकाज बहाल करने की अनुमति दी गई थी। विभाग द्वारा करीब 50 प्रतिशत जांच व बंदी नोटिस नवंबर और फरवरी के बीच जारी किए गए। पर्यावरण विशेषकर वायु प्रदूषण को लेकर सरकार की सजगता आवश्यक है।

# जातिगत जनगणना वामपंथियों की सुनियोजित षडयंत्र





**- राजेन्द्र तिवारी**

> 'जातिगत जनगणना' सन 1931 में अंग्रेजों द्वारा इस उद्देश्य से कराई गई थी कि भारत के हिन्दू समाज को संख्या के आधार पर जातिगत चिह्नित करते हुए 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चलना है। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात जब से प्रजातंत्र के आईने में चुनाव होना प्रारम्भ हुए, तभी से लगातार प्रत्येक चुनाव में जातियों को चिह्नित किया जाता रहा है।

**बात** बहुत गहराई की है, समझने की है कि देश में क्या-क्या षड्यंत्र चल रहे हैं। विषय है 'जातिगत जनगणना' का। कुछ लोग 'जातिगत जनगणना' की मांग का राग अलाप रहे हैं। यह समझना होगा कि वृहद हिंदू समाज के विरुद्ध वामपंथियों का यह सुनियोजित षड्यंत्र है और ताज्जुब तो यह है कि इस झांसे में कांग्रेस व अन्य राजनीति दल सत्ता की लालसा में अंधे हो चुके हैं। देखिए, बात को ऐसे समझते हैं, जब किसी बड़े परिवार में विघटन कराने की योजना कुछ ईर्ष्यालु बनाते हैं तो परिवार के सदस्यों में फूट डालने के लिए छोटे, बड़े, ऊंचे, नीचे आदि के भेदभाव की बातें करने लगते हैं। उनमें ईर्ष्या और एक-दूसरे में भेदभाव का बीजारोपण करते हैं। उनमें आपस में लड़ाई कराने की कोशिश करते हैं, और यदि परिवार के सदस्य आपस में लड़ने झगड़ने लगें, तो विघटनकारी बड़े ही खुश होते हैं, फिर तमाशा देखते हैं, उस बड़े परिवार की खिल्ली उड़ाते हैं। बस यही षड्यंत्र वृहद हिंदू समाज के खिलाफ चल रहा है। ये चाहते हैं कि हिन्दुओं में विघटन, भेदभाव हो और आपस में लड़ें झगड़ें।

क्या कभी यह सोचा है कि जातिगत जनगणना से हिन्दू समाज की सैकड़ों जातियों में संख्यात्मक भेदभाव और संख्या के आधार पर उनमें शक्तिशाली व कमजोर होने का भाव प्रकट होगा। अभी हम सब एक हैं, परंतु फिर सभी संख्या के आधार पर विघटित हो जाएंगे। अभी संकट आने पर सब साथ होते हैं, लेकिन तब सिर्फ जातिगत पुकार की जाएगी। जो संख्या में अल्प होंगे, उन्हें कमजोर माना जाने लगेगा और चुनावी राजनीति के चलते उन्हें अनदेखा किया जाएगा। देश में बहुत बड़ी साजिश राजनीतिक स्तर पर चल रही है। ओबीसी बनाम अन्य के बीच विघटन कराने का षड्यंत्र। इसके पीछे राजनीति और चुनाव है। इसकी शुरूआत हुई थी अनुसूचित जाति बनाम अन्य जातियों के बीच विघटन कराने से। समय बदला और फिर हम तीन में बंट गए। अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य जाति। इस पर भी जातिगत भेदभाव के चलते सभी मेलजोल के बने रहे। तो भी सियासती चालबाजों का दिल नहीं भरा, तो 'जातिगत जनगणना' कराने की मांग करने लगे। ब्राह्मण, बनिया व क्षत्रिय के अलावा भी तो सामान्य वर्ग में दर्जनों जातियां हैं, जो अनुसूचित जाति व ओबीसी के दायरे में नहीं हैं। यह समझ से परे है कि संख्या के आधार पर बांटने से आखिर फायदा क्या होगा ? आवश्यकता तो जातिगत भेदभाव मिटाने की है, जबकि इसके विपरीत जातिगत कट्टरता की इमारत खड़ी की जा रही है।

'जातिगत जनगणना' सन-1931 में अंग्रेजों द्वारा इस उद्देश्य से कराई गई थी कि भारत के हिन्दू समाज को संख्या के आधार पर जातिगत चिह्नित करते हुए 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चलना है। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात जब से प्रजातंत्र के आईने में चुनाव होना प्रारम्भ हुए, तभी से लगातार प्रत्येक चुनाव में जातियों को चिह्नित किया जाता रहा है। शनैः शनैः स्थिति ऐसी बन गई कि उनमें ईर्ष्या और वैमनस्यता के साथ भेदभाव आभासित कराया गया। जातिगत संख्या के आधार पर प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की परिपाटी बनी। और अब तो स्थिति यह है कि बड़ी बेशर्मी से समस्त चुनाव जातिगत बन गए हैं। विघटन की इस योजना और षड्यंत्र में कोई भी राजनीतिक दल 'दूध का धुला' नहीं है। सभी को सत्ता की मलाई चाहिए।

देश के राजनीतिक दलों ने वोट-बैंक की खातिर जनता को जातिगत आधार पर विभाजित करने का काम किया है। स्वतंत्रता के सात दशक व्यतीत होने के बाद भी जाति-भेद मे बढ़ोतरी हुई है, द्वेष एवं ईर्ष्या के साथ-साथ जातिगत वैमनस्यता का विकराल स्वरूप प्रकट होने लगा है। जब ये सत्ता लोलुप पदपिपासियों को जातिगत जहर के आधार पर 'फूट डालो और राज्य करो' का सूत्र सफल होता दिखा, तो विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मंडल आयोग के आधार पर अगड़ा और पिछड़ा की राजनीति का बीज डाला।

विषय बहुत गम्भीर है और इस पर यदि ध्यान नहीं दिया गया तो देश में जातिगत आधार पर झगड़े-फसाद होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता, बल्कि सच तो यह है कि अनेक जगह जातिगत झगड़े होने लगे हैं। जातिगत आधार पर क्षेत्र, गांव, मोहल्लों का विभाजन होने लगा है । उस पर भी जातिगत जनगणना करा कर गृह युद्ध जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है। इस की जड़ में जाने पर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि राजनीति का विकृत स्वरूप सत्ता सापेक्ष सोच ने जातिगत कट्टरता के साथ जनता को चिह्नित करते हुए फूट डालो और राज्य करो की नीति पर सियासती चालें चालीं जा रही हैं।

मैं इस विषय से इनकार नहीं करता कि पिछड़े वर्ग को अपग्रेड किया जाना चाहिये, लेकिन प्रश्न तो यह है कि पिछड़ा कौन है ? पिछड़ेपन की परिभाषा क्या है ? पिछड़ा होने की कसौटी क्या है ? बिडंबना तो यह है कि आर्थिक रूप से पीड़ित होना, सामाजिक स्तर पर तिरस्कृत होना, अशिक्षित होना, आदि अयोग्यताएं पिछड़ेपन की परिभाषा में समाहित नहीं हैं और ऐसी ही अयोग्यताओं से सामान्य जाति के भी जो लोग पीड़ित हैं, क्या उन्हें हम पिछड़े नहीं मानेंगे ? देश के समक्ष समाज की एक तस्वीर यह भी है कि पिछड़ी व अनुसूचित जाति के अनेकों चिह्नित व्यक्ति आर्थिक रूप से सम्पन्न भी हैं, पढ़े-लिखे हैं, बड़े शासकीय व अशासकीय पदों पर पदस्थ हैं, सामाजिक स्तर पर प्रतिष्ठित भी हैं और राजनीतिक स्तर पर स्थापित हैं। फिर भी उन्हें पिछड़े व दलित कहा जाना क्या उचित है ? कहना चाहूंगा कि जब-जब जातिगत आधार पर चिह्नित करते हुए सुविधाएं दी जाती रहेंगी, तो वृहद हिंदू समाज में भेदभाव व विघटन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

मैं इस बात से इनकार नहीं करता कि जातिगत भेदभाव समाज में है और इसे मिटना चाहिए। परंतु इसे तो बढ़ाने का काम किया जा रहा है। प्रश्न तो यह है कि यह भेदभाव, समरसता और समानता के लिए हानिकारक है या नहीं ? यदि 'जातिगत भेदभाव' हानिकारक है, तब फिर प्रश्न यह उठता है कि क्या इसे किसी राजनीतिक फायदा के लिए हवा देना चाहिए ? या जातिगत भावना

## खास बात

# लंबी आयु का राज

**प्रशांत कुमार झा**

**एक** ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्रासी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है।

बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं। यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# परशुराम का अहंकार

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

लक्ष्मण ने कहा कि उस समय आप मेरा सिर नहीं काट पाये थे अभी आइये आपको मैं हिसाब-किताब बराबर कर देता हूं। परशुराज जी को बात समझ में नहीं आ रही थी।अहंकार ने ज्ञान का हरण कर लिया था। बात बहुत आगे बढ़ती गयी। तो श्रीराम जी ने कहा कि वे अपराधी नहीं है। मैंने धनुष तोड़ा है। अगर आपकी समझ में मैने गलती की है तो आप मालिक है मुझे दंड दे सकते हैं।अगर दंड में आप मेरा सिर भी काट लेंगे तो प्रसन्नता होगी। परशुराम जी ने कहा कि मैं चिकनी चुपड़ी बातों में आने वाला नहीं हूं। तुमने धनुष तोड़कर बल का प्रदर्शन किया है तो मेरे साथ युद्ध करो। । श्रीराम ने कहा कि यह शोभा नहीं देता, आप मालिक हैं, मैं दास हूं। आप स्वामी हैं, मैं सेवक हूं। स्वामी और सेवक के बीच युद्ध कैसा?

परशुरामजी बार-बार युद्ध के लिये ललकारते रहे और श्री राम सदा विनयशील होकर जबाव देते रहे। तब विश्वामित्रजी ने कहा कि युद्ध से बल की परीक्षा ली जाए, उससे बढ़िया है उससे पहले ऐसे ही परीक्षा लिया जाए। युद्ध करते हुए वे जानेगें कि वे कितना बली है। उसके पहले आप परीक्षा ले लिजिये, इनमें बल है किश नहीं। कोई तरकीब आपके पास है परीक्षा लेने का तो लीजिये। परशुराम के कंधा पर शारंगधर धनुष था। जिससे कभी विष्णु जी ने युद्ध किया था। वही धनुष विष्णु जी ने ऋचीक ऋषि को दिया। ऋचीक ने इसे अपने पुत्र जमदाग्नि ऋषि को दिया जिसे बाद मे परशुराम ने प्राप्त किया।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,
और शोहरत की कमाई क्या है,
इस बुलंदी पे आ के जाना है,
अच्छा होने में बुराई क्या है..!

**– कुमार विश्वास, कवि**

## आपके ट्वीट

**अज्ञान** आवरण,विषयों के विविध प्रलोभन-आकर्षण,पदार्थ-प्रियता व स्वयं के अस्तित्त्व की अनभिज्ञता के कारण ही मनुष्य स्वयं को अपूर्ण व अभावग्रस्त मानता रहता है!

**-स्वामी अवधेशानंद गिरी**





कल हैदराबाद में एक छात्रा की आत्महत्या का समाचार अत्यंत दुखद है।ये आत्महत्या नहीं, हत्या है - युवाओं के सपनों की, उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं की।

तेलंगाना का युवा आज बेरोजगारी से पूरी तरह टूट चुका है।

**-राहुल गांधी**

## कार्टून वर्ल्ड

**ब्रेन वाशिंग का दौर...**



# इजरायल फिलिस्तीन संघर्ष और भारत

## सामयिक



**सत्यनारायण गुप्ता**

सात अक्टूबर को इसराइल पर हमास द्वारा किए गए हमले की प्रधानमंत्री मोदी ने (सोशल मीडिया साइट एक्स पर) कड़ी निंदा की और कहा कि भारत इस संकट की घड़ी में इजरायल के साथ खड़ा है। आतंकवाद के दंश को लगातार झेलने वाले भारत की तरफ से ऐसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि भारत इजराइल का मित्र है और फिलिस्तीनियों का दुश्मन। यही कारण है कि भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी औपचारिक बयान में हमास के हमले की फिर से निंदा की गई। लेकिन साथ ही इसराइल को आतंकवाद के खतरे से लड़ाई की वैश्विक जिम्मेदारी निभाते समय अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी कानून के पालन के सार्वभौमिक दायित्व की याद दिलाई गई और फिलिस्तीन के मुद्दे पर अपने लंबे समय से कायम और अपरिवर्तित रूख को दोहराया गया।

भारत का फिलिस्तीन लोगों के साथ लंबे समय से मित्रता रही है। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने अपने लेखों और भाषणों से फिलिस्तीनियों के साथ हुए अन्याय के बारे में बात की थी। गांधी जी फिलिस्तीन के विभाजन के खिलाफ थे और कहते थे कि फिलिस्तीनियों को यूरोपीय लोगों के अपराधों की कीमत नहीं चुकानी चाहिए।1990 के दशक की शुरूआत तक भारत ने फिलिस्तीनियों की ओर से विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जोर शोर से बात की। जब फिलीस्तीन मुक्ति संगठन और उनके नेता यासर अराफात को आतंकवादी कहा गया तो भारत ने पीएलओ को अपनी राजधानी में एक कार्यालय खोलने की अनुमति दी । फिलीस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ )को फिलिस्तीन लोगों के एकमात्र और वैध प्रतिनिधि के रूप में मान्यता देने वाला भारत पहला गैर अरब देश था। 1988 में फिलीस्तीन को राज्य का दर्जा देने वाले देशों में भारत भी एक था। अराफात इंदिरा गांधी को प्यार से अपनी बहन कहते थे और भारत को अपनी दूसरी मातृभूमि। वे प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की मृत्यु के उपरांत उनके अंतिम संस्कार में मौजूद थे।

इसराइल के साथ भारत का राजनयिक संबंध 1992 में पीवी नरसिम्हाराव के प्रधानमंत्रीत्व काल में स्थापित हुए। लेकिन एनडीए के शासनकाल में इजरायल के साथ भारत का संबंध और घनिष्ठ हुए। भले ही भारत फिलिस्तीन के साथ सहानुभूति रखता था और इजराइल से उसके राजनीतिक संबंध भी नहीं थे।फिर भी 1962 में चीन के साथ संघर्ष के दौरान इजरायल द्वारा भारत को सैन्य सहायता की आपूर्ति करना सर्व विदित है। 1968 में भारत के रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ )ने इजरायल के मोसाद के साथ संबंध स्थापित किया। 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारत को फिर से इसराइल से सैन्य आपूर्ति प्राप्त हुई। लगातार निकट होते द्विपक्षीय संबंध ,व्यापार ,तकनीकी सहायता ,सैन्य खरीद और आतंकवाद विरोधी सहयोग को देखते हुए इजरायल की ओर भारत का झुकाव बढ़ा है , लेकिन अरबों /फिलिस्तीनियों को नाराज किए बिना एक संतुलित ढंग से। 2017 में मोदी इजरायल की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने जबकि 2018 में इसराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत की यात्रा की। हालांकि मोदी फिलिस्तीन के आधिकारिक यात्रा करने वाले पहले भारतीय भी बने।

भारत इजराइल- फिलिस्तीन संघर्ष के संबंध में दो राज्य समाधान में विश्वास करता है तथा शांतिपूर्ण तरीके से दोनों देशों के लिए आत्मनिर्माण के अधिकार का प्रस्ताव करता है।

## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– रितु लकड़ा, कांके रांची**

## जागरूक करें

**स्वच्छता** का अर्थ है स्वयं और पर्यावरण को हानिकारक तत्वों जैसे कीटाणुओं और गंदगी से मुक्ति देना। दरअसल, स्वच्छता को अपनाकर ही हम रोगों से मुक्ति पा सकते हैं व पर्यावरण शुद्ध रख सकते हैं। ऐसे में सरकार सार्वजनिक व गैर सरकारी संस्थाओं के जरिये गंदगी पर रोक लगाये। स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। **-रवि, हजारीबाग**

# कचड़ा प्रबंधन में पिछड़ता देश और अगंभीर राज्यों की सरकारें

## विकास



**मनोज शर्मा**

**सभी** शहरों को कचरा मुक्त करना जरूरी स्वच्छ भारत राष्ट्रीय आंदोलन की सफलता है कि युवा पीढ़ी स्वच्छता अभियान में सहयोग कर रही है, सड़क पर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति में कमी आई है। दरअसल स्वच्छता एक दिन का, एक पखवाड़े का, एक साल का या कुछ लोगों का ही काम नहीं है, बल्कि यह हर किसी का, हर दिन, हर पखवाड़े, हर साल, पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला सतत अभियान है, जिसे हमें चलाते रहना है। स्वच्छ भारत का संकल्प हर भारतीय का होना चाहिए। अपने देश को स्वच्छ, साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए केवल सरकार या सफाई कर्मी ही नहीं बल्कि हर भारतीय का सहयोग जरूरी है। स्वच्छता के प्रति हमेशा सजग रहने वाले महात्मा गांधी की जयंती से ठीक एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वच्छ भारत मिशन-शहरी' और कायाकल्प एवं शहरी सुधार के लिए 'अटल मिशन' के दूसरे चरण की शुरूआत की है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का 'स्वच्छ भारत' का सपना था। गांधी ने स्वच्छता बनाए रखने की शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट सन्देश दिया था।

2 अक्टूबर 2014 को देश भर में एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत हुई। हालांकि यह नई योजना नहीं थी। देश में 1 अप्रैल 1999 से ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम का पुनर्गठन कर पूर्ण स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था, जिसे 1 अप्रैल 2012 को तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने निर्मल भारत अभियान (एनबीए) नाम दिया। निर्मल भारत का पुनर्गठन कर ही स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया गया।

नई दिल्ली में राजपथ पर स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 2019 में महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर भारत उन्हें स्वच्छ भारत के रूप में सर्वश्रेष्ठ श्रद्धांजलि दे सकता है।रयह लक्ष्य तो पूरा नहीं हो सका, आज भी हमारे शहर बहुत गंदे हैं और खुले में शौच से मुक्त नहीं हुए हैं, लेकिन आज एक अक्टूबर 2021 में जब दूसरे चरण की शुरूआत हुई है, तो देश में स्वच्छता के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता है, खुले में शौच बंदी की दिशा में देश ने काफी प्रगति की है। शहरी विकास असमानता को दूर करने में महत्वपूर्ण है। कई लोग बेहतर जीवन के लिए गांव से शहर आते हैं। उन्हें रोजगार तो मिल जाता है लेकिन उनका जीवन स्तर गांव से भी खराब हो जाता है। डा. आंबेडकर चाहते थे कि यह स्थिति बदले।

शहरी गरीबों का जीवन स्तर भी सुधरे। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 और अटल मिशन 2.0 की शुरूआत शहरों में स्वच्छता व सुधार की दिशा में अहम कदम साबित होंगे। भारत का उद्देश्य व्यक्ति, क्लस्टर और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के माध्यम से खुले में शौच की समस्या को समाप्त करना है। स्वच्छ भारत राष्ट्रीय आंदोलन की सफलता है कि युवा पीढ़ी स्वच्छता अभियान में सहयोग कर रही है, सड़क पर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति में कमी आई है। दरअसल स्वच्छता एक दिन का, एक पखवाड़े का, एक साल का या कुछ लोगों का ही काम नहीं है, बल्कि यह हर किसी का, हर दिन, हर पखवाड़े, हर साल, पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला सतत अभियान है, जिसे हमें चलाते रहना है। स्वच्छता एक जीवनशैली है, स्वस्थ जीवन का मंत्र है, इसे हमें अपनाना चाहिए। देश का कचरा भी आय का बेहतर साधन बने यह आवश्यक है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत पांच घायल

**चरही।** चरही रेलवे साइडिंग के समीप सड़क दुर्घटना में दो की महिला की मौत हो गई है।जबकि अन्य पांच लोग घायल हो गए हैं।चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि सोमवार को टेंपू नंबर जेएच 02आ ए कयू/4756पर सवार होकर चरही सोमवार बाजार आ रहे थे।इसी बीच एक अन्य टेंपू नंबर जेएच 02 बीसी/2654 रामगढ़ से सोमवार बाजार चरही दाल और मशाला लेकर आ रहा था।चरही थाना क्षेत्र के 14 माइल रेलवे साइडिंग के समीप समान से लदे डाला टेंपू ने सवारी टेंपू को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।जिस कारण सवारी टेंपू पलट गई।इस पर सवार लोगों में से हरहद निवासी फुलिया देवी पति स्व.झरी महतो निमाडीह निवासी बंधारी सिंह उर्फ अर्जुन सिंह स्व.चमन सिंह की मौत घटना स्थल पर हो गई।जबकि हरहद निवासी खेदनी देवी पति बैजनाथ महतो,राजो देवी पति नारायण महतो,मनी देवी पति भगन महतो,सारो देवी,शुकर भुइयां और इसकी पत्नी घायल हो गई।

### अजित राम बने वन अधिकार समिति के अध्यक्ष

**बरही।** वन विभाग ने वन अधिकार समिति के अध्यक्ष पद के लिए बरसोत पंचायत के लिए अजित राम को मनोनीत किया है। बरसोत पंचायत के नव निर्वाचित वन अधिकार समिति के अध्यक्ष अजित राम को पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह टीएसएस प्रखंड प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो ने बरसोत चौक पर माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष अजित ने वन विभाग के अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि पद की मयार्दा को समझते हुए विभाग द्वारा दिये गए निर्देशन के तहत ईमानदारीपूर्वक कार्य करूंगा।

### पियर एजुकेशन प्रशिक्षण का पंसस प्रतिनिधि रोहित ने किया उद्घाटन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम बुंडू में 6 दिवसीय पियर एजुकेशन के तहत प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मलकोको पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरावस्था को पूरे भारतवर्ष में प्रशिक्षित करना तथा किशोर एवं किशोरियों को अपनी अवस्था का संपूर्ण दायित्व को बताते हुए उनको जिम्मेवार बनाना। इस बाबत पंसस प्रतिनिधि रोहित यादव ने बच्चों को बताया कि किशोरावस्था में बच्चो का मानसिक एवं शारीरिक विकास तेजी से होता है। मौके पर उपस्थित बीपीटी महेश साव सहिया साथी मौजूद थे।

### हमारी संस्कृति में पाप है अन्न की बबार्दी करना:प्रवीण राजगढ़िया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर सोमवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शिक्षकों ने बच्चों को खाद्यान का महत्व समझाते हुए इसकी बबार्दी को रोकने के लिए स्वयं एवं परिवार के लोगों को जागरूक होने की बात कही। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अन्न बर्बाद न करने की शपथ ली। ह्यउतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली मेंह्न आदि नारे भी लगाए गए। भाषण एवं वाद-विवाद में विद्यार्थियों ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अन्न को देवता माना जाता है और उसकी पूजा की जाती है। हमारे यहां खाने को बर्बाद करना पाप माना जाता है। इसके बावजूद लोग अन्न को बर्बाद करते हैं। प्लेट में जूठन छोड़ देते हैं। जबकि पूरी दुनिया में लाखों लोग ऐसे हैं जो भूख से बेहाल रहते हैं। शादी-विवाह आदि उत्सवों पर भीड़ इकट्ठी होती है। भीड़ द्वारा खाना भी उतना ही अधिक बर्बाद किया जाता है। अब ये बुरी आदत लोगों के जीवन का हिस्सा बन गई है।

### भक्ति जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

**भदानीनगर (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीणें क्षेत्रों के मंडप, मंदिर व घरों में नवरात्रि महापर्व के दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालु भक्तों ने पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां ब्रहमचारिणी की पूजा-अर्चना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए। साथ ही अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना किए। संध्या में माता की आरती की गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरान मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। नवरात्र को ले कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। क्षेत्र के जवाहर नगर, बिरसा चौक, ग्लास फैक्सी, थाना मैदान, रिभर साईड शास्त्री पार्क, नेहरू पार्क व गांधी पार्क, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, लपंगा, पटेलनगर, चैनगडा, बलकुदरा, लबगा, बौनर धौड़ा, शितला मंदिर आदि क्षेत्रों में पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोरशोर से चल रहा है। इधर सयाल मोड भुरकुंडा स्थित मां शीतला मंदिर में पुरोहित राम कुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की द्वितीय स्वरूप मां ब्रहमचारिणी की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में बढ़ता है भक्ति का संचार: निशि पांडेय

**भदानीनगर (रामगढ़)।** शारदीय नवरात्रा के पावन अवसर पर रविवार को भदानीनगर केचैनगडा गांव में गाजे-बाजे के साथ 151 श्रद्धालु महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश शोभायात्रा में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय मुख्य रुप से शामिल हुईं। कलश यात्रा चैनगड़ा दुर्गा मंडप से निकलकर फोरलेन होते विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए दामोदर नदी तट पहुंची। जहां पुरोहित ब्रह्मदेव महतो द्वारा पूजा-अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरवाया गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः चैनगड़ा दुर्गा मंडप पहुंची। जहां कलशों की स्थापना की गई।

### जदयू कार्यकताओं ने की बैठक

**कुजू।** करमा उत्तरी पंचायत के ग्राम जमुनिया टांड में सोमवार को जनता दल यूनाइटेड के कार्यकताओं ने बैठक का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यन्त कुमार पटेल उपस्थित हुए। इस बीच कार्यकताओं ने पार्टी के नीति सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए पंचायत कमिटी गठन किया। जिसमें अध्यक्ष अरुण कुमार, सचिव रंजन कुमार महतो को बनाया गया। जबकि महिला वर्ग में पूरबी देवी को अध्यक्ष चुना गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो, लखन महतो, विकास कुमार, बंधन महतो, डालचंद महतो, परचू करमाली, राधे कुमार करमाली, शाना करमाली, किशोर कुमार, नंदलाल महतो, सुरेंद्र कुमार, वीरेंद्र महतो, एमडी अंसारी, गायत्री कुमारी, राजकिशोर, देवानंद, मदन महतो आदि मौजूद थे।

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...

खबर मन्त्र संवाददाता



रजरप्पा मंदिर को दक्षिणेश्वर काली मंदिर की तर्ज पर सजावट हुई।

**रजरप्पा।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। माता ब्रह्मचारिणी को तप की देवी कहा जाता है। वही माँ छिन्नमस्तिके मंदिर को कोलकाता के सुप्रसिद्ध दक्षिणेश्वर काली मंदिर की तर्ज पर सजावट होने के बाद से यहां भक्तों का आने का सिलसिला जारी है। फूलों से सजा मंदिर को देखने के दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और सजावट हुए सेल्फी ले रहे हैं। छिन्नमस्तिके पुजारी लोकेश व छोटू पंडा ने बताया कि मंदिर की सजावट काफी आकर्षक ढंग से किया है. उन्होंने बताया छिन्नमस्तिके मंदिर दिन में मनमोहक और खूबसूरत खुशबूदार फूलों की सजावट से शाम ढलते रंग बिरंगी रौशनी से माता का दरबार नहाते नजर आ रहा है। मंदिर को सजाने में कोलकाता से आए कारीगरों की टीम सजावट को अंतिम रुप दिया है।

## हर कुंडों में या देवी सर्वभूतेषू विष्णुमायेति शाब्दिता... नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः मंत्रों की गूंज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन माता के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी का साधना की गई. सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र में हर ओर वैदिक मंत्रों की गुंज है। यह स्थिति आने वाले आठ दिनों तक बनी रहेगी। मंदिर प्रक्षेत्र के हर कुंडों में या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शाब्दिता.., नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः जैसे मंत्रों की गुंज है। साधकों ने दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी का आह्वान किया। स्थानीय पुजारी लोकेश पंडा एवं छोटू पंडा के अनुसार, सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र जागृत पीठ माना जाता है। जिसके कारण झारखंड सहित बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ सहित आसपास के अन्य राज्यों से साधक यहां पहुंचकर साधना करते हैं।


पूजा अर्चना करते श्रद्धांलु

**पूजा पंडालों का निर्माण अंतिम चरण में :** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में भी भक्ति का बयार रही है। कई घरों में भी कलश की स्थापना की गई है। पहले दिन से लोग पूरी तरह से माता की शक्ति की भक्ति में लीन हो गए है। पूजा पंडालों में भी तैयारी जोर शोर से चल रही है। कारीगर निर्धारित समय पर पंडाल तैयार कर देंगे। बोरिया आश्रम और गिरि बाबा आश्रम में भी कलश स्थापना किया गया है। गिरि आश्रम आश्रमाचार्य रामशरण गिरि के अनुसार, आश्रम में नौ कलश स्थापना कर हर दिन देवी का आह्वान किया जा रहा है।

**नवरात्र के तीसरे दिन होगा माता चंद्रघंटा की पूजा :** दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी का आह्वान किया जबकि मंगलवार को नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा की जाएगी। इसी प्रकार चौथे दिन बुधवार को माता के चौथे रुप माता कूष्मांडा की पूजा होगी।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

# जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का करेंगे कार्य : रमेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक सोमवार को चितरपुर के मायल सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिवचरण महतो व संचालन अमन कुमार महतो ने किया। बैठक में जेबीकेएसएस के दस टीम की एक संयोजक मंडली का गठन किया गया। बताया गया की शीघ्र ही पंचायत कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। मौके पर जिला कोर कमेटी के सक्रिय सदस्य पनेश्वर कुमार महतो ने कहा की आज के समय में झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथो ही संभव है । उन्होंने कहा की वर्तमान में हम पंचायत स्तर की कमेटी का गठन कर जेबीकेएसएस से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। कहा की इसके तहत सभी समुदाय के लोगों को संगठन से जोड़ा जा रहा है। वहीं, देवानंद महतो ने कहा कि रामगढ़ वासियों को अभी हक अधिकार के लिए एकजुट होना पड़ेगा। कहा की यदि लोग एकजुट नही हुए तो आगे चलकर उन्हें दिक्कत होगी। इसलिए अपने हक और अधिकार के लिए लोगों को एकजुट होना होगा। जबकि जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि अनुच्छेद 371(ए) के अनुसार नागालैंड नागाओ का होगा, (बी) असम असम वासियों का है। इसलिए झारखंड सिर्फ. झारखंड वासियों का होगा। तभी झारखंड और यहां के लोगों का समुचित विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा की झारखंड पहले से है। झारखंड मे 1860 का कानून चलता है तो फिर 1932 कैसे संभव नही है। कहा की जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन पहुंचाने की जरूरत है । क्योंकि जयराम महतो का मुख्य उद्देश्य झारखंड का समुचित विकास करना है। मौके पर मुख्य रूप पनेश्वर कुमार महतो, देवानंद महतो, आनंद केटिआर, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, कृष्णा कुमार, अमन कुमार महतो, मनोज चौधरी, आनंद महतो, मुकेश महतो, अंजनि देवी, धर्मेंद्र महतो, सुधीर अकेला, अनुपम देवी, राजेंद्र कुमार, सचिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, गोबर्धन महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीबीएसई क्लस्टर फूटबॉल टूनार्मेंट के लिए पहुंची कई टीमें

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** संत जेवियर स्कूल हजारीबाग के प्रांगण में सीबीएसई क्लस्टर क्कक्कके बृहत आयोजन की तैयारी का चरम रूप दिखलाई पड़ रहा है। विद्यालय के प्राचार्य फादर रौसनर खलखो एस. जे. की देखरेख में सभी शिक्षक-शिक्षिका तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभा रहे हैं। विद्यालय की साफ - सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इस टूनार्मेंट में शामिल सभी प्रतिभागियों की सुविधाओं का पूरा-पूरा ख्याल रखा जा रहा है । प्रातः 2 बजे से ही खिलाड़ियों का आगमन आरंभ हो गया है। दोपहर के 2:30 बजे करीब 19 टीमों का आगमन और पंजीकरण हो चुका है। उम्मीद है आज रात्रिकाल तक सभी टीम स्कूल पहुंच जाएंगे। संध्या 6 बजे सभी टीम मैनेजर, कोच प्रबंधन समिति की बैठक हुयी जिसमें प्रत्येक मैच के समय-सारणी, खेल के नियम आदि तय किये गए। इस मैच का संचालन करने के लिए झारखंड रेफरी संघ से नियुक्त राष्ट्रस्तरीय रेफरी यहाँ पहुंच चुके है। इन मैचों का आयोजन सीबीएसई द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की देख-रेख में ही होगी। सीबीएसई द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रातः 10 बजे ही स्कूल पहुंच गए हैं और अपनी देख-रेख में ही सारा कार्य करवा रहे हैं। एक विरोध मंडली का भी गठन किया गया जो नियमों के उल्लंघन करनेवालों का विरोध करेगा। इस विरोध समिति में संचालन समिति के सचिव, सीबीएसई के पर्यवेक्षक, मुख्य रेफरी तथा दो स्कूलों से नियुक्त किए गए कोच शामिल है।


फूटबॉल टूनार्मेंट के लिए पहुंची टीमें

### नये बीडीओ मनीष कुमार ने संभाला पदभार

**दारू।** दारू प्रखंड के नए बीडीओ मनीष कुमार ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर अपना पदभार ग्रहण किया। मनीष इससे पूर्व पदमा प्रखंड के बीडियो थे जिनका तबादला इसी पद पर दारू प्रखंड मुख्यालय में किया गया है 'वर्तमान में बीडीओ सह अंचलाधिकारी का का प्रभार संभाल रही अदिति गुप्ता ने उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया साथ ही उन्हें बीडीओ का प्रभार सौपा। प्रखंड के नए वीडियो ने प्रखंड में सभी कार्य कर्मचारियों से एक-एक करके परिचय प्राप्त किया और उनके कार्यों की जानकारी ली। इस बारे में नए वीडियो ने कहा कि सभी के साथ मिलजुल का प्रखंड का विकास करना है।

### सामाजिक कुप्रथा व कुरितियों को दूर करने के लिए शिक्षित होना जरूरी: बिलाल अंसारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत अग्रगति संस्था रामगढ़ के तत्वावधान में सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो बच्चों ने मिलकर एक साथ मानव श्रृंखला का निर्माण किया। कार्यक्रम में बच्चों को बाल विवाह जैसे कुप्रथा के बारे में बताया गया। इस प्रथा से होने वाली परेशानियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा भी की गई। मौके पर अग्रगति संस्था के सदस्य जितेंद्र गोप व बिलाल अंसारी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार इस प्रकार के आयोजन जिले के प्रत्येक विद्यालयों में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी बाल कल्याण मंत्रालय दिल्ली को प्रेषित की जाएगी।बिलाल अंसारी ने कहा कि सामाजिक कुप्रथा और कुरितियों को दूर करने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन सभी को दूर करके ही समाज का संपूर्ण विकास किया जा सकता है।

## उमाशंकर अकेला की अनुशंसा पर विकलांग बालक के परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलेगा चार लाख

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला के अनुसंशा पर दिल्ली अखिल भारतीय अनुसंधान संस्थान में इलाजरत विकलांग 4 वर्षीय बालक प्रिंस कुमार पिता प्रदीप यादव करगइयों कोल्हुआकला निवासी सुनने और बोलने की रोग से ग्रसित है। अखिल भारतीय अनुसंधान संस्थान ने 4 लाख रुपये का अनुमानित खर्च का ब्यौरा पीड़ित परिवार को दिया था। इस संदर्भ में निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने सहायतार्थ मुख्यमंत्री गंभीर रोग सहायता राशि से सहयोग करने को लेकर अनुसंशा किया था। मुख्यमंत्री गंभीर रोग सहायता राशि अस्पताल में चले जाने से युवक का इलाज चल रहा है और इधर पीड़ित परिवार को भाग दौड़ करने के लिए 50 हजार रुपये का चेक विधायक श्री अकेला ने परिवार को कोल्हुआकला जाकर सुपुर्द किया। जिससे परिवार के लोगों ने विधायक सहित मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।


चेक सौपते विधायक उमाशंकर अकेला

साथ ही कहा कि अब उनके बेटे का इलाज अच्छे तरीके से हो जाएगा। मौके पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया मंगलदेव यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, पंचायत अध्यक्ष सकलदेव पासवान, सचिव गोविंद कुमार, दिनेश राम, प्रभु यादव, सुरेंद्र पंडित, प्रदीप यादव, बालेश्वर यादव, नारायण पंडित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## निमार्णाधीन गोला मार्केटिंग कॉम्पलेक्स का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने सोमवार को गोला प्रखंड का दौरा कर निमार्णाधीन गोला मार्केटिंग कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने निमार्णाधीन मार्केटिंग कॉम्पलेक्स परिसर में अब तक हो चुके कार्यों का जायजा लेने के उपरांत जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया । वहीं, उपयुक्त ने मार्केटिंग कॉम्पलेक्स में सभी योग्य किसानों/ व्यापारियों को दुकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला को वर्तमान में गोला मार्केटिंग परिसर में दुकान लगा रहे किसानों, व्यापारियों आदि का नाम, पता, वे कब से दुकान लगा रहे हैं आदि से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बाजार समिति परिसर में प्रतिदिन आ रहे किसानों व व्यापारियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया । साथ ही उपायुक्त ने परिसर में योजनाबद्ध तरीके से पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने मार्केटिंग कॉम्पलेक्स परिसर में पीसीसी पथ निर्माण के दौरान गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्य पूर्ण करने, मार्केटिंग कॉम्पलेक्स के सफल संचालन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, कार्यपालक दंडकारी सह प्रभारी गोपनीय शाखा विशाल कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, अंचल अधिकारी गोला डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।


निरीक्षण करते उपायुक्त

## एक नजर में

### जे पी पटेल को सचेतक बनाये जाने पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

**हजारीबाग।** मांडू बिधायक जे पी पटेल को पार्टी के सचेतक बनाये जाने पर सोमवार को भाजपाइयों ने बरकट्ठा के पूर्व प्रत्याशी व प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता के नेतृत्व में उनके आवास पर शॉल ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने मांडू के विधायक जे पी पटेल को सचेतक बनाकर बहुसंख्यक वर्ग के बीच एक अच्छा सदेश दिया है। उन्होंने कहा कि श्री पटेल हर वर्ग के बीच पापुलर हैं वही आम अवाम से जुड़े रहते हैं। श्री मेहता ने कहा कि पार्टी की सोच है कि कुशल कार्य करनेवाले हर वर्ग के पार्टी नेताओ को पद प्रतिष्ठा हासिल हो। यही वजह है कि दलित वर्ग के युवा नेता व चंदनकियारी के लोकप्रिय बिधायक अमर बाउरी को विधायक दल के नेता मनोनीत कर यह साबित कर दिया है कि दलितों व वंचितों के प्रति पार्टी की मंशा कैसी है। श्री मेहता ने कहा कि इस सराहनीय कदम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा होना लाजमी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि वैसे पार्टी के नेता व कार्यकर्ता जो समाज के लोगो के साथ जुड़कर उनके दुख सुख में खड़े दिखाई देते हैं उन्हें पार्टी सम्मानित करती है।जे पी पटेल को स्वागत करनेवालों में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, भैया अभिमन्यु प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, रंजीत कुमार मेहता, महेंद्र राम बिहारी, रौशन कुमार, श्याम किशोर सिंह ,जीव लाल महतो, बालेश्वर महतो ,केदार मांझी, लुलु चंद नायक, चुरामन महतो यदि उपस्थित थे ।युक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।


जे.पी. पटेल व अन्य

### बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना के प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी व संचालन थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने किया।बैठक में विभिन्न पंचायत के मुखिया ,प्रतिनिधि एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया।बैठक में जीप सदस्य सुनीता देवी ने समिति से आग्रह किया की मधुर आवाज में भक्ति गीत बजाएं।प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि शांति ,एकता एवं भाईचारगी का हम लोग परिचय दें। बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम पर जोर दिया।पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि पर्व में नशापन न करें।थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने कहा कि सरकारी निर्देश के अनुसार पंडाल में सीसी टीवी कैमरा,शराब बन्दी पर विशेष ध्यान रखें।मौके पर उप प्रमुख बचनदेव कुमार,मुखिया मोहम्मद तकरीमुला खान,सि आई अनोज कुमार,एसआई अभय कुमार, रामाशीष यादव,भगवान सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता,मुखिया सुलेखा कुमारी, मुखिया बिमला देवी, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला,प्रतिनिधि हेमंत भुइया,मो मजहर अली,बेचन साव,राजकुमार साव,पंसस प्रभु राम, संनित महतो, गोपीनाथ सिंह,पूरन महतो,पूर्व मुखिया भीखन महतो,बिंदु दांगी,राकेश कुमार,मनोज कुमार, रविन्द्र ठाकुर,केदार महतो,बिनोद महतो,मुरली महतो,कृष्णा साव,धर्मेंद्र यादव,बालदेव गंझू, प्रभु राम,रामचन्द्र राणा समित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ग्रेड तीन में प्रोन्नति को लेकर संघ हुआ मुखर

**हजारीबाग।** प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति को लेकर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ मुखर है। संघ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अतीकुज्जमा ने जिला शिक्षा अधीक्षक से 2011 से ग्रेड-तीन में लंबित पदोन्नति हेतु त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पदोन्नति की आस में अनेकों शिक्षक सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं। वहीं कई तो काल के गाल में समा गए हैं। वांछित योग्यताधारी शिक्षकों को उनके जीवन काल में ही ग्रेड-तीन में पदोन्नति मिले इसके लिए त्वरित कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शिक्षक पदोन्नति नियमावली 1993 के अनुसार प्रत्येक वर्ष के मार्च माह में सेवारत ग्रेड-टू के शिक्षकों का 20 फीसदी पद ग्रेड-तीन में पदोन्नति हेतु उपलब्ध रहता है। इसे रोस्टर का पालन करते हुए दिया जाता है। विदित हो कि विभिन्न विभागीय आदेशों एवं निदेर्शों के तहत ग्रेड-तीन में पदोन्नति का आदेश जिला शिक्षा अधीक्षक को प्राप्त है। इस परिप्रेक्ष्य में जिला शिक्षा अधीक्षक ने झारखंड स्थापना दिवस के पूर्व ग्रेड-तीन में पदोन्नति का पूर्ण भरोसा दिया है।

### शहीद चेतनारायण यादव व महावीर सिंह फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ भव्य समापन

**कटकमसांडी।** डांटो में आयोजित डे नाइट फुटबॉल टूनार्मेंट का आज ललकी माटी में भव्य समापन किया गया इस इस भव्य समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हजारीबाग समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा रेबर पंचायत के मुखिया हल्धर यादव ने इस टूनार्मेंट के किक व फीता काट कर किया उद्घाटन । उद्घाटन मैच डांटो मिशन बनाम डांटो झंडा चौक के बीच खेला गया जिस में बेहद ही रोमांचक मैच रहा अंतिम में पेनाल्टी शूट आउट किया गया जिस में झंडा चौक 1-0 से विजय हुआ। विजेता टीम को 20 हजार वा मेडल और रनर विजेता को 12 हजार और मेडल दे कर नवाजा गया।

### पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास

चरही ।सोमवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने चरही पंचायत के ग्राम-सरवाहा स्थित टोला तरिया में डीएमएफटी मद से कालीकरण पक्का पथ छोटन महतो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास संयुक्त रूप से किया।वहीं सांसद और विधायक ने जरबा प्राथमिक स्वास्थ्य में पेभर ब्लॉक एवं अन्य विविध निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।हिंदेगढा पंचायत भवन में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,बहेरा मुखिया देवकी महतो,चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,जिला सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा, सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार,साव,आरिफ अंसारी,चरही मुखिया सांझली मुर्मू,पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,पंसस आशा राय, खुशी महतो, कोल्हा महतो,सरजू कुमार,सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ऐड़ादोन प्रावि में लगा स्वास्थ्य शिविर



**कैरो।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर सोमवार को कैरो उप स्वास्थ्य केंद्र ने प्रखंड के ऐड़ादोन प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें कैरो उप स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ राकेश कुमार ने 70 मरीजों का सर्दी, खांसी, बुखार, शुगर, मलेरिया, डायरिया, टायफाइड, ब्लड प्रेशर सहित अन्य बीमारियों का गंभीरतापूर्वक जांच कर निःशुल्क दवा बांटा। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार कुछ मरीजों को कुडू स्वास्थ केंद्र जाकर इलाज कराने की सलाह दी गयी। ग्रामीणों को गरम पानी पीने, स्वच्छ रहने, सहित बीमारी से बचने की सलाह दी गयी। शिविर में डॉ राकेश कुमार, एएनएम राजमुनि कुमारी, जीएनएम सबलेट टॉय, नमिता लकड़ा, सहिया साथी जयफलिता लकड़ा, सहिया बिना उरांव, सेविका उर्मिला तिग्गा सहित मरीज-ग्रामीण थे।

### संकल्प यात्रा कार्यक्रम की हुई समीक्षा



**घाघरा।** भाजपा के बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक सोमवार को चपका स्थित त्रिवेणी स्कूल परिसर में हुई। बैठक में 8 अक्टूबर को घाघरा में हुए बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा कार्यक्रम के सफलता की समीक्षा हुई। बैठक में भाजपा नेता पूर्व एमएलए प्रवीण सिंह ने बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय सभी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाने की अपील की। बैठक में सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संकल्प यात्रा की सफलता पर धन्यवाद दिया गया। मौके पर एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामावतार भगत, तेंबू उरांव, भिखारी भगत, गोपाल गोप, केदार साहू, कुमार रवि, आशीष सोनी, मुन्ना साहू, सीमा देवी, सालावती देवी, अलका देवी, हरिलाल भगत, करीमन पहान, आशीष सिंह उपस्थित थे।

### श्रमदान कर किया मंदिर का रंग रोगन



**भंडरा।** शरदीय नवरात्रि के शुभारंभ के साथ युवा ग्रामीण विकास समिति भैंसमुदो के सदस्यों ने देवी मंडप भैंसमुंदो की सफाई एवं रंग रोगन की। नवरात्रि पर देवी मंदिर में प्रतिदिन ग्रामवासी पूजा करते हैं। साथ ही नवरात्र के नवमी तिथि को बकरे की बली की प्रथा वर्षों से चली आ रही है। ग्राम वासियों की आस्था देवी माता पर है। नौ दिनों तक माता की आराधना करते हैं। साफ सफाई करने में बाल कृष्णा सिंह, सारू पहान, चेंगे पूजार, अभिषेक सिंह, विवेक सिंह, आनंद सिंह, मनोज महतो, राहुल महतो, सोनू महतो, ओम प्रकाश सिंह, जग्गू महतो, बालकुमार महतो, रूपेश सिंह, पंडित उरांव सहित अन्य सदस्यों ने श्रमदान कर सफाई की।

### बिना बैठक के ही योजनाओं का चयन

**सिसई।** लरंगो पंचायत में पंचायत विकास मद की राशि से विकास के नाम पर जमकर घोटाला किया जा रहा है। पंचायत के मुखिया ने योजना चयन को लेकर एक साल से एक भी कार्यकारिणी की बैठक नहीं रखी गयी। जबकि पंचायती राज अधिनियम के तहत नियम है कि बिना कार्यकारणी की बैठक और उसके माध्यम से चयन योजनाओं को ही लागू किया जाना है। परंतु पंचायत में मुखिया, पंचायत सेवक व जेई की मिली भगत से मनमर्जी योजनाओं का चयन कर उसपर कार्य किया जा रहा है। जिस कारण वार्ड सदस्यों को पता ही नही चल पाता है कि पंचायत में कौन कौन सा योजना चल रहा है और कौन कौन सा योजना चलना चाहिए।

### महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकली



**लोहरदगा।** शहर के अग्रसेन भवन से अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल यूथ सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में अग्र समाज के प्रवर्तक महाराजा भगवान अग्रसेन की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गयी। सुसज्जित रथ में विराजमान महाराजा अग्रसेन की सुंदर झांकी के साथ निकली शोभायात्रा की आगे चलने वाली अग्र समाज के 18 गोत्र के प्रतीक स्वरूप पताका लहराते हुए इस शोभायात्रा की शोभा और भी बढ़ा रही थी। महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से शुरू होकर राणा चौक, तिवारी दुरा, हटिया गार्डन, तेतरतर चंद्रशेखर आजाद चौक, गुदरी बाजार, अपर बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, होते हुए पुनः अग्रसेन भवन पहुंचा। अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महाआरती और प्रसाद बांटा गया।

### चैनपुर थाना में शांति समिति की बैठक



**चैनपुर (गुमला)।** दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दुर्गा पूजा आपसी भाईचारगी व सौहार्द्र के साथ मनाने हेतु पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी समुदाय व्यक्ति विशेष, धर्म समाज को ठेस पहुंचाने वाले संगीत गाने का प्रयोग न करें। जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े। वहीं भ्रामक सूचना, फोटो वीडियो एवं धर्म पर आपत्ति जनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचें। असामाजिक गतिविधि, भड़काऊ मैसेज, धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले एवं वीडियो को पोस्ट करने वालों की सूचना जरूर दें।

## समाज के विभिन्न वर्गों की 51 कन्याओं का हुआ पूजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में सोमवार को शारदीय नवरात्र उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की भव्य आरती के साथ अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज के विभिन्न वर्गों से 51 कन्याओं का पूजन किया गया। जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा अरुण से द्वितीय तक में पढ़ने वाली कन्याएं भी शामिल थी। आरंभ में सभी के पांव पखारे गये और उनका श्रृंगार किया गया। सभी को भोजन कराया गया और फल, उपहार एवं द्रव्य की दक्षिणा भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

# नदी किनारे आंगनबाड़ी होगी खतरनाक

- नदी किनारे और श्मशान घाट के बगल में बनने के कारण बच्चे नहीं होंगे सुरक्षित ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के पाकर टोली के दर्जनों ग्रामीण ने सोमवार को बीडीओ दिनेश कुमार से मुलाकात कर नदी किनारे और श्मशान घाट के पास बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र भवन को सुरक्षा दृष्टिकोण से पुराने स्थल पर ही बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि पाकर टोली में आंगनबाड़ी गांव के अंदर बहुत पहले से चल रहा था।

जर्जर होने पर उसे कंडम घोषित किया गया। पुराने स्थल पर ही आंगनबाड़ी भवन बनना था, पर भवन निर्माण कोटामाटी नदी के किनारे कराया जा रहा है। जहां पर श्मशान घाट भी है। इस जगह पर आंगनबाड़ी भवन का बनना सुरक्षा के दृष्टिकोण से सही नहीं है। साथ ही श्मशान घाट की जगह आंगनबाड़ी भवन बनने से बच्चे वहां नहीं जायेंगे। छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी में पढ़ते हैं। नदी के किनारे होने से हमेशा अभिभावक को यह डर बना रहेगा कि बच्चे कहीं नदी की ओर खेलते-खेलते न चले जायें।

**ग्रामीणों ने किया विरोध, बीडीओ से मुलाकात कर दूसरे स्थान पर बनाने की मांग**

**ग्रामीणों का आरोप**

बगैर ग्राम सभा किये मुखिया व पंचायत सचिव आंगनबाड़ी भवन नदी किनारे श्मशान घाट के पास बना रहे हैं। ग्रामीणों ने यह मांग की है कि पुराने स्थल पर गांव के अंदर ही आंगनबाड़ी भवन बने, ताकि अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेज सकें।



बीडीओ से आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण को लेकर स्थल परिवर्तन पर वार्ता करते लोग।

**क्या बोले बीडीओ**

ग्रामीणों की शिकायत के बाद बीडीओ दिनेश कुमार ने पंचायत सचिव वीरेंद्र साहू को अपने चेंबर में बुलाकर पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने निर्देश दिया कि योजना स्थल पर जाकर पहले काम बंद करायें। जिसके बाद जल्द जांच कर रिपोर्ट कार्यालय में जमा करें।

**ये ग्रामीण रहे सक्रिय :** इस दौरान बसंती देवी, जानकी देवी, राजवंती देवी, निराश देवी, निर्मला उरांव, बरस्मीन देवी, बिरसमुनी देवी, पूनम उरांव, सुकरो देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### परंपरा को कायम रखते हुए सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में लोग मनायें पर्वः डीसी

# सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न करें, नहीं तो कार्रवाई : एसपी

- पानी, बिजली व स्वास्थ्य व्यवस्था पर्व के दौरान दुरुस्त रखने की उठी मांग
- मादक पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाने की रखी मांग
- सप्तमी से लेकर नवमी तक शहर में भारी वाहनों का नहीं होगा प्रवेश



बैठक में शामिल डीसी, एसपी, डीडीसी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक में सदस्यों से उपायुक्त ने कहा कि गुमला का इतिहास रहा है कि यहां सौहार्दपूर्ण वातावरण में लोग पर्व मनाते हैं। इस परंपरा को कायम रखें। जिले के अधिकारी व कर्मचारी हजारों की संख्या में पर्व के दौरान ड्यूटी में आपकी सेवा व सुरक्षा में जुटे रहेंगे। जिले के आम नागरिक भी पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपना योगदान दें। विशेष कर शांति समिति के सदस्य इस ओर विशेष ध्यान दें। एसपी हरिवंदर सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। शांति समिति सदस्यों से अपील है कि किसी भी तरह का गलत पोस्ट सोशल मीडिया पर हो, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि इस दिशा में कार्रवाई की जा सके। डीजे पर शांति समिति सदस्यों से ही अंकुश लगाने की अपील एसपी ने की।

**खास बातें :** एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि दुर्गा पूजा पर सप्तमी से नवमी तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। बाईपास सड़क पर वाहनें चलेंगी। जो पूजा समिति लाइसेंसी नहीं हैं, वे लाइसेंस बना लें और पूजा के दौरान पंडालों के समक्ष अपने वोलेंटियर तैनात करें। वहीं पूजा को लेकर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही।

# आगामी चुनाव को लेकर तैयार रहें कार्यकर्ता : शकील अहमद

### कांग्रेस की बैठक में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



बैठक में मौजूद कांग्रेसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड कमेटी, मंडल कमेटी, पंचायत कमेटी एवं सभी अग्र मोर्चा कमेटी की भौतिक सत्यापन हेतु आवश्यक बैठक कैरो प्रखंड कांग्रेस कार्यालय स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू स्मृति सामुदायिक भवन में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद की अध्यक्षता एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रखंड प्रभारी रीना कुमारी भगत सह प्रभारी ठाकुर प्रसाद की उपस्थिति में की गयी। जिसमें कैरो प्रखंड अंतर्गत प्रखंड, मंडल, पंचायत एवं सभी अग्रणी मोर्चा स्तर तक के कमेटी का गंभीरता पूर्वक भौतिक सत्यापन किया गया एवं अपूर्ण कमेटी को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि यह आवश्यक बैठक संगठन की मजबूती एवं समीक्षा के लिए रखी गई है आगामी चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करें और पार्टी को बुथ स्तर तक मजबूत करें। प्रखंड प्रभारी रीना कुमारी भगत ने कहा कि जल्द प्रखंड कमेटी एवं पंचायत स्तर के सभी कमेटी को पूर्ण कर ले साथ ही प्रत्येक बूथ पर एक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर लें। सह प्रभारी ठाकुर प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है, कार्यकर्ता के बदौलत ही हम चुनाव जीतते हैं।

## फादर लींवस ने क्षेत्र में न्याय, अधिकार, शिक्षा विश्वास और धर्म की ज्योति जलायी है : बिशप

>> फादर कोंसटंट लीवंस की 134 वीं पुण्य तिथि धूमधाम से मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** मुख्यालय के बेंदोरा में फादर कोंसटेंट लीवंस का 134वीं पुण्य तिथि सोमवार को भव्य समारोह व धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनी। मौके पर विशेष मिस्स पूजा अनुष्ठान किया गया। रांची धर्म प्रांत के सहायक बिशप देयोदोर मसकरेनहस ने मिस्सा पूजा अनुष्ठान धार्मिक विधि से कराया। मौके पर बिशप ने कहा कि कहा कि फादर लीवंस वेलजियम के एक साधारण किसान थे। लेकिन ईश्वर ने उनके लिए महान कार्य किये। वे 16 अक्टूबर 1889 को बारवे बेंदोरा आये और यहां के लोगों को बदल दिया। वे यहां न्याय, सम्मान, अधिकार, शिक्षा, विश्वास एवं धर्म की ज्योति जलाये। उनका आदर्श वाक्य आग जलती रहे, मशाल धधकती रहे था। मौके पर कार्यक्रम में शामिल पुरोहितों को चारो दिशाओं से परिघाते हुए युवतियों ने वेद तक पहुंचाया। डीन फादर रजत एक्का ने अतिथियों का स्वागत किया। उसके बाद संत अन्ना हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रवेश नाच प्रस्तुत किया। उदघोषक फादर अगस्तुस एक्का ने फादर कोंसटंट लीवंस की जीवनी पर प्रकाश डाला।

## प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में इंटर कॉलेज को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

>> क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव के लिए हुए चयनित, 30, 31 अक्टूबर को भागलपुर में प्रस्तुत करेंगे झारखंडी लोक नृत्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा को प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। महोत्सव बोकारो सेक्टर 3 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 15 एवं 16 अक्टूबर को आयोजित हुआ। जिसमें महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने झारखंड की परंपरागत लोक नृत्य प्रस्तुत किया। निर्णायकों ने सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार की घोषणा करते हुए टीम के सभी 15 सदस्यों को पुरस्कृत किया। साथ ही टीम का चयन क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव के लिए हो गया। अब इंटर कॉलेज की यह टीम झारखंडी लोक नृत्य की प्रस्तुति भागलपुर के कहलगांव में 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में करेगी। टीम के सदस्यों में पूर्णिमा भगत, रितु कुमारी, मधु श्वेता कुजूर, प्रिया कुजूर, अनिमा लकड़ा, पूनम कुमारी, सुजीत उरांव भी थे।

### आचार्य पत्र वाचन में नीतू व त्वरित भाषण में रोशनी चयनित



नीतू



रोशनी

**लोहरदगा।** प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में आचार्य पत्र वाचन में कॉलेज की अर्थशास्त्र की आचार्य नीतू कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा त्वरित भाषण में कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी उरांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों का चयन क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में आचार्य पत्र वाचन और त्वरित भाषण में सहभागिता के लिए हुआ।

### पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के गोपालगंज मैदान में सोमवार को ऑल झारखण्ड पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी संतोष सिंह, अध्यक्ष आशीष उरांव सहित अतिथियों ने किया। उद्घाटन मैच सुकुरहुटू व नगजुवा के बीच खेला गया जिसके खिलाड़ियों से अतिथियों ने परिचय प्राप्त कर बढ़िया खेल प्रदर्शन करने की बात कही। मौके पर बुधेस्वर उरांव, आशीष उरांव, विश्वनाथ उरांव, राजू भगत, एतवा भगत, प्रिंस भगत, प्रकाश भगत सहित आयोजक समिति के सदस्य मौजूद थे।

## पत्थरबाजी सरकार की सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाती है : दीपक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के निंगनी पंचायत में जय श्रीराम समिति की बैठक गौतम साहू की अध्यक्षता में की गयी। आयोजित बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, प्रखंड प्रभारी बजरंग साहू, संदीप साहू, महिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता देवी उपस्थित हुए। बैठक में संगठन की मजबूती विस्तार एवं सनातन धर्म पर हो रहे आघात को लेकर खास चर्चा की गई। मौके पर दीपक साहू ने कहा जिस तरह झारखंड के हजारीबाग में हिंदुओं पर पथराव किया गया एवं गुमला में रावण दहन के स्थान पर शर्त लगाया गया ऐसा प्रतीत होता है।

### शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

**गुमला।** दशहरा और दुर्गा पूजा पर गुमला शहरी इलाके में श्रद्धालु का दर्शन सुलभ बनाने के लिए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। प्रत्येक रोड में दो बैरिकेट्स प्रशासन के द्वारा करना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें क्रमशः सिलम, डुमरडीह चौक, पुगु और डीएवी मोड के पास ड्रॉप गेट बनाया जायेगा। जहां से बड़ी वाहनों का प्रवेश अष्टमी, नवमी व दशमी में वर्जित रहेगा। इस प्रकार क्रमशः एफसीआई गोदाम, बेहरा टोली पुल, संत पात्रिक विद्यालय तथा पुराना बस स्टैंड के पास ड्रॉप गेट रहेगा।

## दत्तरा में लगी 18 एकड़ सरगुजा की फसल पर ड्रोन से छिड़काव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा सोमवार को चैनपुर प्रखंड के दत्तरा गांव में क्लस्टर अग्र पंक्ति प्रत्यक्षण के अंतर्गत 18 एकड़ में लगे सरगुजा की फसल पर किसान ड्रोन के द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। किसान ड्रोन के माध्यम से छिड़काव करने से जहां फसल लागत में कमी आती है। वहीं पानी के बचाव के साथ-साथ समय की भी बचत होती है। इसीलिए कृषि विज्ञान केंद्र गुमला कृषि तकनीक को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच किसान ड्रोन का प्रत्यक्षण कर रहा है। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र यूरिया की बढ़ती मांग को देखते हुए नैनो यूरिया को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच में प्रत्यक्षण कराया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में किसानों के द्वारा यूरिया की जगह पर नैनो यूरिया का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करेंगे। क्योंकि नैनो यूरिया के द्वारा पर्यावरण को नुकसान कम पहुंचता है। साथ ही एक बोतल एक बोरी के बराबर है।

### गितिलगढ़ में किसान गोष्ठी आयोजित



**कैरो।** प्रखंड के गितिलगढ़ में सोमवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू द्वारा रबी फसल के बारे में जानकारी देते हुए आने वाले समय में प्रत्यक्षण के लिए मिलने वाली चना, सरसों, मक्का बीज वितरण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अपने गांव के कृषक मित्र के माध्यम से सभी किसानों का पंजीयन करवाना आवश्यक है जिसके बाद जब बीज का वितरण किया जाएगा उस समय मोबाईल में ओटीपी के माध्यम से वितरण किया जाएगा। गोष्ठी में किसानों को टपकन विधि, जैविक खाद के प्रयोग, खेतों में चुना का प्रयोग, बीजोपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही उपस्थित किसानों को कम पानी में ज्यादा खेती करने के लिए अपने खेतों में सरकार द्वारा अनुदानित मूल्य पर मिलने वाली सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का उपयोग करने के लिए आवेदन जमा करने सहित अन्य विन्दुओ पर जानकारी दी गयी। गोष्ठी में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा, अनुराधा कुमारी, कृषक मित्र राजनारायण सिंह, मोतियुरर रहमान, रमेश ओझा, संजीव शुक्ला, विवेक शुक्ला भी थे।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान : नगर भवन में अधिकारियों-कर्मियों ने ली शपथ

# बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है : उपायुक्त

- जागरूकता रैली में महिलाओं ने लगाया हम सबने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है... के नारे



कार्यक्रम में लोगों को शपथ दिलाते उपायुक्त।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के मौके पर आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा नगर भवन में सभी अधिकारियों व कर्मियों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलायी गयी। साथ ही उनके द्वारा हरी झंडी दिखा कर जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है। इसके रोकथाम के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है। साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाये। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के कारण सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि कई पीढ़ियां का जीवन बर्बाद होता है।

**खास बातें :** कम उम्र में लड़का या लड़की की शादी करने से कई प्रकार के सामाजिक, शारीरिक नुकसान होता है। जहां एक ओर उनका बचपन छिन जाता है, वहीं कम उम्र में शादी करने वाले लड़के और लड़कियां न तो ठीक से शिक्षित होते हैं और न ही परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरा करने के लिए पूरी तरह से योग्य होते हैं। इसके लिए समाज के तमाम बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षक, जनप्रतिनिधि समेत सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है। इसके अलावा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायतों में हम सबने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है के नारे से जागरूकता रैली की शुरुआत की।

## बाल विवाह एक सामाजिक अपराध: किरण पंडित

खबर मन्त्र संवाददाता



शपथ लेते बच्चे।

**लोहरदगा।** डिवाइन स्पार्क ब्लिक स्कूल के प्रांगण में बाल विवाह के विरुद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी किरण पंडित एवं सलाम पॉल केरकेट्टा मौजूद थे।

मुख्य अतिथि किरण पंडित दीप प्रज्ज्वलित कर के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक घोर सामाजिक अपराध है। इसमें बालिकाओं का कम आयु में भविष्य अंधकारमय हो जाता है। बालिकाओं का शारीरिक, मांसिक और नैतिक मूल्यों का नष्ट हो जाता है। उन बालिकाओं को सामाज के परिपूर्ण समझने से पहले अपनी शिक्षा भविष्य, स्वप्न सभी का बलिदान करना पड़ता है। ये ईश्वर के सामने एवं मानवता के सामने घोर अपराध है। बच्चों से बाल विवाह न करने का या ऐसी बाल विवाह में भाग लेने का और ऐसी घटना जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन को जानकारी देने की प्रतिज्ञा की। पुलिस अधिकारी सलाम पॉल केरकेट्टा ने बाल विवाह के साथ साथ बाल अपराध के बारे में भी बताया। विद्यालय के निर्देशक वी के बालान्जिनप्पा ने जिला पुलिस अधिकारी द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्यकम की प्रशंसा करते हुए इस बार बाल विवाह के विरोध में एक नाटक लिखकर राष्ट्रीय स्वर पर नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने का इच्छा व्यक्त की। पुलिस अधिकारी रामेश्वर उरांव, प्राचार्य चंद्रशेखर प्रसाद एवं बालान्जिनप्पा ने भी बच्चो को संबोधित किया। इसे सफल बनाने में शोभा विश्वकर्मा, निकेता, रीतिका, नूर कहकशा, सरहा, जीवन साहू, आदित्य कुमार साहू, आकाश साहू जुटे रहे।

# तीन अलग-अलग मामलों में आठ अपराधी गिरफ्तार, चार पिस्तौल बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने छापामारी कर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन अलग-अलग मामले में आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से चार पिस्टल, तीन जिंदा गोली, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल एवं तीन मोबाइल बरामद किया है। सोमवार को एसपी दीपक कुमार पांडेय ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गत 11 अक्टूबर को सहिजना में एक सीएसपी संचालक के साथ एक लाख रूपये की लूट हुई थी। इस मामले में सहिजना निवासी आशीष कुमार ने गढ़वा थाना में आवेदन देकर एक लाख रूपये लूट की जानकारी पुलिस को दिया था। सूचना के आलोक में गढ़वा एसडीपीओ अवा कुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार छापामारी की गई। इस दौरान गढ़वा थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी बाबू खान उर्फ सरवर आलम उर्फ बामड़ को हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर दो अवैध देशी पिस्टल, 315 बोर का दो जिंदा गोली एवं दो खोखा को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उसने लूट में शामिल होने की बात स्वीकार करते हुए घटना में शामिल सोनपुरवा निवासी रियाज अंसारी के बारे में भी जानकारी दिया। उसने बताया कि रियाज ने ही जानकारी दिया था कि गणेश मल से सीएसपी संचालक आशीष कुमार नियमित रूप से पैसा लेकर घर जाता है। रियाज से जानकारी मिलने के बाद बाना गांव निवासी आमिर सुहानी उर्फ मुस्कान और कोटा गांव निवासी शाहबाज खान ब्लू रंग के पल्सर मोटरसाइकिल लेकर तेनार पहुंचे। जहां आमिर सुहानी को वहीं खड़ा कर सरवर एवं शहबाज नदी पार कर सहिजना पहुंचे। इस दौरान गणेश मल में अपना काम निपटा कर आशीष अपना घर पहुंच ही रहा था कि उक्त दोनों लोग मिलकर उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना में रियाज अंसारी लगातार इंस्टाग्राम के मायम से उक्त तीनों को गतिविाि की सूचना दे रहा था। एसपी ने बताया कि एक अन्य मामले में गढ़वा पुलिस ने छापामारी के दौरान टंडवा निवासी सोनू सोनी एवं अंशु मालाकार के पास से एक पिस्तौल बरामद किया है। उक्त मामले में भी प्राथमिकी दर्ज की है। उक्त सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि डंडई पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों के पास से एक देशी पिस्तौल बरामद किया है। गिरफ्तार युवक चिनियां थाना क्षेत्र के चिनियां निवासी बसंत कुमार राम एवं पप्पू विश्वकर्मा के पास से एक देशी पिस्तौल, दो मोबाइल, दो सिम कार्ड, एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जरही गांव में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों को पड़कर तलाशी ली। इस दौरान उनके पास से एक पिस्तौल बरामद किया गया। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी केके साहू, पुलिस अवर निरीक्षक सूर्य प्रकाश दुबे, राजेश मुंडा, श्रीकांत पासवान, इंद्र कुमार मंडल, अरुण प्रकाश बैठा, अमित कुमार सिंह, समेंदर कुमार सिंह, सूर्य भूषण सिंह सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी लोग उपस्थित थे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

## स्पीड न्यूज

### असामाजिक तत्वों ने मिक्सर मशीन में लगाई आग



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** रंगदारी नहीं मिलने से नाराज असामाजिक तत्वों ने मिक्सर मशीन में आग लगा दी। इसके कारण मशीन को आंशिक क्षति पहुंची है। घटना वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर-जोरी मुख्यपथ पर स्थित टंकु होसिल गांव की है जहां डीएमएफटी योजना के तहत 45 लख रुपये की लागत से पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है और इस कार्य में ही मिक्सर मशीन का उपयोग किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि दो अज्ञात लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट पर वहां कार्यरत मजदूरों को कमरे में बंद कर दोनों बदमाशों ने गाड़ी में आग लगा दी। साथ ही रंगदारी नहीं देने पर भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की भी चेतावनी दी। कहा जा रहा है कि देर रात ही सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो चुका था। इस सड़का का निर्माण प्रेमचंद सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 45 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच में जुट गई है ताकि पता चल सके कि इस घटना के पीछे नक्सली या असामाजिक तत्वों में से किसकी करतूत है। बता दें कि पूर्व में भी असमाजिक तत्वों ने निर्माण कार्य को प्रभावित करने का प्रयास किया था।

### दुर्गा पूजा को लेकर निकला फ्लैग मार्च, प्रशासन पूरी तरह चौकस



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। दुर्गापूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर सोमवार को नवलशाही थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शातिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। वहीं नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में क्यूआरटी पुलिस बल के जवानों के साथ थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शांति एवं सौहार्द के बीच त्योहार मनाने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च नवलशाही थाना भवन से निकलकर, नवलशाही चौक, नवलशाही कालीमंडा, देवीपुर, खरखार, फुलवरिया, पुरनाडीह, नवादा, मसमोहना समेत पूरे थाना क्षेत्र के हर चौक-चौराहा, कालीमंडा का भ्रमण किया। इस दौरान असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने की नीयत से निकाले गए फ्लैग मार्च में सशस्त्र जवान सड़क पर कतारबद्ध होकर चल रहे थे।

### शांति समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** शारदीय दुर्गा पूजा त्यौहार शांति व सौहार्द के साथ बनाए जाने को लेकर शनिवार को नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ सना उस्मानी एवं संचालन थाना प्रभारी अनिल सिंह ने किया। बैठक को सम्बोधित करते थाना प्रभारी ने दुर्गा पूजा को लेकर उपस्थित दोनों समुदाय के प्रबुद्ध ग्रामीणों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों को त्योहार मिलजुल कर शांति एवं शौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। इस दौरान मौजूद लोगों ने दुर्गा पूजा के दौरान पुलिस गश्ती तेज करने, शराब पर पूर्ण पाबंदी लगाने, शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर उत्तेजक गानों पर पूर्ण पाबंदी पर आम सहमति बनाई गई। साथ ही हाइवा के परिचालन तीन दिन पूर्णतः बंद रखने की मांग की गई। मौके पर मुखिया बेदू साव, पप्पू यादव, किशोर यादव, संजय साव, हरदेव साव, जिबू साव, रामचंद्र साव, राजकुमार साव, कलीम उद्दीन अंसारी समेत कई ग्रामीण व थाना कर्मी मौजूद थे।

### सतगावां कस्तूरबा की छात्राओं ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के सतगावां प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के कक्षा नवम से लेकर 11-12वीं की छात्राओं ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई की मांग की। बाद में डीडीसी ऋतुराज छात्राओं से मिले और उनकी समस्याओं को सुने तथा उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में छात्राओं ने कहा है कि विद्यालय में तीन अंशकालिक शिक्षक के नही रहने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जबकि निकट समय में ही परीक्षा है, शिक्षकों के हट जाने से स्कूल में पढाई पूरी तरह चौपट हो गया है, ऐसे में हटाये गए शिक्षकों को पुनः बहाल किया जाए। ज्ञापन में कक्षा नवम से लेकर 12वीं कक्षा की छात्राओं का हस्ताक्षर है। इसके पूर्व छात्राओं ने डीडीसी के समक्ष स्कूल की कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करवाते हुए उनके समाधान की मांग की, जिस पर डीडीसी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## एक नजर में

### प्लस टू उवि में बाल विवाह से आजादी अभियान का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। काफी प्रयास के बाद भी इसमें कमी नहीं आ रही है। हम सभी को मिलकर इस विषय पर सोचना होगा। बाल विवाह जैसे कुरूतियों को मिटाने के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को आगे आना होगा। उक्त बातें रंका चिकित्सा पदाधिकारी ड कुलदेव चौधरी ने राजकीय त प्लस टू उच्च विद्यालय रंका में छात्र-छात्राओं के बीच परिचर्चा कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम राज्यव्यापी बाल विवाह से आजादी अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं विभागीय आदेश पर किया गया था। मौके पर ड चौधरी ने कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ने का मौका तभी मिलेगा जब उनकी शिक्षा पूरी होगी। इसके लिए बाल विवाह सबसे बड़ा बाधक है। समय से पहले विवाह होने पर लड़कियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। विकसित और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए हम सभी को इसके खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। बच्चों के अधिकार के प्रति हम सबको सोचना होगा। ड चौधरी ने बाल विवाह से सम्बंधित सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, संरक्षण एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ड कुलदेव ने कहा कि कम उम्र में शादी होने से कम उम्र में ही बच्चे भी हो जाते हैं, जिससे माता में एनीमिया की समस्या बढ़ने की अधिक संभावना होती है।

## उपायुक्त ने मरकच्चो प्रखंड का किया दौरा, पंचखैरो डैम का किया मुआयना, दिये कई निर्देश

### कस्तूरबा के शिक्षकों को लगाई फटकार व वार्डेन पर कार्रवाई का निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज मरकच्चो प्रखंड का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने पंचखैरो डैम में मछली पालन, बागवानी, अर्कोशा पुर्नवास गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र, सिलाई सेंटर, प्रखंड व अंचल कार्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किये। उपायुक्त ने सर्वप्रथम पंचखैरो डैम का मुआयना किया और वहां बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी योजना का जायजा लिया। बागवानी हेतु लगाये गये पौधों की जानकारी ली और उन्होंने बीडीओ को बागवानी के चारों ओर इमारती पौधे लगाने का निर्देश दिये। साथ ही वहां किसानों द्वारा की जा रही खेती को भी उपायुक्त ने देखा, किसानों द्वारा बताया गया कि स्टोबेरी की खेती करने की योजना है और जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बीज उपलब्ध कराने की बात कही गई। उन्होंने सभी किसानों को बेहतर तरीके से कृषि करने को कहा, साथ ही उपायुक्त ने पंचखैरो डैम में मछली पालन की जानकारी ली। मछली पालन कर रहे लोगों ने फीड मिल स्थापित करने संबंधित बात कही, जिसपर उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को फीड मिल स्थापित करने को लेकर प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

### चलाया गया राजव्यापी जन जागरूकता अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में बाल विवाह मुक्त भारत, सुरक्षित बचपन सुरक्षित भारत को लेकर राजव्यापी जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जन जागरूकता अभियान में निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारीयों, पंचायत सचिवों द्वारा शपथ लिया गया। वहीं सतगावां प्रखंड में यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र, सतगावां प्रखंड मुख्यालय, कस्तूरबा बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय पोखरडीहा, राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह एवं अन्य स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं सतगावां प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ बैद्यनाथ उरांव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद के द्वारा बाल विवाह जन जागरूकता अभियान को लेकर शपथ दिलाया गया। वहीं श्री उरांव ने कहा यह अभियान कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के द्वारा राज्य भर में बाल विवाह न हो उसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने कहा यह अभियान मिल का पत्थर साबित होगा।

### छात्र-छात्राओं को भटकाव से रोकने को पुलिस की पहल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनने तथा बाल अपराध से रोकना उद्देश्य थाना प्रभारी भोलानाथ दास अपराधियों को पकड़ने और अपराध रोकने के साथ अब राजपुर पुलिस ने स्कूली बच्चों को पढ़ाने और जागरुक करने का काम शुरू किया है। बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनाना और उन्हें भटकाव से रोकना पुलिस के इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। राजपुर थाना प्रभारी भोलानाथ दास की इस पहल का असर कुछ दिन पहले बीके उच्च विद्यालय और रामनगर उच्च विद्यालय कान्हाचट्टी में देखने को मिला है। जहां के बच्चों को पढ़ाने और जागरुक करने का काम राजपुर पुलिस ने किया है। आने वाले दिनों में अन्य स्कूलों में भी पुलिस यह काम करेगी। थाना प्रभारी भोलानाथ दास का प्रयास है कि बच्चों के आचरण में सुधार हो और उनमें गलत चीजों को लेकर भटकाव न आए। पुलिस की मानें तो स्कूली बच्चों में नशे की तरफ झुकाव देखा जा रहा है। ऐसे में उन्हें इससे रोकना पुलिस की भी जिम्मेवारी है। स्मार्ट फोन भी बच्चों के लिए खतरनाक है। एंड्रायड मोबाइल का इस्तेमाल सही कार्यों में करने की सलाह उन्हें दी जा रही है। श्री दास ने बताया कि बच्चों को मोटिवेशनल स्पीकर को सुनना चाहिए। बाल विवाह करना कानून अपराध है एवं अगर बच्चे सही रूटीन और सही तरीका से अपना दिनचर्या में पढ़ाई करेंगे तो निश्चित सफलता मिलेगी। बच्चे अगर +2 में पढ़ाई कर रहे हैं तो अपने पढ़ाई के साथ-साथ कंपटीशन के भी तैयारी करना चाहिए ऐसा इसलिए करना चाहिए क्योंकि जब ग्रेजुएट हो जाएंगे तब उन्हें कंपटीशन के लिए अधिक समय नहीं देना होगा। समय का बचत होगा और कम समय में अपनी सफलता हासिल कर सकेंगे। आगे श्री दास ने बताए की अभी के छात्र-छात्राएं सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सिर्फ अपना पढ़ाई के लिए उपयोग करें, अगर कोई छात्र-छात्रा सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यर्थ करते हैं जो बाद में पछताने के अलावा उनके पास कुछ नहीं बचेगा। इसीलिए थाना प्रभारी बताया कि सोशल मीडिया सही उपयोग करेंगे।अभी के समय में साइबर क्राइम अधिक बढ़ गया है जैसे लोगों के द्वारा ठगी हो रही है इससे बचने का सुझाव दिया गया।

### मुम्बई मेल से गिरकर महिला गंभीर

**कोडरमा।** हीरोडीह रेलवे स्टेशन में सोमवार की अहले सुबह मुंबई मेल ट्रेन से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जयनगर थाना क्षेत्र ग्राम खेसकरी निवासी 25 वर्षीय सरवरी खातून पति समीम खातून मुम्बई मेल पकड़ने के लिए हीरोडीह स्टेशन आई थी। इसी क्रम में ट्रेन अचानक खुल गई, जिससे उक्त महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला को अनान फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां महिला का इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## राजशाही परंपरा से होती है दुर्गा पूजा

### बलि प्रथा भी थी, मगर सामूहिक निर्णय ने बलि प्रथा पर लगाया रोक



उमा शंकर

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया अंतर्गत सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तिलैया बस्ती में आज भी राजशाही परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है, मगर यहां पुरोहित, नाई, माली और बैंड वाले को मात्र एक से दो रुपये दिए जाते हैं। इसके पीछे एक रोचक परंपरा है, प्रजातंत्र काल में तिलैया के छोटे राजा रहे द्वारिका नारायण शाही के पुत्र काली प्रसाद शाही ने खबर मंत्र संवाददाता से बातचीत के दौरान कहा कि आज से 178 वर्ष पहले वर्ष 1845 में उनके परदादा नेहाल शाही के द्वारा तिलैया बस्ती में दुर्गा पूजा की शुरुआत की गई थी। इसके बाद उनके दादा अमृत नारायण शाही और उनके पिता ने राजतंत्र काल के दौरान दुर्गा पूजा का आयोजन किया। इसके बाद देश में लोकतंत्र लागू होने पर लगातार तब से स्थानीय लोगों के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

**भव्य और आकर्षक रूप में दुर्गा मंडप का हुआ है नवनिर्माण :** काली प्रसाद शाही ने कहा कि राजतंत्र के दौरान उनके राज परिवार के अधीन तिलैया, मडुआटांड़ और मोरियावां मौजा का क्षेत्र था. राजा किला के समीप बने दुर्गा मंडप के पुराने भवन के जर्जर होने पर गांव के अलावे जिले के कई गणमान्य लोगों के सहयोग से भव्य दुर्गा मंडप का निर्माण किया गया है। दुर्गा मंडप प्रांगण में शारदीय नवरात्र एवं चौत्र नवरात्र के दौरान प्रतिमा स्थापित करने के लिए दो अलग-अलग प्रतिमा स्थल भी बनाए गए हैं।

### भू-अर्जन समेत अन्य से संबंधित बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड लिमिट मशीन लगाने, आवागमन के क्रम में किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना ना हो और वाहनों के स्पीड पर नियंत्रण लगाया जा सके इसे लेकर स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि पूजा पंडालों में वाहन एक्ट बोर्ड जागरूकता हेतु लगायें। किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाती है तो घायल व्यक्ति को अविलंब सहायता देने हेतु प्राथमिकता के आधार पर सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी का नाम, मो. संख्या.......की सूचना से संबंधित प्रचार-प्रसार कराने को लेकर निर्देशित किया गया। त्योहारों को देखते हुए उपायुक्त ने जर्जर सड़कों की मरम्मती कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। कारा सुरक्षा की समीक्षा के क्रम में जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के दुष्टिकोण से जेल परिसर में लगे हुए पेड़ की टहनियां जो जेल के दिवारों से सटे है उन टहनियों को हटाया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने वन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में कैदियों के लिए अलग से इलाज हेतु सदर अस्पताल में वार्ड उपलब्ध कराने पर विमर्श किया गया।

## विधायक ने किया पक्की सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

### दुंदुआ से उतराठी तक तीन किलोमीटर तक बनाई जानी है सड़क



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** स्थानीय सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास करीब तीन करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को दुंदुआ में पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर किया।मालूम हो उक्त सड़क का निर्माण कार्य दूंदुआ गांव से उत्तराठी तक किया जाएगा।चतरा सांसद सुनील सिंह एवं सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के अथक प्रयास से सिमरिया विधानसभा सुदूरवर्ती पिछड़े गांव में गांवो कस्बों में पक्की सड़क निर्माण को गति दी जा रही है।दुदुआ में आयोजित कार्यक्रम में सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि विधायक ने सिमरिया विधानसभा के चहुमुंखी विकास के लिए समर्पित हु । कोरोना काल में लगभग तीन वर्षो में विकास की गति राज्य में धीमी रही वही सबने फैली महामारी में संघर्षों से काम किया कहा हमारे पास अपने कार्यकाल कार्य करने का जो भी समुचित समय मिला है उसके लिए लोगो के समर्पित रहा हु सिमरिया विधानसभा क्षेत्र गांवो कस्बों सुदूरवर्ती पांचायत के जगह जगह में जाता हु एवं उस क्षेत्र की समस्या को दूर करनें की पूरी कोशिश करता हु अपने विधानसभा में पक्की सड़क का जाल ,एवं पुल पुलिया के निर्माण,बिजली, पानी समेत मूल भूत समस्याओं के निराकरण में हमेशा लगा हु जिसकी जनता साक्षी है। कहा कि एक समय जब टंडवा का गेरुआ पुल टूट गया था तब लोग दूसरे जगह के लोग टंडवा को टापू कहने लगे थे आज टंडवा गेरुआ पुल बनने के कगार पर वही टंडवा में पुल पुलिया एवं पक्की सड़क का जाल बिछा है जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे ने कहा कि आजादी के बाद से सिमरिया विधानसभा की बिगड़ी तस्वीर को संवारने में स्थानीय विधायक किशुन दास जैसा लाल कोई नही दिखा भाजपा के सांसद एवं विधायक हमेशा क्षेत्र के विकास को लेकर सजग रहे जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है गांव कस्बों एवं सुदूरवर्ती पंचायत में जब कोई झांकता तक नही था वहां आजादी के बाद विधायक किशुन दास कम समय में भी लोगो के दिलो में एवं क्षेत्र के विकास में समर्पण भाव से हर पहलू पर कार्य करते दिखे।शिलान्यास कार्यक्रम को भाजपा नेता अक्षवट पांडे ,मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह,विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा,जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,क्ल्यापुर मुखिया महेश मुंडा,समेत अन्य गणमान्य ने भी संबोधित करते हुए विधायक किशुन कुमार दास की प्रशंशा की उल्लेखनीय रहे की दुंदुआ से उतराठी तक तीन किलोमिटर तक पक्की सड़क का निर्माण भारद्वाज कंट्रकशन के प्रोपराइटर अरविंद सिंह द्वारा किया जाना है सड़क की गुणवत्ता को लेकर अरविंद सिंह लोगो को आश्वस्त किया समाजसेवा के क्षेत्र में जिस तरह मैं अग्रणी भूमिका निभाते आया हु उसी पर विकास के कार्य में गुणवता को लेकर कोई समझौता नहीं करूंगा अच्छा काम ही हमारी पहचान है कहा की तीन माह में सड़क बन जाएगी। मौके पर पंकज राज, सुनील चौरसिया, बबलू गुप्ता, विक्की मालाकार, रणजीत गुप्ता,रामू मिंज, पोलूस उरांव, बिनोद सिंह ,समेत सेकडो महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

# ड्राइवर को लोहे के रड से पीटकर किया अधमरा

**ड्राईवर यूनियन ने किया बैरियर जाम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड़ कोलियरी में ट्रकों के प्रवेश को लेकर एक बार फिर रंगदारी देखने को मिली। रविवार की देर शाम करीब 8:00 बजे एक ट्रक ड्राइवर के साथ कुछ लोगों ने लोहे के रड से जमकर मारपीट की। जिससे ड्राईवर का सर फट गया। वहीं ड्राइवर के पॉकेट में रखा पैसा भी लूट लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच 19ए843(मालिक दिलीप यादव) का ड्राइवर अनिल कुमार यादव ट्रक लेकर कोलियरी में जा रहा था। इसी दौरान पिंडारकोम गांव के कुछ लोगो द्वारा ट्रक को बैरियर के पास रोक दिया और उसके साथ मारपीट किया। घटना के बाद खून से लथपथ ड्राईवर अनिल कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुर्व कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ड्राइवर को बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद पीड़ित ड्राईवर ने मारपीट करने वालो के खिलाफ बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि बाली यादव, उमेश यादव दोनो पिता सेरठ यादव, कैला यादव पिता स्व. रवानी यादव, अरविंद यादव पिता बिनेश्वर यादव सभी ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ निवासी ने उसके साथ मारपीट किया है। पीड़ित ड्राइवर ने आवेदन के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई। वहीं ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना के बाद तेतरियाखांड कोलियरी में ड्राइवर यूनियन संघ बैरियर में तिरपाल बिछाकर धरने पर बैठ गए और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। ड्राइवर यूनियन संघ ने सीसीएल प्रबंधन हाय-हाय सहित कई नारे लगाए। इस दौरान ड्राईवर यूनियन संघ ने रविवार रात्रि करीब 8:30 बजे से सोमवार अहले सुबह तक बैरियर जाम रखा। जिससे कोलियरी में कई ट्रक फाइनल कांटा करने के बाद भी बाहर नहीं निकल पाए। बता दे कि सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड़ कोलियरी में बीते कई महीनों से ट्रकों के प्रवेश को लेकर विस्थापितो के नाम पर रंगदारी की जाती है और मनमाने तरीके से ट्रकों का प्रवेश कराया जाता है। कहने को यह कोलियरी सीसीएल द्वारा संचालित है लेकिन बैरियर से लेकर कांटा एवं लोडिंग पॉइंट तक रंगदारों ने कब्जा जमा रखा है। जबकि वहां एक पुलिस पिकेट भी स्थापित है।


बैरियर जाम करते ड्राईवर।

## स्पीड न्यूज

### विधायक बैद्यनाथ राम ने रामलीला का किया शुभारंभ

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित अम्बाकोठी में श्री राम चरित मानस नवाहन परायण पाठ महायज्ञ समिति द्वारा आयोजित रविवार से नव दिन तक पंडाल परिसर में चलने वाले रामलीला का उद्घाटन महासमिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ राम के द्वारा दीप-प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समिति के कोषाध्यक्ष बिनोद महलका, मदन प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, सुनील शौंडिक, संतोष अग्रवाल, नागेंद्र शौंडिक, विशाल कुमार, विवेक गुप्ता, दीपक कुमार उपस्थित थे।

### बारियातू पुलिस ने चार उग्रवादी के घर चिपकाया इश्तेहार


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बारियातू।** बारियातू पुलिस ने चतरा जिला के लावालौंग ग्राम निवासी दो माओवादी, कमलेश गंझु व बिनोद गंझु एवं दो टीएसपीसी उग्रवादी कार्तिक गंझु उर्फ विजय गंझु, आक्रमण गंझु उर्फ रविन्द्र गंझु कुल चार उग्रवादी के घर जाकर स्थानीय पुलिस की मदद से विधिवत इश्तेहार चिपकाया। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ थाना (वर्तमान थाना बारियातू) कांड संख्या 160/19 के प्राथमिकी अभियुक्त माओवादी संगठन के कमलेश, व बिनोद साकिन लावालौंग जिला चतरा एंव कांड संख्या 155/22 के प्राथमिक अभियुक्त टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के कार्तिक गंझु उर्फ विजय गंझु, साकिन मंधनीया लावालौंग व आक्रमण उर्फ रविन्द्र गंझु साकिन लावालौंग के घर माननीय न्यायालय के द्वारा उक्त अभियुक्त का इश्तेहार निर्गत किया गया था। जिसके आलोक में पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक निरज दुबे एवं सशस्त्र बल द्वारा लावालौंग पहुँचकर स्थानीय थाना के सहयोग से सभी चारों अभियुक्त के घर विधिवत रूप से इश्तिहार चिपकाया गया।

### अनगड़ा व नवाटोली में ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग

**चंदवा।** प्रखण्ड के नवाटोली मै 25 केवीए व अंनगडा मे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बिगत 1 महीना से खराब है। ट्रांसफार्मर के जल जाने के बाद से ग्रामीणों के कृषि कार्य, बच्चों की पढ़ाई समेत जरुरी कार्य प्राभवित है, जिस कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामान करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि एक माह से गांव में बिजली नही है, लेकिन इस ओर विभाग का कोई ध्यान है, नवरात्र शुरू हो गया है, आने वाले दिनों में दीपावली, सोहराई व छठ महापर्व आएगा, ऐसे में बिजली नही रहेगी तो काफी परेशानी होगी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से त्योहार को देखते हुए दोनों गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

### 30 महिलाओं को पापड़ बनाने का दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण लेते महिलाय।

**लातेहार।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी लातेहार जिला के हेरहंज प्रखंड अंतर्गत तासू पंचायत के तासु पंचायत भवन में 30 महिलाओं को पापड़ बनाने की प्रशिक्षण दी गई। जिला प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी झारखंड में महिलाओं को उत्थान के लिए रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार मुहिम चला रही है ताकि महिलाएं बेरोजगार ना हो। मौके पर प्रखंड प्रभारी फूलदेव कुमार व पंचायत के दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

### अध्यक्ष एवं सदस्यों ने अंचलाधिकारी से किया शिष्टाचार मुलाकात


अंचलाधिकारी से मुलाकात करते अध्यक्ष व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में दिन मंगलवार को प्रभारी अंचलाधिकारी मनोज कुमार तिवारी से भूमि अधिग्रहण मनिका प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान एवं सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात किया। वहीं भूमि रैयतों ने फोर लाइन निर्माण में अधिग्रहित किए जा रहे भूमि के मुआवजे के लिए भूमि मालिकों को हो रही असुविधा से समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने अंचलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने भूमि अधिग्रहण का पेमेंट सरल सुविधा से भूमि मालिक को प्रदान करने और मनिका, नामुदाग व सिंजो में शिविर का आयोजन करने का मांग किया। जिससे कि शेष जमीन मालिकों को जो समस्या है उसका समाधान किया जा सके। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, जितेंद्र यादव, मिथिलेश पासवान, विशाल पासवान, राजन पासवान समेत कई जमीन मालिक उपस्थित थे।

## विस्थापितों ने नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर किया चक्का जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विस्थापितो द्वारा नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर सोमवार को चक्का जाम किया गया। चक्का जाम के दौरान सैकड़ो ट्रक जाम में फंसे रहे। जाम सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक रहा। जिसकी सूचना के बाद परियोजना पदाधिकारी के०एल यादव के द्वारा विस्थापितो को उनकी समस्या का हल करने का आश्वासन मिलने के बाद जाम समाप्त हो पाया। परियोजना पदाधिकारी द्वारा जामकर्ताओ से कहा गया की अभी त्यौहार का समय चल रहा है। भूमि संबंधित विवाद को लेकर अगले महीना 10 नवंबर को बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें आप सभी उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें ताकि समस्या का समाधान हो सके। फिलहाल इस आंदोलन को स्थगित कर दें इसके बाद चक्का जाम समाप्त हो पाया। बता दे की इस संबंध में अर्जुन राम ने परियोजना पदाधिकारी को आवेदन देकर कहा था कि सीसीएल खुले हुए 30 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिना नौकरी मुआवजा दिए माल ढुलाई किया जा रहा है। सर्वे का काम भी सही ढंग से नहीं किया गया है। जिससे हम लोग बेघर होने के साथ-साथ हम लोगों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जमीन पर जबरन रास्ता बनाकर अवैध ढंग से माल ढुलाई एवं अन्य कार्य किया जा रहा है। हम लोग गरीब किसान एवं दलित परिवार से आते हैं। शुरूआती दौर में कुछ समय तक फसल मुआवजा दिया गया था लेकिन लगभग 20 वर्ष से वह भी बंद कर दिया गया है। 2021 सर्वे के अनुसार कुछ लोगों का घर मुआवजा छह लाख के जगह पर तीन लाख का भुगतान किया गया है। जो हमलोगों के साथ छल है। मौके पर अर्जुन राम, दिलमणि यादव, भुवनेश्वर राम, रामप्रवेश राम, अवनीश राम, सुनील राम, दिवाली राम, मंगल राम सहित कई लोग मौजूद थे।


जाम करते विस्थापित।

## जिला परिषद बस पड़ाव से निकल सड़क पर बह रहे गंदे पानी से लोग परेशान


सड़क पर बहता गंदा पानी।

**चंदवा।** प्रतिवर्ष सरकार को लाखों रुपये का राजस्व देने वाली चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद बस पड़ाव प्रांगण में लगे जल मीनार व शौचालय से निकलकर सड़क पर लगातार बह रहे गंदे पानी से लोग परेशान है। पवित्र शारदीय नवरात्र को देखते हुए प्रशासन के द्वारा चंदवा शहर में सड़क पर बहने वाले गंदे पानी के निस्तारण को लेकर निर्देश भी दिया गया था, बावजूद इसके सड़क पर बह रहे गंदे पानी के निकास की कोई व्यवस्था नही की गई है। जिस कारण नवरात्र पूजा के व्रतियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगो ने कहा कि बस पड़ाव परिसर में लाखों रुपये की लागत से नया शौचालय का निर्माण कराया गया, लेकिन उसको अब तक शुरू नही किया गया है। ऐसे में प्रतिदिन बस पड़ाव पहुंचने वाले यात्री पुराने शौचालय में ही जाते हैं, जहां गंदे पानी के निस्तारण को लेकर कोई व्यवस्था नही हैं, जिस कारण वहां से लगातार गंदा पानी निकलता रहता है व बहते बहते एनएच पहुंच जा रहा है। जिससे सड़क तो खराब हो ही रही है, साथ ही सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगो व आम यात्रियों को भी परेशानी हो रही है। सड़क पर बह रहे पानी से वाहन के गुजरने के बाद गंदे पानी का छींटा भी लोगो के कपड़ो पर पड़ता है। ऐसे में पवित्र नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की दिक्कत काफी बढ़ गयी है। लोगो ने सड़क पर बह रहे पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग स्थानीय प्रशासन से ही है।

## एक नजर में

### समेकित कृषि प्रणाली विषय पर किसानों को दिया गया प्रशिक्षण


कार्यक्रम का शुभारंभ करते अधिकारी।

**लातेहार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तेलहन योजना के अन्तर्गत सोमवार को समेकित कृषि प्रणाली विषय पर फार्मर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार लातेहार में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ विनोद उरांव जिला परिषद् सदस्य पूर्वी लातेहार, डॉ. दिवेश कुमार सिंह परियोजना निदेशक आत्मा लातेहार एवं डॉ. प्रमोद कुमार कृषि वैज्ञानिक क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र चियांकी पलामू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर विनोद उरांव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान आधुनिक तकनीक से खेती कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर दूसरे किसानों को भी प्रेरित करे ताकि उनका नाम जिला एवं राज्य में रोशन हो। यहां दुसरे जिला एवं राज्य के किसान आकर खेती के गुर सिखें ऐसा मिशाल पेश करना है। डॉ. दिवेश कुमार सिंह, ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी किसानों को दिया। डॉ. प्रमोद कुमार ने तेलहन फसलों जैसे-राई/सरसों, मूँगफली इत्यादि के नवीनतम तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर बलबीर सिंह, जिला परामर्शी, एनएफएसएम, सविता उराँव, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, लातेहार, सपना कुमारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक, लातेहार एवं श्री विनय कुमार तोमर, संचालक, एग्री क्लिनीक, लातेहार एवं लातेहार, चन्दवा, बालूमाथ, बारियातु एवं हेरहंज प्रखण्ड के लगभग 50-60 किसान उपस्थित थे।

### कम राशन देने के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**लातेहार।** सदर प्रखंड के धनकारा पंचायत ग्राम बाजकुम के रेखा देवी, लखपतिया देवी, रीता देवी, विनीता देवी, रिंकी देवी सेमत दर्जनों महिलाओं ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा को सरना महिला समूह नामक जनवितरण प्रणाली खिलाफ आवेदन देकर कम राशन देने का आरोप लगाया है। उन्होंने दिये आवेदन में बताया है कि 14 अक्टूबर को हम सभी कार्ड धारी जन वितरण प्रणाली दुकान में राशन लेने गए तो डीलर द्वारा प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से एक-एक किलो अनाज की कटौती की गई। जब इसका विरोध किया गया तो डीलर द्वारा गाली गलौज कर राशन कार्ड रद्द करने की धमकी दी गई। डीलर द्वारा मनमानी करने तथा राशन कार्डधारियों को गाली-ग्लोज कर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। वहीं धनकारा पंचायत के पंचायत समिति उषा देवी ने बताया कि महिलाओं द्वारा कई बार कम राशन देने का आरोप लगाया है। दो-तीन महीना में एक बार राशन मिलता है वह भी 7 से 8 किलो अनाज काट लिया जाता है और डीलर के द्वारा धमकी भी दिया जा रहा है कि जाओ जहां तक जाना जाओ कुछ नहीं कर पाओगे। उन्होंने आगे बताया कि राशन ईटा पत्थर वह नमक की थैली से राशन तोला जाता है मना करने पर राशन नहीं देने की बात करती है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह से डीलर के द्वारा कार्ड धारी को परेशान करना ठीक नहीं है। कार्डधारियों ने जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी से राशन डीलर को बदलने की मांग की है। वही महिलाओं ने बताया कि गावों में गरीब रेखा से नीचे गुजर बसर करने वाले ग्रामीणों की संख्या अधिक है। दुकानदार के निर्धारित समय पर पैसे की कमी के कारण जो गरीब राशन नही उठा पाती है। उसे दूसरे दिन डीलर के द्वारा राशन नहीं देने का आरोप लगाया। मौके पर रेखा देवी, लखपतिया देवी, रीता देवी, विनीता देवी, रिंकी देवी, सावित्री देवी, रूपा देवी, गुफलु देवी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में परीक्षा का रिजल्ट



कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथि व शिक्षक।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में सोमवार को अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम प्रकाशित कर अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच प्रगति कार्ड व मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ओउम एवं भारत माता के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके पश्चात अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख शशि कुमार सिंह द्वारा किया गया। कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सिंह एवं प्रधानाचार्य राम द्वारा मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सिंह ने विद्यालय मे अध्यनरत छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इसलिए सभी विद्यार्थी पढ़ाई मे विशेष ध्यान दें। परिश्रम करने से ही सफलता मिलती है। जिनका नंबर कम आया है वह मेहनत करके आगे बढ़ें। परीक्षाएं आप सभी को आगे बढ़ने की सीख देती है। विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए उन्होंने प्रेरित किया। वहीं सांसद प्रतिनिधि सिंह ने माता भगवती से छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की संचालन आचार्य लक्ष्मण राम एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्या वीणा देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य बसंत कुमार, आचार्या किरण देवी, विनीता कुमारी, मधुबाला कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## तेतरियाखाड़ कोलियरी में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट, एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड कोलियरी इन दिनों सुर्खियों में कभी ट्रैकों को जबरन प्रवेश करने, तो कभी रंगदारी लेने, तो कभी बर्चस्व कायम को लेकर आए दिन मारपीट होना आम हो गया है। कोलियरी परिसर में पिछले 24 घंटे के अंदर दूसरी बार सोमवार को वर्चस्व बनाने को लेकर विस्थापित नेता गिरधारी यादव एवं प्रदीप यादव व मनोज यादव के गुट में जमकर मारपीट हुई। जिसमें विस्थापित नेता गिरधारी यादव के पुत्र छोटू यादव घायल हो गया। मारपीट के बाद दोनो गुटों में तनाव हो गया। तेतरियाखाड़ पुलिस मौके पर पहुंचकर हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को संभाला। मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप यादव, मनोज यादव लिकेज का कोयला का डीओ लाया था और वह अपना ट्रैकों को प्रवेश करा कर कोयला का उठाव करना चाह रहा था। वहीं विस्थापित नेता गिरधारी यादव व उसके पुत्र द्वारा इसका विरोध करते हुए पहले लोकल डीओ के कोयला उठाव हेतु ट्रैकों को प्रवेश करना चाह रहा था इसी बात को लेकर दोनों गुटों में जमकर मारपीट हुई। ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय पर पुलिस नहीं पहुंचती तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। ज्ञात हो कि रविवार को दिलीप यादव के ट्रक ड्राइवर अनिल यादव को पहले ट्रक घुसाने को लेकर हुए विवाद में लोहे के रड से मार कर जख्मी कर दिया गया था। इस संबंध में बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि दो पक्षों में झड़प हुई थी मौके पर पुलिस पहुंचकर दोनों पक्षों को खदेड़कर स्थिति को संभाल लिया अभी तक किसी पक्ष का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

## आल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आल इंडिया स्टेशन मास्टर असोसिएशन बरवाडीह ब्रांच का संरक्षा बैठक शाखा विस्तार यातायात निरीक्षक संजय कुमार एवं स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार की अध्यक्षता मे टोरी मे सम्पन्न हुआ। स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार ने कहा कि रेलवे देश की लाइफ लाइन है, इसका संरक्षा के साथ परिचालन बहुत आवश्यक है, बिना संरक्षा के बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। संगठन से धनबाद मंडल के मंडल अध्यक्ष रमेश महतो ने संगठन के आवश्यकता के बारे मे बतलाया व संगठन क्यों जरूरी है इसके बारे मे बिस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा की यह संगठन केवल स्टेशन मास्टर की रक्षा नहीं करता है बल्कि देश के मुश्किल वक़्त मे सहयोग भी करता है, ब्रांच सेक्रेटरी रामाशीष महतो ने कहा की स्टेशन मास्टर आपस मे मिलकर रहें, जब कभी कोई समस्या उत्पन्न हो तो, आपस मे मिलकर उसे हल करें, अन्यथा उसे आगे अपने उपर के अधिकारी को सूचित करें, रेलवे के समान्य नियम का अध्ययन करें, और ड्यूटी के दौरान नियमों का कड़ाई से पालन करें, इसके बाद संगठन के सदस्यों ने टोरी से लेकर शिवपुर तक सभी स्टेशन पर सभी स्टेशन मास्टरों से मिला, और उनकी समस्याओं को सुना, उनको हल करने का आसवाशन दिया। बैठक में चेतर एसएम डी.के. पुरी, पतरातू और टोरी से समस्त स्टेशन मास्टर और बालूमाथ में बालूमाथ के स्टेशन अधीक्षक जितेंद्र चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।


बैठक में शामिल लोग।

## सीओ ने चौकीदार के साथ की बैठक व पंडालो का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** अंचलाधिकारी देवाशीष टोप्पो ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में चौकीदार के साथ बैठक की। बैठक में टोप्पो ने निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर सभी अपने क्षेत्र में मुस्तैद व तैनात रहेंगे तथा किसी भी तरह की सूचना अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी को सूचित करते हुए थाना को भी सूचित करेंगे। अपने क्षेत्र में चौकसी करते हुए पूजा पंडालों पर विशेष निगरानी रखेंगे। सभी चौकीदारों के द्वारा भी अपनी समस्याओं से अंचल अधिकारी को अवगत कराया जिसमें सीओ द्वारा बताया गया कि नियमित बैठकों के बाद त्वरित गति से सभी समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। वहीं दुर्गा पूजा के मद्देनजर सोमवार को सात पंडालों का निरीक्षक किया गया। जिसमे अंचलअधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, अंचल निरीक्षक उदल राम, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के साथ पूरी अंचल तथा थाना की टीम की मौजूदगी में पंडालों का भौतिक निरीक्षण किया।


समिति के मेंबर को दिशा निर्देश देते सीओ।

## दुर्गा पूजा पंडालों को लेकर अग्निशमन विभाग ने की एडवाजयरी जारी

**लातेहार।** दुर्गा पूजा पंडालों को लेकर अग्निशमन विभाग लातेहार ने एडवाजयरी जारी की है। अग्निशमन पदाधिकारी लातेहार दिलीप राम केशरी ने बताया कि पंडाल में प्रयोग किये जाने वाले सभी फेब्रिक मैटेरियल फायर डिटाडेंट साल्युशन से ट्रीट किया जाना चाहिए। पंडाल निर्माण में किसी प्रकार के सिंथेटिक सामग्रियों का उपयोग नहीं किया जायेगा। पंडाल का प्रवेश द्वार गुफानुमा या घुमावदार नहीं बनाया जायेगा। विद्युत व्यवस्था किसी लाइसेंसी ठेकेदार के द्वारा कराया जायेगा। हवन कुंड अथवा दीप को उचित दूरी पर रखा जायेगा। पंडाल तक अग्निशमन वाहनो के पहुंचने का रास्ता सुगम होगा। उन्होने पंडाल के पास नौ लीटर क्षमता वाले दो वाटर सीओटू एक्सटींग्यूशर, पांच केजी क्षमता वाले दो डीसीसी एक्सटींग्यूशर, पांच केजी क्षमता वाले दो सीओटू एक्सटींग्यूशर, बालू से भरा बालटी व फायर बीटर रखने की सलाह दी है।

सभी पंडालों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर सौहार्द बिगाड़ते पकड़े जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई : थाना प्रभारी

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

**सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाए : बीडीओ**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मनाने को लेकर मनिका थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में दिन मंगलवार को शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जहां पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में होने वाले पूजा के कार्यक्रम की विधि व्यवस्था व पंडालों के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी लिया गया। साथ ही पूजा के दौरान होने वाले किसी भी तरह की परेशानियों के बारे में शांति समिति के सदस्यों से जानकारी ली गई। वहीं क्षेत्र के कई गांव के पूजा कमेटी के लोगों ने पूजा कार्यक्रम के दौरान पुलिस पेट्रोलिंग के लिए थाना प्रभारी के समक्ष मांग रखा। वहीं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने प्रखंड वासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रखंड वासियों के सेवा के लिए मनिका पुलिस 24 घंटे तत्पर है पूजा के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी और जगह-जगह पर पुलिस बलों की तैनाती भी किए जाएंगे। वहीं बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने प्रखंड वासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए सभी समुदाय के लोगों से आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाने का अपील किया। मौके पर एसआई शिल्पी भगत, एसआई प्रदीप राय, एसआई राजकुमार तिग्गा, प्रमुख प्रतिमा देवी, वीरेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विश्वनाथ राय, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, उमेश यादव, सुरेंद्र भारती, राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र यादव, छोटू राजा, महावीर साव, बच्चन यादव, मनदीप कुमार, डीगलू राय, ओम प्रकाश यादव, मिथिलेश पासवान, मुखिया सुदेश्वर सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित लोग व अधिकारी।

# पटना होते हुए समस्तीपुर से मुंबई तक चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** शारदीय नवरात्र के साथ ही पर्व त्यौहारों का सीजन शुरू हो गया है। अब लोग मुंबई जैसे शहरों से छुट्टी लेकर अपनी घर को लौटेंगे। इस दौरान ट्रेनों पर भारी भीड़ देखने को मिलेगी।

दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज- छिवकी के रास्ते समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच गाड़ी संख्या-01043 और गाड़ी संख्या-01044 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। यह पूजा स्पेशल पटना के पाटलिपुत्र स्टेशन पर रुकते हुए जायेगी।



## एक दिसंबर तक चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए रेलवे यात्रियों को भीड़ से बचाने के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन चला रही है। इसी कड़ी में बिहार के समस्तीपुर से पाटलिपुत्र स्टेशन रुकते हुए मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक 20 अक्टूबर से 01 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को पूजा स्पेशल ट्रेन परिचालित की जायेगी। यह स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 19 अक्टूबर से 30 नवंबर तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी।

### नरेगा योजना में सरकारी राशि गबन मामले में

## पूर्व कनीय अभियंता दोषी करार, तीन साल की सजा

### मुआवजे की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को तीन महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मनरेगा योजना में मजदूरों की गलत प्रविष्टी कर योजना राशि का गबन करने के मामले में दोष सिद्ध एक कनीय अभियंता को तीन साल के कारावास की सजा सुनायी है। वहीं न्यायालय ने दोष सिद्ध आरोपी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख रुपए भुगतान करने का फैसला सुनाया है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत में सोमवार को जामा थाना कांड संख्या 97/2007 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने जामा के तत्कालीन कनीय अभियंता नंदकिशोर राय को भादवि की धारा 409 के तहत तीन साल और 468 के तहत एक साल के कारावास के साथ मुआवजे के तौर पर तीन लाख रुपया भुगतान करने का फैसला सुनाया। मुआवजे की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को तीन महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में नौ गवाह पेशी हुई। एपीपी से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व उपायुक्त के निर्देश पर जामा के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि भूषण मेहरा के लिखित आवेदन पर जामा थाना में कांड संख्या 97/2007 दर्ज किया गया था। भादवि की धारा 467, 468, 409 और 420 के तहत दर्ज मामले में तत्कालीन कनीय अभियंता नंदकिशोर राय को नामजद आरोपी बनाया गया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार जामा प्रखंड के जाराटिकर गांव के बेटका टुडू एवं 14 अन्य ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त को एक परिवाद पत्र दिया गया था। जिसमें नरेगा योजना अंतर्गत सिलांदा से बजरा ग्राम तक ग्रेड 1 मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना में कोई कार्य नहीं करने का आरोप लगाया गया था। इस परिवाद पत्र पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व उपायुक्त द्वारा गठित वरीय अधिकारियों की टीम से मामले की जांच करायी गयी। अधिकारियों के जांच प्रतिवेदन के आलोक में उपायुक्त द्वारा जामा के पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी आलोक में पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा दर्ज मामले में उक्त योजना के अभिकर्ता कनीय अभियंता नंदकिशोर राय पर मजदूरों के जाब कार्ड एवं मास्टर रोल में मजदूरी भुगतान की फर्जी प्रविष्टी कर सरकारी राशि का गबन करने का आरोप लगाया गया था।

## तेजस्वी यादव को मिली जापान जाने की इजाजत

**पटना।** बिहार से बड़ी खबर है। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव अब आसानी से विदेश दौरे पर जा सकेंगे। राउज एवेन्यु कोर्ट ने उन्हें विदेश यात्रा पर जाने की इजाजत दे दी है। तेजस्वी 24 अक्टूबर से 1 नवंबर के लिए जापान जाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने कोर्ट से जापान जाने और पासपोर्ट रिलीज करने के निर्देश जारी करने की मांगी थी। तेजस्वी जमीन के बदले नौकरी और आईआरसीटीसी होटल टेंडर घोटाला मामले में आरोपी हैं। बता दें, बिहार में दबी जुबान से तेजस्वी की ताजपोशी की बातें भी हो रही हैं। दरअसल, जातिगत सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से ही बिहार की सियासत में हलचल है। जातीय सर्वे के आंकड़ों पर गौर करें तो बिहार में यादवों की संख्या 14 प्रतिशत से अधिक है।

## लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा पर गंभीर आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से चुने गए सांसद डा० निशिकांत दुबे हमेशा ही चर्चा में रहते हैं या तो विपक्ष को तगड़ा जवाब देने में या अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगा कर।

देवघर जो कि गोड्डा संसदीय क्षेत्र का ही एक हिस्सा है एम्स, एयरपोर्ट, रेलवे के विस्तारीकरण, फोर लेन हसडीहा महगामा, एयर पोर्ट देवघर से लिंक रोड का निर्माण कार्य, अदानी पावर प्लांट आदि सैकड़ों कार्यों को सफलता पूर्वक विकास को रफ्तार दी है। उन्होंने लोकसभा के पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस की टिकट पर चुनी गई सांसद सदस्य महुआ मोइत्रा पर आरोप लगाते हुए ये इल्जाम लगाया है कि लोक सभा में प्रश्नकाल के दौरान वो प्रश्न करने के लिए कारपोरेट जगत से पैसे लेती हैं और उनके मुताबिक दिए गए प्रश्न पूछती हैं। जो लोकतंत्र की परंपराओं और कानूनों के खिलाफ आचरण है। ये आरोप गंभीर आरोप है।

## बिहार में कोयला-डीजल से चलने वाली फैक्ट्रियां होंगी बंद

**पटना।** बिहार में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। कोयला और डीजल से चलने वाले सभी फैक्ट्रियों को बंद करने का निर्देश दिया है। सभी फैक्ट्रियों को नेचुरल गैस से चलने वाले यूनिट में परिवर्तित करने को कहा गया है अन्यथा फैक्ट्रियों का परमिट कैंसल हो जाएगा। दरअसल बिहार में जिस तरह लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने बड़ा फैसला लेते हुए कोयला और डीजल से चलने वाले सभी फैक्ट्रियों को बंद करने का फैसला लिया है।

## चपलेश्वर नाथ महादेव मंदिर के बरामदे में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के चपरी गांव में करीब 100 वर्षों से अधिक समय से प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की जाती है और भव्य मेला भी लगती है। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुशील यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में भूमफोड़ चपलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के निकट बरामदे पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती थी ।फिर विद्यालय और बगीचे के बीच में टट्टी का मंदिर निर्माण कर पूजा की जाती थी। करीब 40 वर्षों से पक्की मंदिर का निर्माण किया गया था और अभी वर्तमान में नए ढंग से मंदिर का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। पूजा में करीब 500000 खर्च होने की अनुमान है। बिहार राज्य के भागलपुर जिले अंतर्गत इंग्लिश गांव के पूरन मंडल और नवगछिया के सहदेव मंडल मिलकर आकर्षक प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं। मंदिर के पुरोहित निकट के ही खानिचक ग्राम निवासी धनंजय मिश्रा है और पुजारी यजमान गांव के ही अशोक यादव है ।पूर्व में उनके पिता यजमान हुआ करते थे। मेले में 10000 से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। लगभग 50 ग्रामीण नवयुवकों को स्वयंसेवक बहाल किया जाता है और स्थानीय पुलिस प्रशासन भी निगरानी करते हैं। साथ ही साथ आधा दर्जन सी सी टी वी कैमरा लगाया जाएगा। विशेष सलाहकार समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में बाहर से पुरोहित पूजा करने आते थे और यजमान विनोदी यादव हुआ करते थे। पूर्व में पीरपैंती के कलाकार प्रतिमा निर्माण करने आते थे। इस मंदिर में पूर्ण रूप से वैष्णवी ढंग से पूजा होती है ।प्रथम पूजा से ही दशमी तिथि तक प्रत्येक संध्या प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्दे पर रामायण, महाभारत आदि धार्मिक कथा दिखाई जाती है। जिसका की बड़ी चपरी, छोटी चपरी, बैजानी, पकड़िया, खरखोदिया,तमाशाचक सहित कई गांवों के ग्रामीण श्रद्धालु लुफ्त उठाते हैं। हर वर्ष शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में पूजा होती रही है और मेला भी लगती रही है। निकट के ही प्रचलित कलाकारों द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। बांस, बल्ला, रस्सी, तार, कपड़ा और बिजली कनेक्शन से पंडाल को सजाया जा रहा है। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुशील यादव, उपाध्यक्ष नंदकिशोर भारती, सचिव रंजन भगत, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सुमन, उपसचिव विवेक मंडल के अलावे विशेष सलाहकार समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद शाह, प्रफुल्ल झा, निशिकांत झा, रामनाथ यादव हैं। ग्रामीण सह पंचायत समिति सदस्य विनीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल महतो, अरविंद शाह, गोपाल यादव, अधीर मंडल, अनुपलाल साह योगेश यादव, केदार शाह सहित सभी ग्रामीण नवयुवक और संपूर्ण ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं।



## बीएलए 2 और सोशल मीडिया आईटी सेल के कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज दिन सोमवार को जिला भाजपा जिला कार्यालय में गोड्डा विधानसभा के मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण अभियान के तहत बीएलए 2 और सोशल मीडिया आईटी सेल के कार्यकर्ताओ का कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश द्वारा नियुक्त प्रभारी के रूप में दुमका जिला भाजपा के उपाध्यक्ष गौरव कांत, गोड्डा के विधायक अमित मंडल और जिला महामंत्री सह बीएलए 2 के विधानसभा संयोजक कृष्ण कन्हैया की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम रखी गई । कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर को पुष्प माला अर्पित करते हुए, बंदेमातरम गीत गाकर किया गया। आज की कार्यशाला में प्रदेश से नियुक्त प्रभारी गौरव कांत ने मतदाता सूची और पूर्ण निरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से सभी बूथ और शक्ति केंद्रों से आए हुए आईटी सेल के पदाधिकारी के बीच में रखा कि किस प्रकार बूथ में बीएलओ के साथ मिलकर बीएलए 2 नए वोटर का नाम जोड़ा जाए और गलत और दो जगहों पर जिनका वोटर लिस्ट में नाम वालों पर नजर रखना हैं। सोशल मीडिया वाले किस प्रकार अपना उपयोग कर अपने पार्टी का प्रचार प्रसार करेंगे। गोड्डा के लोकप्रिय विधायक अमित मंडल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार विपक्षी दल के नेता इंडिया गठबंधन का नाम लेकर आम जनता और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, जिस इंडिया गठबंधन का कोई मुखिया भी नहीं हैं, गोड्डा जिला में एमपी का प्रत्याशी को लेकर खींच तान चल रही है कौन सी दल चुनाव लडेगी ये तय नहीं हो पाई हैं, ये स्थिति लगभग सभी जगह हो रही हैं, ये सभी बातों को सभी बूथों में जाकर जनता को बताना हैं और सभी सोशल मीडिया के पदाधिकारी आईटी सेल के पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी की नीति सिद्धांतों को लेकर अपने गांव और बूथों के लोगों को बता कर भाजपा के सिद्धांत की ओर आकर्षित करवाना जिससे पार्टी का जनाधार बढ़ सके और बूथों में जाकर नए नए वोटर को अपने ओर जोड़ा जा सके। गोड्डा विधायक अमित मंडल ने सभी पदाधिकारी का दिल से आभार व्यक्त किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव ने किया ।आज के कार्यशाला में उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति समिति के सदस्य अजीत सिंह , जिला मंत्री प्रेम झा , पूर्व महिला अध्यक्ष रिंकी देवी महिला महामंत्री सरिता दुबे, नागोरी देवी जिला आईटी सेल प्रभारी पप्पू शर्मा, गोड्डा नगर अध्यक्ष गौरभ भगत , नगर मंत्री जीतू सिंह , मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव , जगरनाथ मांझी , मुनीलाल आदि उपस्थित थे।



## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

**गोड्डा।** आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त, गोड्डा जिशान कमर की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न प्रखंड में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए सुखाड़ आकलन को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक के दौरान उपायुक्त ने किसानों को खरीफ मौसम में आए सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए किसानों को किस प्रकार से आर्थिक सहायता प्रदान किया जाए इससे संबंधित समीक्षा की गई। उपायुक्त के द्वारा सुखाड़ के कारण आर्थिक क्षति का सामना करने वाले किसानों को मुख्य रूप से झारखंड राज्य फसल राहत योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं से भी किसानों को जोड़ते हुए उन्हें इस सुखाड़ की स्थिति में सहायता प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

### मूलभूत समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन

**दुमका।** छात्रावासों की मूलभूत समस्याओं को लेकर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय समन्वय समिति धरना प्रदर्शन सोमवार को किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पुराने समाहरणालय परिसर में समिति सदस्य छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम एवं राजीव बास्की के नेतृत्व में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। हालांकि उपायुक्त ए दोड्डे के आश्वासन पर छात्र-छात्राओं ने धरना कार्यक्रम समाप्त किया। उपायुक्त ने कल्याण विभाग से संचालित छात्रावासों में सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल रात्रि प्रहरी की नियुक्ति एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने का आश्वासन दिया।

### स्कार्पियो चोरी में नगर थानेदार समेत चार लाइन हाजिर

**दुमका।** शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी को रोक पाने में असफल नगर थाना के पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी अरविंद कुमार पर सोमवार को गाज गिर गई। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने 12 अक्टूबर को जियो कंपनी के इंजीनियर अजीत कुमार ऐना की स्कार्पियो चोरी में लापरवाही सामने आने के बाद थाना प्रभारी के अलावा सहायक अवर निरीक्षक विनोद सिंह, हवलदार राणा पासवान व देव प्रताप चौधरी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह पर कोर्ट का कामकाज देखने वाले अतिन कुमार को प्रभारी बनाया गया है। दरअसल जब से पुलिस अधीक्षक ने योगदान दिया है, तब से लगातार अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर रहे हैं। हर थानेदार को अपराध पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। इसके बाद भी नगर थाना क्षेत्र से चोरी कम होने का नाम नहीं ले रही थी। इसी बीच 12 अक्टूबर की रात शिवसुंदरी रोड में गोपाल साह के घर में रहने वाले उड़ीसा निवासी अजीत कुमार ऐना की स्कार्पियो चोरी हो गई। अजीत एशियन जिओ टेक रिसर्च सर्विलांस में अभियंता हैं और वे ग्रामीण क्षेत्र में सर्वे कार्य करा रहे हैं।

### बड़े भाई की हत्या में छोटे भाई को सात साल की सजा

**दुमका।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वितीय राकेश कुमार मिश्र की अदालत ने सोमवार को नौ साल पहले रामगढ़ में जमीन विवाद में भाई की हत्या करने वाले छोटे भाई बाजे हेम्ब्रम को दोषी करार देते हुए सात साल और दस हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। एपीपी ने बताया कि बड़ा सिमल पहाड़ी गांव की दुल्लड़ सोरेन ने 15 फरवरी 17 को पुलिस के समक्ष बयान दिया कि उसके पति अठवार हेम्ब्रम का देवर बेजा हेम्ब्रम के साथ जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। घर के समीप दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद देवर नाराज हो गया और घर के अंदर से कुल्हाड़ी लाकर पति पर हमला कर दिया। सिर पर प्रहार होने से पति गिर गए और मौके पर ही मौत हो गई। मौत के बाद ग्रामीणों ने बैजा को पकड़ लिया और पुलिस के आने पर उसके हवाले कर दिया। अदालत ने दस गवाह के बयान के आधार पर बेजा को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## एक नजर में

### शिक्षक भर्ती परीक्षा की फाइनल आंसर की जारी

**बिहार।** बीपीएससी 1.70 लाख शिक्षक भर्ती परीक्षा के परिणामों को लेकर बड़ी खबर है। बीपीएससी ने परीक्षा की फाइनल आंसर की जारी कर दी है. ऐसे में माना जा रहा है कि आयोग किसी भी समय परिणामों की घोषणा कर सकता है। फिलहाल परीक्षा की फाइनल आंसर की आधिकारिक वेबसाइट बीपीएससी डॉट बीआइएच डॉट एनआइसी डॉट इन पर उपलब्ध कराई गई है। आंसर की की डायरेक्ट लिंक नीचे भी साझा की गई है। इससे पहले आयोग ने 1 सितंबर एवं 16 सितंबर को परीक्षा की प्रोविजनल आंसर की जारी की थी, जिस पर उम्मीदवारों से 5 सितंबर से 11 सितंबर तक एवं 18 से 20 सितंबर तक आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। उन आपत्तियों पर अध्ययन के बाद अब फाइनल आंसर की रिलीज की गई है। अब चूंकि आयोग ने परीक्षा की प्रोविजनल आंसर की रिलीज कर दी है, ऐसे में पूरी संभावना है कि रिजल्ट भी जल्द ही जारी कर दिए जाएं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो परिणामों की घोषणा इस सप्ताह के भीतर ही होगी। रिजल्ट संबंधी लेटेस्ट अपडेट के लिए अभ्यर्थी बीपीएससी के वेबसाइट पर नजर बनाए रखें।

### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल, एसपी ने दिए कई निर्देश

**कोडरमा।** जिले में दुर्गा पूजा का त्यौहार शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर सोमवार को एसपी अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय बागीटांड़ स्टेडियम में पुलिस ने दंगा नियंत्रण को लेकर मॉक ड्रिल किया। इस दौरान एसपी श्री सिंह पुलिस के जवानों व पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## पेज 1 का शेष

### 21 को लांच होगी...

**चार टेस्ट के बाद लांच होगा मानव मिशन :** इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया है कि गगनयान के लांच से पहले चार प्रायोगिक टेस्ट किये जायेंगे। इसमें पहला टेस्ट 21 अक्टूबर को होगा। इसके बाद डी-2, डी-3 और डी-4 टेस्ट की भी तैयारी पूरी कर ली गयी है। पहले टेस्ट में गगनयान का अंतरिक्ष में जाना, आना व फिर बंगाल की खाड़ी में उतरने के बाद इसे बरामद करना शामिल है। **पैराशूट टेस्ट सफल :** गगनयान के लिए इसरो ने ड्रैग पैराशूट का सफल परीक्षण चंडीगढ़ की लैब में अगस्त में ही कर लिया था। यह पैराशूट अंतरिक्ष यात्रियों के सुरक्षित धरती पर लौटने में मदद करेगा। यह पैराशूट यान की गति को कम करेगा। इसके साथ उसे स्थिर भी रखने का काम करेगा। इसकी परीक्षण वास्तविक वातवरण में किया गया है। **अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण शुरू :** पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2018 को गगनयान मिशन की घोषणा की थी। यह मिशन 2022 तक पूरा होना था लेकिन कोरोना के कारण देरी हुई। अंतरिक्ष यात्रियों का इस मिशन के लिए प्रशिक्षण बेंगलुरु में शुरू हो गया है। गगनयान मिशन के लिए करीब 90.23 अरब रुपए का बजट आवंटित किया गया है।

### श्यामली के विवान...

इस प्रतियोगिता में हेल्वान विश्वविद्यालय, मिस्र से वरिष्ठ चित्रकार एवं शिक्षाविद डॉ हसना अबू एमिश, जर्मनी से वरिष्ठ चित्रकार बिलजाना बकालुका और भारत से वरिष्ठ चित्रकार राखी के निर्णायक की भूमिका में थे। इससे पूर्व जून 2022 में विवान ने सबसे कम उम्र में 129 पेंटिंग्स बनाने के लिए अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज करा चुका है। विवान के गुरु और पिता धनंजय कुमार खुद भी प्रख्यात चित्रकार हैं।

### वन भूमि खरीद बिक्री...

इसमें बताया गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक के तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। परंतु 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमणकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया एवं राज्य सरकार के कुल फॉरेस्ट एरिया में लगभग 2.5 लाख का अन्तर है।

### अजन्मे शिशु को मारने...

शीर्ष अदालत ने अविकसित बच्चे को समय से पहले जन्म देने के विकल्प की गुहार भी खारिज कर दी और कहा कि यदि माता-पिता चाहें तो सरकार जन्म के बाद बच्चे की देखभाल कर सकती है। पीठ ने 13 अक्टूबर को उस महिला की शारीरिक और चिकित्सीय स्थितियों का नए सिरे से मूल्यांकन करने का निर्देश दिया था, जिसने अपनी मानसिक बीमारियों के कारण गर्भपात की अनुमति मांगी थी। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को महिला से गर्भावस्था समाप्त करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था, क्योंकि उसका भ्रूण अब एक अजन्मा बच्चा है और वह उसे मार नहीं सकती। पीठ ने डॉक्टरों के लिए गंभीर नैतिक दुविधा पर भी विचार किया था, क्योंकि गर्भावस्था को समाप्त करना भ्रूण हत्या के समान होगा। पीठ ने पूछा था, महिला की स्वायत्तता सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन अजन्मे बच्चे का क्या, कोई भी उसके लिए पेश नहीं हो रहा है। आप अजन्मे बच्चे के अधिकारों को कैसे संतुलित करते हैं। शीर्ष अदालत की दो महिला न्यायाधीश बुधवार को इस बात पर असहमत व्यक्त की थीं कि उस महिला की 26 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दी जाए या नहीं, जिसे पहले अदालत ने गर्भपात की अनुमति दी थी।

### बिहार पुलिस ने दो...

**क्या है मामला :** दरअसल सोमवार को वैशाली स्थित यूको बैंक की शाखा के सामने लूटपाट की घटना को रोकने के लिए वहां तैनात दो सिपाही बदमाशों से भिड़ गये। उसी दौरान अपराधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से दोनों जवान बुरी तरह से घायल हो गये थे। बाद में इलाज के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।

### न राम न रावण फिर भी...

**दुल्हन की तरह सजाया जाता है मैसूर पैलेस :** मैसूर के दशहरे में 10 दिन तक खास लाइटिंग की जाती है। इस मौके पर कई तरह की प्रदर्शनियां निकलती हैं और कई तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। मैसूर पैलेस को जहां एक लाख से अधिक बल्ब के साथ खूबसूरत बनाया जाता है, वहीं चामुंडेश्वरी पहाड़ियों को 1.5 लाख बल्बों के साथ प्रकाशमय किया जाता है। महल के सामने मैदान में एक दसारा प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाता है। **14वीं शताब्दी में हुई थी शुरुआत :** इस साल मैसूर का भव्य त्योहार 408वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस मेले के इतिहास के बारे में बताया जाता है कि हरिहर और बुक्का नाम के दो भाइयों ने 14वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य में नवरात्रि का उत्सव मनाया था। इसके बाद 15वीं शताब्दी में राजा वोडेयार ने दस दिनों के मैसूर दशहरे उत्सव की शुरूआत की। कथा मिलती है कि यहां मौजूद चामुंडी पहाड़ी पर माता चामुंडा ने महिषासुर नामक राक्षस का अंत किया था और बुराई पर सत्य की जीत को बहाल किया। इसलिए मैसूर के लोग विजयादशमी या दशहरे को धूमधाम से मनाते हैं। **निकाली जाती हैं झांकियां :** दशहरे के दिन यहां माता चामुंडेश्वरी की पूजा अर्चना की जाती है। इसके बाद खास जुलूस निकलता है, जो अंबा महल से शुरू होता है और मैसूर से होते हुए करीब पांच किमी दूर तक जाता है। इस जुलूस में तकरीबन 15 हाथियों को शामिल किया जाता है और खूबसूरत तरीके से सजाया जाता है। उस जुलूस में नृत्य, संगती, सजे हुए जानवर आदि झांकियां निकाली जाती हैं।

## स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री आज करेंगे ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दिन में लगभग 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआइएस) 2023 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। शिखर सम्मेलन 17 से 19 अक्टूबर तक मुंबई के एमएमआरडीए मैदान में आयोजित किया जायेगा। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में भविष्य के बंदरगाहों सहित समुद्री क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जायेगा।

### अरिंदम बागची संयुक्त राष्ट्र में होंगे भारत के अगले राजदूत

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता अरिंदम बागची को जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 1995 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी और वर्तमान में विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अरिंदम बागची को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के अगले राजदूत/स्थायी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है। उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

### मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट आज छह घंटे बंद रहेगा

**मुंबई।** मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट 17 अक्टूबर को रनवे की मरम्मत कार्य के लिए सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक 6 घंटे बंद रहेगा। इन छह घंटों के दौरान मुंबई एयरपोर्ट से कोई भी उड़ान संचालित नहीं होगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रियों को सहयोग करने की अपील की है।

### महाराष्ट्र में पैसेंजर ट्रेन के 5 डिब्बों में लगी आग

**मुंबई।** अहमदनगर जिले में स्थित शिराडोह क्षेत्र में सोमवार दोपहर को अहमदनगर-आष्टी पैसेंजर ट्रेन के 5 डिब्बों में आग लग गई। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम ने आग पर काबू पा लिया है और मौके पर कूलिंग का काम जारी है।

### आयकर विभाग ने छापेमारी में 94 करोड़ की नकदी जब्त की

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने कर्नाटक एवं अन्य राज्यों में सरकारी ठेकेदारों और रियल स्टेट करोबारियों के खिलाफ छापेमारी में 94 करोड़ रुपये की नकदी, आठ करोड़ रुपये मूल्य के सोने और हीरे की ज्वेलरी तथा 30 विदेशी एवं मंहगीं घड़ियां जब्त की हैं। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी।

# पांच लाख से अधिक फिलिस्तीनियों ने छोड़ा गाजा

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल को गाजा पर कब्जा नहीं करने की दी सलाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली/गाजा।** संयुक्त राष्ट्र और इजराइल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 5 लाख से अधिक लोग गाजा छोड़ चुके हैं। वे दक्षिण गाजा की ओर चले गये हैं। इजराइल ने फिलहाल दक्षिण गाजा को टारगेट नहीं करने का फैसला नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हमास के अधिकांश समर्थक, योद्धा और बेस उत्तरी गाजा में ही हैं। इस बीच, यह भी सूचना है कि इजराइल कभी भी ग्राउंड ऑपरेशन शुरू कर सकता है।

एक दिन पहले रविवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मिस्र के राष्ट्रपति फतेह अल सिसी से मुलाकात की थी। ब्लिंकन ने मिस्र को राफा बॉर्डर खोलने का आग्रह किया है, जिससे फिलिस्तीनी शरणार्थी बाहर जा सकते है। सोमवार को इजराइल और हमास के बीच चल रही लड़ाई का 10वां दिन है। फिलिस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक रविवार को इजराइली हमले में 450 से अधिक लोगों की मौत हुई है और 850 लोग घायल हुए हैं। दूसरी ओर, हमास ने भी रॉकेट हमले जारी रखे हैं। उनके हमले में भी इजराइलियों के घायल होने की खबर है।

क्या है राफा क्रॉसिंग :

अगर कोई भी व्यक्ति गाजा से बाहर निकलना चाहता है, तो इस समय यही एकमात्र क्रॉसिंग है, जिसके जरिये वे बाहर निकल सकता है। यह गाजा के दक्षिण में है। लेकिन, यह क्रॉसिंग अभी बंद है। वर्ष 2007 में हुए के समझौते के अनुसार राफा क्रॉसिंग पर मिस्र का नियंत्रण है। जब तक मिस्र राफा क्रॉसिंग नहीं खोलता है, तब तक वहां से बाहर निकलना संभव नहीं है। अमेरिका ने इस क्रॉसिंग को खोलने पर मिस्र को फैसला लेने को कहा है। इधर, अमेरिकी अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि जल्द ही राफा क्रॉसिंग खुल सकता है। इधर, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल को गाजा पर कब्जा नहीं करने की सलाह दी है। यह भी सूचना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को इजराइल का दौरा करेंगे। गाजा में अब तक 2670 लोगों की जानें जा चुकी हैं। 9600 से अधिक घायल हैं। इजराइल ने रविवार को दावा किया था कि उसने हमास के छह कमांडर को ढेर कर दिया था।

### लेबनान सीमा पर हिजबुल्लाह ने दागे रॉकेट



**नयी दिल्ली/गाजा।** इजराइल की उत्तरी सीमा लेबनान से लगती है। यहां पर हमास का समर्थक हिजबुल्लाह का बेस है। इजराइल के अनुसार हिजबुल्लाह ने इजराइल पर रॉकेट दागे हैं। इजराइली सेना के अनुसार सीरिया की साइड से भी इजराइल पर हमले किये गये हैं। हमले को देखते हुए इजराइल ने लेबनान सीमा से 2.5 किमी अंदर अपनी सीमा में सभी नागरिकों को जगह खाली कर देने को कहा है। इजराइल की सेना नभ से लेकर थल तक गाजा पट्टी पर स्थित हमास के पनाहगाहों पर कहर बरपा रही है। इससे गाजा में मानवीय संकट बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गाजा पर जमीनी लड़ाई के लिए तैयार इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फिर दुहराया है कि उनके सुरक्षाबल हमास के सारे आतंकवादियों को मौत के घाट उतारने के बाद शांत होंगे। बताया गया है कि रविवार को इजराइल की सेना ने गाजा के नागरिकों को मुख्य राजमार्ग से निकलने के लिए दोपहर में तीन घंटे का समय देने की पेशकश की, लेकिन गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों को खाली करने से इनकार कर दिया। सोमवार की सुबह में फिर इजराइल ने गाजा के नागरिकों को मुख्य राजमार्ग से निकलने के लिए पांच घंटे के समय दिया।

# विपक्ष ने फिलिस्तीन के राजदूत से की मुलाकात



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर सहित विपक्ष के कई नेताओं ने सोमवार को दिल्ली स्थित फिलिस्तीनी दूतावास पहुंचकर उसके राजदूत से मुलाकात की और वहां के नागरिकों के साथ एकजुटता दर्शाते हुए इजराइल के हमले की निंदा की। मुलाकात करने वाले विपक्षी नेताओं में मणिशंकर अय्यर के अलावा समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य जावेद अली खान, बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोझ झा, भाकपा (माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य के साथ मुजफ्फर शाह, शाहिद सिद्दीकी, डी राजा, सुभाषिनी अली, मोहम्मद अदीब, मोहम्मद अफजल, संतोष भारतीय और नदीम खान थे। इन नेताओं ने राजदूत से मुलाकात करने के बाद एक साझा बयान जारी कर कहा कि वह चाहते हैं कि इजराइल गाजा पट्टी पर हमले बंद करे। विपक्षी नेताओं ने कहा कि हम मानते हैं कि हिंसा कभी भी समाधान नहीं है, क्योंकि यह विनाश और पीड़ा के चक्र की ओर ले जाती है।

### इजराइल के हमले की निंदा की

## त्योहारों से पहले आम आदमी को मिली बड़ी राहत

# थोक महंगाई दर सितंबर में घट कर -0.26 फीसदी पर आयी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** खुदरा के बाद अब थोक महंगाई से भी त्योहारों के पहले आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआइ) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर सितंबर में घटकर -0.26 फीसदी पर आ गयी है। लगातार छठे महीने थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। अगस्त में यह पांच महीने के उच्चतम स्तर -0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सितंबर महीने में डब्ल्यूपीआइ पर आधारित थोक महंगाई दर घटकर -0.26 फीसदी पर आ गयी है। सितंबर, 2022 में थोक महंगाई दर 10.55 फीसदी थी। इससे पिछले महीने अगस्त में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्चतम स्तर -0.52 फीसदी पर पहुंच गयी थी। वहीं, जुलाई के महीने में यह -1.36 फीसदी रही थी। मंत्रालय के अनुसार, सितंबर महीने में मुख्य रूप से पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में रासायनिक तथा रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट की वजह से थोक महंगाई कम हुई है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई सितंबर में घटकर 3.35 फीसदी हो गयी, जबकि अगस्त में यह 10.60 फीसदी थी। ईंधन एवं बिजली खंड की महंगाई सितंबर में शून्य से 3.35 फीसदी नीचे रही, जो अगस्त में -6.03 फीसदी थी। इसी तरह विनिर्मित उत्पादों की महंगाई सितंबर में शून्य से 1.34 फीसदी नीचे रही, जबकि अगस्त में यह शून्य से 2.37 फीसदी नीचे रही थी।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर घटकर तीन माह के निचले स्तर 5.02 फीसदी पर आ गयी। खुदरा महंगाई दर में गिरावट की मुख्य वजह सब्जियों एवं ईंधन की कीमतें कम होना रहा है।

# भारत-वियतनाम की मजबूत साझेदारी बनायेगी स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत : विदेश मंत्री



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** विदेश मंत्री वर्तमान में वियतनाम यात्रा पर हैं। सोमवार को उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन दिया। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में आगे विकास के लिए उनका मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। एक मजबूत भारत-वियतनाम साझेदारी स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत में योगदान देगी। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और उनके समकक्ष बुई थान सोन ने आज हनोई में 18वें भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्री ने बैठक को सार्थक बताया और कहा कि विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच हुई चर्चाओं में राजनीतिक, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, न्यायिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग शामिल था। साथ ही, भारत-प्रशांत क्षेत्र, वैश्विक मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और विभिन्न बहुपक्षीय समूहों में हमारे सहयोग पर दृष्टिकोण भी साझा किया गया। विदेश मंत्री ने हिन्द-प्रशांत में भारत विषय पर वियतनाम की डिप्लोमैटिक अकादमी को संबोधित भी किया। उन्होंने हिंद-प्रशांत निर्माण में सहयोग करने में समाये साझा हितों पर चर्चा की। आसियान की केंद्रीयता के महत्व को रेखांकित किया और क्वाड के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे भारत और वियतनाम अपनी स्वतंत्र सोच के साथ बहुध्रुवीय और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। जयशंकर ने वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के बाहरी संबंध आयोग के अध्यक्ष ले होई ट्रुंग के साथ भी विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री ने कहा कि इस दौरान प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत और वियतनाम का एक-सा दृष्टिकोण स्पष्ट उभरकर आया है। विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष बुई थान सोन के साथ संयुक्त रूप से भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने वाले स्मारक टिकटों का अनावरण किया।

# इलेक्टोरल बांड को चुनौती देने से संबंधित याचिकाएं संविधान बेंच को

### मामले की सुनवाई 30 को



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड को चुनौती देने से संबंधित याचिकाओं को संविधान बेंच को रेफर कर दिया। संविधान बेंच इस मामले पर 30 अक्टूबर से सुनवाई करेगा।

गौरतलब है कि 31 जनवरी को कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड को चुनौती देने से संबंधित याचिकाओं को तीन हिस्सों में बांटते हुए तीनों पर अलग-अलग सुनवाई करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने आदेश दिया था कि इलेक्टोरल बांड से जुड़ा पहला भाग, जिसमें इलेक्टोरल बांड योजना को चुनौती देने के मामले पर सुनवाई होगी। दूसरे भाग में उन याचिकाओं पर सुनवाई होगी, जिसमें यह पड़ताल की जायेगी कि क्या राजनीतिक दलों को आरटीआइ के दायरे में रखा जाना चाहिए। तीसरे भाग में 2016 और 2018 के फाइनेंस एक्ट के जरिये एफसीआरए में संशोधन को चुनौती देने के मुद्दे पर सुनवाई होगी।

### नोएडा के निठारी कांड में कोली व पंढेर बरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने निठारी कांड में सीबीआइ कोर्ट गाजियाबाद से सुरेंद्र कोली व मनिंदर सिंह पंढेर को मिली फांसी की सजा के खिलाफ अपीलें मंजूर कर ली थीं। आरोप संदेह से परे साबित न हो पाने के कारण निर्दोष करार देते हुए बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति एसएचए रिजवी की खंडपीठ ने लंबी चली बहस के बाद अपीलों पर फैसला सुरक्षित कर लिया था। सोमवार (16 अक्टूबर) को फैसला सुनाया गया। कोली पर दर्जनों लड़कियों की नृशंस हत्या व बलात्कार करने के आरोप में एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा के खिलाफ अपील दाखिल की गयी है। पंढेर को भी तीन मामलों में फांसी की सजा मिली है। नोएडा की पंढेर की कोठी में निठारी गांव की लड़कियों को लाकर हत्या की गयी थी।

# वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस की वैधता अवधि 10 साल बढ़ी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने विमानन क्षेत्र को सुगम एवं बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ा कर 10 साल कर दी गयी है। अभी तक वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की वैधता पांच साल होती थी। ये अवधि पूरी होने के बाद इसका नवीनीकरण कराना होता था।

नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि मंत्रालय ने विमान नियम, 1937 में संशोधन किया है। मंत्रालय ने इन संशोधनों के तहत एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) और सीपीएल धारकों के लाइसेंस की वैधता को पांच साल से बढ़ा कर 10 साल कर दी है। अभी तक वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की वैधता पांच साल थी, जिसे अवधि पूरी होने के बाद नवीनीकरण कराना होता था।

मंत्रालय ने इसके साथ ही हवाई अड्डे के आसपास रोशनी संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए भी नियमों में संशोधन किया गया है। वहीं, एक अन्य संशोधन के तहत विदेशी लाइसेंस के सत्यापन की आवश्यकता को हटा दिया है। इसके अलावा, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) लाइसेंस धारकों के लिए संबंधित जरूरतों को और उदार बनाया गया है। मंत्रालय के अनुसार, 10 अक्टूबर को अधिसूचित विमान नियम 1937 में संशोधन विमानन क्षेत्र में सुगमता को बढ़ावा देने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# लगातार तीसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में आयी गिरावट

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई। पूरे दिन लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ, वहीं निफ्टी ने 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद बीएसइ सेंसेक्स 115.81 अंक की गिरावट के साथ 66,166.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 19.30 अंक

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX ZOOM CASIO PAiSTe Fender
MAPEX Gibson ESP DigiTech Pluto KORG M-AUDIO Ibanez
SoundX Zildjian Roland Studiomaster Hertz Epiphone GRANADA Cort
behringer Givson Sennheiser stranger TAMA AROMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

# नवरात्र पर अरविंद अकेला कल्लू का गाना 'प्यारा सजा है...' रिलीज



**भोजपुरी** सिनेजगत में युवा दिलों की धड़कन नाम से मशहूर सिंगर व एक्टर अरविंद अकेला कल्लू का नवरात्र स्पेशल गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' सोमवार को रिलीज हो गया। इस गाने में कल्लू ने माता के दरबार में खड़े होकर उनका गुणगान किया है। गाने के जरिये कल्लू ने मां दुर्गा का स्मरण भी किया है और इस पावन पर्व के बारे में सुरीली प्रस्तुति दी है। इस गाने को कल्लू ने शिवानी सिंह के साथ मिलकर गाया है, जो अपनी आवाज से दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर देते हैं। ऐसे में कल्लू और शिवानी मिलकर एक खूबसूरत गाना लेकर आये हैं, जो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। कल्लू का गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' टी-सीरिज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है, जिसे कल्लू के चाहने वालों के साथ देवी मां के भक्त भी खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं, गाने को लेकर कल्लू ने कहा कि जगत जननी मां अंबे की महिमा निराली है। वे अपने भक्तों की तारणहार हैं। उनका श्रृंगार शक्ति है, उनका स्वभाव दयालु है। ऐसी मां अंबे को मेरा बारंबर प्रणाम। मैं अपने चाहने वालों से आग्रह करूंगा कि माता के इस गीत को अपना आशीर्वाद दें। गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' में अरविंद अकेला कल्लू और शिवानी सिंह की आवाज कर्णप्रिय है। इसके संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। गाने में काजल राज, खुशी यादव और देबो श्री हैं।

### फिल्म पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रपति आज करेंगी सम्मानित

**नयी दिल्ली।** 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2021 के विजेताओं को मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कार दिये जायेंगे। इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी, जो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि होंगे। इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि अल्लू अर्जुन को फिल्म पुष्पा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया जायेगा, जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार क्रमशः आलिया भट्ट और कृति सेनन को उनकी फिल्मों गंगूबाई काठियावाड़ी और मिमी के लिए प्रदान किया जायेगा। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार द नांबी इफेक्ट को प्रदान किया जायेगा।

# अकाल तख्त साहिब ने सिखों की डेस्टिनेशन शादियों पर लगायी रोक



**चंडीगढ़ (हि.स.)।** अकाल तख्त साहिब ने सिखों में बढ़ रही डेस्टिनेशन शादियों की परंपरा का नोटिस लेते हुए इस पर रोक लगा दी है। सोमवार को अकाल तख्त साहिब पर पांचों तख्तों के जत्थेदारों की बैठक में यह फैसला लिया गया। ज्ञानी रघबीर सिंह के अकाल तख्त साहिब का जत्थेदार बनने के बाद यह पहला मौका था, जब पांचों तख्तों के जत्थेदारों की बैठक हुई।

बैठक के बाद जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने बताया कि देश-विदेश से संगतों की शिकायतें उनके पास पहुंच रही थीं। कुछ व्यक्ति मयार्दा का उल्लंघन कर समुद्र के किनारों बीच या रिसॉर्ट पर श्री गुरुग्रंथ साहिबजी का प्रकाश करके आनंद कारज करते हैं। अब ऐसी डेस्टिनेशन वेडिंग पर रोक लगायी जाती है। गुरुद्वारा कलगीधर साहिब, कनाल कॉलोनी बठिंडा में दो लड़कियों के गुरुग्रंथ साहिब की हजूरी में आनंद कारज करवाने के मामले में भी सिंह साहिबानों ने फैसला सुनाते हुए विवाह को अवैध करार दे दिया है। इसके साथ ही विवाह करवाने वाली कमेटी को हमेशा के लिए प्रबंध चलाने में अयोग्य करार किया है और संगत को अमृतधारी प्रबंधक कमेटी के चुनाव करवाने के आदेश दिये हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्य ग्रंथी हरदेव सिंह, ग्रंथी अजायब सिंह, रागी सिकंदर सिंह, तबला वादक सतनाम सिंह को सिख मयार्दा के उल्लंघन के दोष में पांच साल के लिए ब्लैकलिस्ट किया गया।

डेरा मुखी दर्शन सिंह के महिला के साथ अवैध संबंधों के मामले में भी जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने डेरा मुखी को अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होकर अपना गुनाह मानकर माफी मांगने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि डेरा मुखी को तब तक कीर्तन करने का अधिकार नहीं है। अगर वह कीर्तन करता हुआ दिखायी दिया, तो उसके खिलाफ मयार्दा के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। इतना ही नहीं, संगत को भी उससे मेल-मिलाप न रखने के लिए कहा गया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# मां भगवती की उपासना से जागृत शक्ति

## उपासना





बासुकीनाथ पाण्डेय

नवरात्र भारतवर्ष में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने प्रमुख पर्व है। इस दौरान मां के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। वैसे तो एक वर्ष में चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ के महीनों में कुल मिलाकर चार बार नवरात्र आते हैं, लेकिन चैत्र और आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक पड़ने वाले नवरात्र काफी लोकप्रिय हैं। बसंत ऋतु में होने के कारण चैत्र नवरात्र को वासंती नवरात्र तो शरद ऋतु में आने वाले आश्विन मास के नवरात्र को शारदीय नवरात्र भी कहा जाता है। चैत्र और आश्विन नवरात्र में आश्विन नवरात्र को महानवरात्र कहा जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि ये नवरात्र दशहरे से ठीक पहले पड़ते हैं, दशहरे के दिन ही नवरात्र को खोला जाता है। नवरात्र के नौ दिनों में मां के अलग-अलग रूपों की पूजा को शक्ति की पूजा के रूप में भी देखा जाता है।

**मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री मां के नौ अलग-अलग रूप हैं। नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। इसके बाद लगातार नौ दिनों तक मां की पूजा व उपवास किया जाता है। दसवें दिन कन्या पूजन के पश्चात उपवास खोला जाता है।**

आषाढ़ और माघ मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले नवरात्र गुप्त नवरात्र कहलाते हैं। हालांकि गुप्त नवरात्र को आमतौर पर नहीं मनाया जाता लेकिन तंत्र साधना करने वालों के लिए गुप्त नवरात्र बहुत ज्यादा मायने रखते हैं। तांत्रिकों द्वारा इस दौरान देवी मां की साधना की जाती है।

वैसे तो साल में चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ महीनों में चार बार नवरात्र आते हैं लेकिन चैत्र और आश्विन माह की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक चलने वाले नवरात्र ही ज्यादा लोकप्रिय हैं जिन्हें पूरे देश में व्यापक स्तर पर मां भगवती की आराधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। धर्म ग्रंथों, पुराणों के अनुसार चैत्र नवरात्रों का समय बहुत ही भाग्यशाली बताया गया है। इसका एक कारण यह भी है कि प्रकृति में इस समय हर और नये जीवन का, एक नई उम्मीद का बीज अंकुरित होने लगता है। जनमानस में भी एक नयी उर्जा का संचार हो रहा होता है। लहलहाती फसलों से उम्मीदें जुड़ी होती हैं। ऐसे समय में मां भगवती की पूजा कर उनसे सुख-समृद्धि की कामना करना बहुत शुभ माना गया है। क्योंकि बसंत ऋतु अपने चरम पर होती है, इसलिए इन्हें वासंती नवरात्र भी कहा जाता है। नवरात्र के दौरान जहां मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है वहीं चैत्र नवरात्रों के दौरान मां की पूजा के साथ-साथ अपने कुल देवी-देवताओं की पूजा का विधान भी है जिससे ये नवरात्र विशेष हो जाते हैं।

### मां के नौ रूपों की पूजा

अपने कुल देवी देवता की पूजा के साथ-साथ नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना अर्थात् घट स्थापना के साथ ही नवरात्र की शुरुआत होती है। पहले दिन मां शैलपुत्री तो दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। तीसरे दिन मां चंद्रघंटा, चौथे दिन मां कुष्मांडा, तो पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा होती है। छठे दिन मां कात्यायनी एवं सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। आठवें दिन महागौरी तो नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।



### कलश स्थापना

कलश स्थापना के लिए प्रतिपदा के दिन स्नानादि कर पूजा स्थल को शुद्ध कर लें। इसके बाद लकड़ी के एक फट्टे पर लाल रंग का वस्त्र बिछायें। वस्त्र पर गणेश जी का स्मरण करते हुए थोड़े चावल रखें। अब मिट्टी की वेदी बनाकर उस पर जौ बोयें, फिर इस पर जल से भरा मिट्टी, सोने या तांबे का कलश विधिवत स्थापित करें। कलश पर रोली से स्वास्तिक या ऊँ बनायें। कलश के मुख पर रक्षा सूत्र भी बांधना चाहिए। साथ ही कलश में सुपारी, सिक्का डालकर आम या अशोक के पत्ते रखने चाहिये। अब कलश के मुख को ढक्कन से ढंक कर इसे चावल से भर देना चाहिए। एक नारियल लेकर उस पर चुनरी लपेटें व रक्षा सूत्र से बांध दें। इसे कलश के ढक्कन पर रखते हुए सभी देवी-देवताओं का आवाहन करें और अंत में दीप जलाकर कलश की पूजा करें व फूल व मिठाइयां भी चढ़ा सकते हैं। इस घट पर कुलदेवी की प्रतिमा भी स्थापित की जा सकती है। कलश की पूजा के बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ भी करना चाहिए।

# मां दुर्गा को प्रसन्न करने की अचूक विधियां



प्रत्येक वर्ष में दो बार नवरात्रे आते है। पहले नवरात्रे चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरु होकर चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि तक चलते है। अगले नवरात्रे शारदीय नवरात्रे कहलाते है। ये नवरात्रे आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरु होकर नवमी तिथि तक रहते है। दोनों ही नवरात्रों में देवी का पूजन किया जाता है। देवी का पूजन करने की विधि दोनों ही नवरात्रों में लगभग एक समान रहती है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष के नवरात्रों के बाद दशहरा पर्व मनाया जाता है। नवरात्रों में माता के नौ रुपों की पूजा की जाती है।

व्रत का संकल्प लेने के बाद, मिट्टी की वेदी बनाकर 'जौ बौया' जाता है। इसी वेदी पर घट स्थापित किया जाता है। घट के ऊपर कुल देवी की प्रतिमा स्थापित कर उसका पूजन किया जाता है। इस दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है। पाठ पूजन के समय दीप अखंड जलता रहना चाहिए।

नवरात्री की पहली तिथि पर सभी भक्त अपने घर के मंदिर में कलश स्थापना करते हैं। इस कलश स्थापना की भी अपनी एक पूजा विधि, एक मुहूर्त होता है। कलश स्थापना को घट स्थापना भी कहा जाता है। नवरात्रि की पहली तिथि में दुर्गा मां के प्रारूप मां शैलपुत्री की आराधना की जाती है। इस दिन सभी भक्त उपवास रखते हैं और सायंकाल में दुर्गा मां का पाठ और विधिपूर्वक पूजा करके अपना व्रत खोलते हैं

### पूजन प्रारंभ की प्रक्रिया

हिन्दू शास्त्रों में किसी भी पूजन से पूर्व, भगवान गणेशजी की आराधना का प्रावधान बताया गया है। माता जी की पूजा में कलश से संबन्धित एक मान्यता है के अनुसार कलश को भगवान श्री गणेश का प्रतिरुप माना गया है। इसलिये सबसे पहले कलश का पूजन किया जाता है। कलश स्थापना करने से पहले पूजा स्थान को गंगा जल से शुद्ध किया जाना चाहिए। पूजा में सभी देवताओं आर्मंत्रित किया जाता है। कलश में सात प्रकार की मिट्टी, सुपारी, मुद्रा रखी जाती है। और पांच प्रकार के पत्तों से कलश को सजाया जाता है। इस कलश के नीचे सात प्रकार के अनाज और जौ बौये जाते है। जिन्हें दशमी की तिथि पर काटा जाता है। माता दुर्गा की प्रतिमा पूजा स्थल के मध्य में स्थापित की जाती है।

कलश स्थापना के बाद, गणेश भगवान और माता दुर्गा जी की आरती से, नौ दिनों का व्रत प्रारंभ किया जाता है। कई व्यक्ति पूरे नौ दिन तो यह व्रत नहीं रख पाते हैं किन्तु प्रारंभ में ही यह संकल्प लिया जाता है कि व्रत सभी नौ दिन रखने हैं अथवा नौ में से कुछ ही दिन व्रत रखना है।

### मां दुर्गा को प्रसन्न करने के अचूक और सरल उपाय

चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा को मनाने के लिए भक्त कई तरह से तप करते हैं। कोई उपवास रखता है तो कोई निर्जल रहता है। यहां तक कि कुछ ऐसे भक्त भी होते हैं जो अपने शरीर को कष्ट देकर, कठोर तप करते हुए मां की कृपा पाने के लिए हरसंभव कोशिश करते हैं।

लेकिन यहां हम कुछ आसान उपाय बता रहे हैं जिन्हें एक गृहस्थ व्यक्ति भी पूरा आस्था से आजमाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है। और मां का आशीर्वाद जिस भक्त को मिल जाता है। उसकी हर मुराद मां दुर्गा पूरी करती हैं।

- नौ दिनों तक माता का जागरण करें। आप मंदिर में भी रतजगा कर सकते हैं। क्योकि संपूर्ण उत्तर भारत के दुर्गा मंदिरों में नवरात्र के दिनों में मां का सोलह श्रंगार किया जाता है। तो वहीं गुजरात और महाराष्ट्र में गरबे का आयोजन रात भर होता है।
- इन नौ दिनों में मां की आराधना करते हुए अपने परिवार की खुशहाली का कामना करते हुए पूजा अर्चना करें।
- नौ दिन उपवास रखें। उपवास करने से हमारे शरीर स्वस्थ्य हो जाता है।
- नौ दिनों देवी मां दुर्गा के मंदिर में सोलह श्रंगार की वस्तुएं अर्पित करें। यदि महिलाएं ऐसा करती हैं तो उनके पति दीर्घायु होते हैं।
- घर में पूजा स्थल के पास नौ दिनों के लिए गाय के शुद्ध देसी घी अखंड ज्योत जलाएं। ध्यान रखें जो भी अखंड ज्योत में घी डालने का कार्य करे वह घर से कहीं बाहर नहीं जाए।
- अष्टमी और नवमी के दिन पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा का पूजन करें। ऐसा करने से मां दुर्गा अपने भक्तों की हर मुराद को जल्द से जल्द पूरी करती हैं।
- यदि नवरात्र में व्रत कर रहे हों तो ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करें। यदि आप ऐसा नहीं करते तो मां दुर्गा नाराज भी हो सकती हैं। और आपकी मनोकामना अधर में भी लटक सकती हैं। इसलिए इस बात को विशेष ध्यान दें।

## कोलकाता का दुर्गा पूजा : सामाजिक चेतना की प्रस्तुति

बंगाल का विश्व प्रसिद्ध दुर्गापूजा अपनी सज्जा, थीम व कलाकारी को लेकर हर बार चर्चा में होती है। इस बार भी उत्तर कोलकाता में बना एक पंडाल चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पंडाल में यौन र्किमयों के जीवन और संघर्ष की दास्तां को उभारा गया है। उत्तर कोलकाता में अहिरिटोला युवकवृंद दुर्गा पूजा पंडाल तक जाने वाली सड़कों पर इस थीम को लेकर पेंटिंग भी बनाई गई हैं। इस पंडाल में सेक्स वर्कर्स के जीवन और उनके संघर्ष को दर्शाने की कोशिश की गई है। पंडाल को जाने वाली सड़क पर 300 फुट लंबी पेंटिंग बनाने के अलावा दोनों तरफ की दीवारों पर पेंटिंग बनाई गई है। पेंटिंग के माध्यम से सेक्स वर्कर के संघर्ष और उन परिस्थितियों को भी दिखाने की कोशिश की गई है जिसकी वजह से उन्हें यह काम करना पड़ता है। इस पंडाल के माध्यम से उत्तर कोलकाता के चर्चित रेड लाइट एरिया सोनागाछी को दर्शाने की कोशिश की गई है। मालूम हो कि सोनागाछी में हजारों की संख्या में सेक्स वर्कर रहती हैं। पंडाल की थीम को 'उत्सारितो अलो' दिया गया है। इस



**मां दुर्गा की इन मूर्तियों को केवल मिट्टी से ही तैयार किया जाता है। इसके लिए नदी के किनारे की मिट्टी का उपयोग किया जाता है। इसमें किसी भी तरह की अन्य चीज नहीं मिलाई जाती है। आपको जानकर हैरत होगी कि इस मूर्ति की शुरुआत के लिए मूर्तिकार सबसे पहले उस स्थान की मिट्टी लाते हैं जिसे समाज से अलग माना जाता है। यह वह रेड लाइट इलाके होते हैं जहां पर देह व्यापार करने वाली महिलाएं रहती हैं। ऐसा करने के पीछे भी एक बड़ा कारण है। दरअसल, प्राचीन समय से इस तरह का काम करने वाली महिलाओं को समाज से अलग माना जाता रहा है। उनकी धार्मिक अनुष्ठानों में भी भागीदारी या तो नहीं रही या फिर नाम मात्र की ही रही है। ऐसे में दुर्गा पूर्जा के दौरान उनके यहां की मिट्टी से मां दुर्गा की मूर्ति की शुरुआत करने को माना जाता है कि इस बड़े धार्मिक अनुष्ठान में उनको भी विधिवत तौर पर शामिल किया गया है।**

थीम से दुर्गा पूजा के आयोजनकर्ता इन सेक्स वर्कर्स की समाज में सहभागिता और बढाने और उन्हें वह सम्मान देने की कोशिश कर रहे जिसकी वो हकदार हैं। बता दें दुर्गा पूजा के दौरान दुर्गा की मूर्ति बनाने के लिए इस्तेमाल मिट्टी में किसी वैश्यालय की मिट्टी मिलाने का चलन है।

अहिरिटोला युवकवृंद दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम साहा ने कहा, 'हमारे रूढ़ीवादी समाज ने हमेशा से ही सेक्स वर्करों को उपेक्षा की नजर से देखा है। हम यह महसूस करने में असफल रहे हैं कि वे भी किसी की मां और बहन हैं। उनके पास भी एक परिवार है। लोगों की प्रताड़ना और घृणा की जगह उन्हें भी सम्मान और प्यार से जीवन जीने का अधिकार होना चाहिए।'

इस थीम को जमीन पर उतारने और कलाकृतियों को पेंट करने के लिए सेक्स वर्कर्स के लिए काम करने वाले एनजीओ दुरबार महिला समन्वय कमेटी को आमंत्रित किया गया था। संगठन की सचिव काजोल बोस ने कहा, 'हम पूजा समिति की पहल से बहुत खुश हैं और इस विषय को पूजा का केंद्र बनाना बहुत अच्छा लगा।

रंगोली बयां करेगी सोनागाछी रेड लाइट एरिया के यौनर्किमयों के संघर्ष की कहानी

महालया के साथ ही पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े त्यौहार दुर्गापूजा का शुभारंभ हो गया। हर साल महानगर समेत राज्य भर में विभिन्न पूजा आयोजकों की ओर से विभिन्न थीम आधारित पूजा पंडाल, प्रतिमाएं व मंडप, लाइट आदि की सजावट की जाती है। वहीं इस बार उत्तर कोलकाता स्थित अहिरीटोला यूथ एसोसिएशन की ओर से सोनागाछी की यौन र्किमयों को लेकर एक रंगोली (भित्ति चित्र) बनाई गई है। इस रंगोली के माध्यम से एशिया के सबसे बड़े रेड लाइट एरिया सोनागाछी की सेक्स वर्कर्स के जीवन व उनके संघर्ष को उकेरने की कोशिश की गई है। अहिरीटोला इलाके में 300 फीट लंबी सड़क पर रंगोली को बनाया गया है। अहिरीटोला युवकवृंद पूजा कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम साहा ने कहा कि इस रंगोली के पीछे हमारा उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है ताकि वे यौन र्किमयों के जीवन और संघर्ष को जान सकें। उन्होंने कहा कि रंगोली के माध्यम से अहिरीटोला से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित सोनागाछी के यौनकर्मियों के जीवन को दर्शाया गया है।